





# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 70

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

गुरुवार | 21 दिसंबर, 2023

# हमें अलर्ट रहने की जरूरत, पर घबराने की नहीं: मनसुख मंडाविया

## केरल में कोरोना के मामलों में तेजी, 24 घंटे में 292 नए मामले, 3 की मौत

- केरल में तेजी से बढ़ रहा है कोरोना का जेएन.1 वेरिएंट
- हर पॉजिटिव मरीज की होगी जिनोम सिक्केंसिंग
- गाजियाबाद में मास्क पहनने की सलाह
- कोरोना के नए वेरिएंट ने दुनिया की बढ़ाई मुश्किल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केरल में कोरोना के नए मामले अचानक से तेजी से बढ़ने लगे हैं। बुधवार को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, केरल में पिछले 24 घंटे में 292 नए सक्रिय मामले सामने आए हैं और 3 कोरोना पीड़ितों की मौत हुई। मंत्रालय के अनुसार देश में कोरोना के 341 नए मामले सामने आए हैं। जिसमें दिल्ली और गुजरात में तीन-तीन, महाराष्ट्र में 11, तमिलनाडु में 13, तेलंगाना में 4, कर्नाटक में 9 मामले दर्ज किए गए हैं। कोरोना के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। भारत में एक बार फिर से कोरोना महामारी पैर पसार रहा है। कोरोना के नए वैरिएंट जेएन.1 से लोगों में डर पैदा कर दिया है। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने बुधवार को कोरोना के बढ़ते केसों और सांस लेने संबंधी बीमार लोगों की बढ़ती संख्या को देखते हुए राज्यों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि अलर्ट रहने की जरूरत है लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है।

### बैठक में इन लोगों ने लिया भाग

ऑनलाइन बैठक में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों, अधिकारी समेत कई लोग शामिल हुए। इस दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं और तैयारियों के साथ ही संक्रमण की रोकथाम के उपायों पर चर्चा की गई। बता दें, आईसीएमआर के निदेशक डॉ. राजीव बहल, नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके पॉल और आईसीएमआर की पूर्व महानिदेशक डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने भी इस बैठक में भाग लिया।

### 'कोविड से बचाव की सावधानी अपनना जरूरी'

देश में फैल रहे कोरोना के इस नए वैरिएंट को देखते हुए डॉक्टर जुगल ने लोगों से सावधानी बरतने को कहा है। अगर किसी को खांसी-जुकाम होता है तो वह कोविड की जांच नहीं कराता है। निमोनिया होने पर जब वह भर्ती होता है, तब डॉक्टर जांच कराता है। कोविड की जांच में तो केवल संक्रमण की पुष्टि होती है। नए वेरिएंट का पता जीनोम सीक्केंसिंग से होता है। मुद्दा यह है कि पूरे इंडिया में यह सिक्केंसिंग नहीं होती है। अब नए वेरिएंट की पहचान हुई है, तो सबसे पहले यह देखा जाएगा कि यह कितना संक्रमण करता है।

### इससे घबराने की जरूरत नहीं: वीके पॉल

नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉक्टर वीके पॉल ने कहा कि अभी एक अहम बैठक हुई। इस दौरान सारे राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्री जुड़े हुए थे। वर्तमान में, देश में कोविड-19 के लगभग 2300 सक्रिय मामले हैं। यह उछाल कोविड जेएन.1 वैरिएंट की वजह से आया है। उन्होंने कहा कि इससे घबराने की जरूरत नहीं है। पिछले दो हफ्तों में 16 लोगों की मौत हुई है। उन्हीं लोगों की मौत हुई है, जो पहले से ही अन्य बीमारियों से जूझ रहे थे।





### इन बातों का खास ध्यान

- उन्होंने कहा कि सबसे पहले स्वास्थ्य मंत्री ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से जागरूक और सतर्क रहने का अनुरोध किया। दूसरा, हमें अपनी निगरानी में सुधार करना चाहिए।
- तीसरा, राज्यों को अस्पताल की उपलब्धता के लिए पूरी तैयारी करके रखनी चाहिए। इन सब तैयारी के अलावा, मॉक ड्रिल आयोजित की जानी चाहिए। अंत में, गलत सूचना पर भरोसा न करें या फैलाएं।

### फिर बढ़ने लगा कोरोनावायरस का संक्रमण

- देशभर में आज सुबह कुल 341 कोरोनावलायरस के नए मामले दर्ज किए गए हैं, जिसमें 292 मामले केरल से हैं। इसी के साथ केरल में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 2041 हो गया है। तीन मौत के साथ केरल में कोरोनावायरस के कारण होने वाले मौतों के आंकड़ों की संख्या अब बढ़कर 72,056 हो चुकी है।
- पिछले 24 घंटों में 224 मरीज या तो ठीक हो चुके हैं या फिर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। अबतक कोविड के मामले बढ़कर 68,37,203 हो चुका है। मंगलवार को राज्य स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि केरल में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के बीच चिंता की कोई बात नहीं है, क्योंकि राज्य इस संक्रमण से लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है।
- उन्होंने कहा कि कोविड-19 मरीजों के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान करने और अस्पतालों में आइसोलेशन वॉर्ड, ऑक्सीजन बेड, आईसीयू बेड और वेंटिलेटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### यह एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने का समय

कोविड-19 पर समीक्षा बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा, यह एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने का समय है। साथ ही संपूर्ण सरकार दृष्टिकोण के साथ मिलकर काम करने का समय है। हमें अलर्ट रहने की जरूरत है, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि अस्पताल की तैयारी, निगरानी बढ़ाने और लोगों के साथ प्रभावी संचार के मॉक ड्रिल के साथ तैयार रहना महत्वपूर्ण है। हर तीन महीने में एक बार सभी अस्पतालों में मॉक ड्रिल की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, मैं राज्यों को केंद्र की ओर से सभी प्रकार के समर्थन का आश्वासन देता हूं। स्वास्थ्य राजनीति का क्षेत्र नहीं है।

### निवारक उपाय सुनिश्चित करने का आग्रह

मंडाविया ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से सर्दियों के मौसम और आगामी त्योहारों के दौरान ठंड की स्थिति को देखते हुए निवारक उपाय सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

### कोरोना के नए वेरिएंट को लेकर एनसीआर में अलर्ट

केरल में कोरोना का नया वेरिएंट जेएन-1 पाए जाने के बाद दिल्ली-एनसीआर में स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। निर्देश दिया गया है कि वर्तमान में जो कोविड पॉजिटिव मरीज सामने आ रहे हैं। उनके सैंपलों की जिनोम सिक्केंसिंग कराई जाए। स्वास्थ्य विभाग ने एक बार फिर से कोरोना बचाव के लिए गाइडलाइन जारी कर दी है। उधर, इस मुद्दे पर आज दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख एल मांडविया ने अहम बैठक बुलाई है। गाजियाबाद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर भवतोष शंखधर ने कहा, गाजियाबाद देश की राजधानी दिल्ली से सटा हुआ है। इसलिए ये अतिसंवेदनशील जनपद है। ऐसे में कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 से रोकथाम और बचाव के लिए कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करना जरूरी हो गया है। सीएमओ ने लोगों से अपील करते हुए कहा, अगर आपके आसपास कोविड पॉजिटिव मरीज पाया जाता है तो उसकी सूचना कंट्रोल रूम के नंबर- 9910426374, 8826797248 पर दें।

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी की गाइडलाइन

- बाजारों, मंडियों व अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग, हैंड सैनेटाइजर का प्रयोग करें।
- वृद्धों एवं बच्चों को भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ले जाने से बचा जाए।
- किडनी, लीवर, हृदय, डायबिटीज जैसे रोगियों को घर से बाहर निकलने से बचना चाहिए।
- सर्दी, जुकाम या फ्लू के लक्षण होने पर नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचकर कोविड जांच कराएं।
- शादी समारोहों या अन्य आयोजनों में कोविड प्रोटोकॉल का पालन करें।

> "हमने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया के साथ बैठक की और मूल रूप से उन्होंने हमें तैयारी जारी रखने, निगरानी रखने और परीक्षण करने को कहा है... उन्होंने कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है... कोई दिशानिर्देश नहीं है और गतिविधियों और जमावड़ों पर कोई प्रतिबंध नहीं है, लेकिन हम लोगों को सलाह देते हैं कि जब वे भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाएं तो सावधानी बरतें, और बेहतर होगा कि वे मास्क पहनें।
> -दिनेश गुंडू राव, कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री



**एक-मुलाकात** नई दिल्ली। जन एक्सप्रेस के प्रबंध सम्पादक मनोज तिवारी ने बुधवार को गृह मंत्री भारत सरकार अमित शाह से मुलाकात की, इस दौरान कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर भी मौजूद रहे। श्री शाह ने जन एक्सप्रेस के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। jan-expressphoto





# राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों का एलान शमी समेत 26 को अर्जुन अवॉर्ड

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

खेल पुरस्कारों के लिए नाम का एलान हो गया है। भारत के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी समेत 26 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, मेजर ध्यानचंद खेल रत्न सम्मान के लिए भारत के दो युवा बैडमिंटन स्टार को चुना गया है। इस साल के लिए खेल रत्न पुरस्कार चिराग शेट्टी और सात्विकसाइराज रैंकीरेड्डी को दिया जाएगा। इन दोनों ने दुनिया भर में बैडमिंटन युगल में भारत का नाम रोशन किया है। खेल मंत्रालय ने इन सभी नामों की पुष्टि की है। सभी खिलाड़ी जनवरी में सम्मानित किए जाएंगे और इसके लिए विशेष आयोजन होता है। उसी दौरान यह खेल पुरस्कार दिए जाएंगे। खिलाड़ी राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किए जाएंगे। खेल मंत्रालय के मुताबिक 26 एथलीट्स अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित होंगे। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों का चयन उस साल उनके प्रदर्शन को देखकर किया जाता है। खेल विभाग उनके नाम की सिफारिश करती है। अर्जुन अवॉर्ड्स पाने वालों कि लिस्ट में लंबी कूद के एथलीट श्रीशंकर, स्टार पैरा एथलीट शीतल देवी, स्टार महिला हॉकी प्लेयर सुशीला चानू समेत 26 एथलीट्स शामिल हैं। खेल मंत्रालय के मुताबिक, अलग-अलग समितियों की सिफारिशों के आधार पर और पूरी जांच पड़ताल के बाद सरकार ने इन सभी खिलाड़ियों, कोचों और संस्थाओं को अवॉर्ड के लिए चुना है। मंत्रालय ने सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों, कोचों और संस्थाओं की सूची भी जारी की है।

### राष्ट्रीय खेल पुरस्कार में सम्मानित किए जाएंगे ये एथलीट

**खेल रत्न अवॉर्ड**

| नाम | खेल |
|---|---|
| चिराग शेट्टी | बैडमिंटन |
| सात्विकसाईराज | बैडमिंटन |

**अर्जुन अवॉर्ड**

| नाम | खेल |
|---|---|
| ओजस प्रवीण देवताले | तीरंदाजी |
| आदिति गोपीचंद स्वामी | तीरंदाजी |
| श्रीशंकर | एथलेटिक्स |
| पारुल चौधरी | एथलेटिक्स |
| मोहम्मद हुसामुद्दीन | बॉक्सिंग |
| आर वैशाली | शतरंज |
| मोहम्मद शमी | क्रिकेट |
| अनुश अग्रवाल | घुड़सवारी |
| दिव्यकृति सिंह | घुड़सवारी |
| दीक्षा डागर | गोल्फ |
| कृष्ण बहादुर पाठक | हॉकी |
| सुशीला चानु | हॉकी |
| पवन कुमार | कबड्डी |
| रितु नेगी | कबड्डी |
| सरीन | खो-खो |
| पिंकी | लॉन बॉल्स |
| ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर | शूटिंग |
| ईशा सिंह | शूटिंग |
| हरिंदर पाल सिंह | स्क्वैश |
| अयहिका मुखर्जी | टेबल टेनिस |
| सुनील कुमार | रेसलिंग |
| अंतिम | रेसलिंग |
| रोशी बिना देवी | वुशु |
| शीतल देवी | पैरा आर्चरी |
| अजय कुमार | ब्लाइंड क्रिकेट |
| प्राची यादव | पैरा कैनोइंग |

# किसान दिवस पर सीएम योगी जाएंगे मुरादाबाद, चौधरी चरण सिंह की 51 फीट ऊंची प्रतिमा का करेंगे अनावरण

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसान दिवस के मौके पर मुरादाबाद में किसान नेता चौधरी चरण सिंह की 51 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके बाद बिलारी में जनसभा में भाग लेंगे। इसकी तैयारियों को लेकर गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने अधिकारियों के साथ बैठक की। सीएम के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने भी तैयारी शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री बिलारी के गांव अभनपुर में बन रही पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। डीएम और एसएसपी ने अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ ढकिया नरू गांव के पास स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर मौके का जायजा लिया। डीएम और एसएसपी ने पहले चौधरी चरण सिंह की 51 फीट की ऊंची निर्माणाधीन प्रतिमा का बारीकी से अवलोकन किया। इसके बाद प्रतिमा के पीछे बन रहे भवनों का जायजा लिया। उन्होंने प्रतिमा के नीचे बन रहे चबूतरे के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# कोहरे ने धीमी कर दी ट्रेनों की रफ्तार

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

कोहरे ने ट्रेनों की रफ्तार धीमी कर दी है। जिससे ट्रेन अपने निर्धारित समय से घंटों लेट चल रही है। कड़ाके की ठंड में मुसाफिरों को परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। मंगलवार के साथ बुधवार को भी कई ट्रेनें देरी से पहुंचीं। टाटा नगर से अमृतसर के बीच चलने वाली जलियावाला बाग एक्सप्रेस (18103) मंगलवार को छह घंटे देरी से मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंची। धनबाद से फिरोज के बीच चलने वाली गंगा सतलुज एक्सप्रेस (13307) एक घंटे देरी से आई। हावड़ा से ऋषिकेश के बीच चलने वाली दून एक्सप्रेस (13009) तीन घंटे देरी से मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पहुंची। अयोध्या से दिल्ली के बीच चलने वाली (14205) एक्सप्रेस ट्रेन तीन घंटे लेट आई। गुवाहाटी जम्मूतवी के बीच चलने वाली लोहित एक्सप्रेस (15651) निर्धारित समय से देरी से पहुंची। दरभंगा से अमृतसर के बीच चलने वाली जननायक एक्सप्रेस (15211) एक घंटे 44 मिनट लेट आई। गजरौला अलीगढ़ पैसेंजर (04394) डेढ़ घंटे, ऋषिकेश चंदौसी पैसेंजर (04360) एक घंटे लेट आई।

कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

**रिपोर्ट** प्रदेश में अब बुजुर्ग पिता के अधिकारों का हनन करने वाले बेटों, रिश्तेदारों को पुलिस जबरन उनकी संपत्ति से बेदखल करेगी

# 30 दिन में नालायक बेटे को संपत्ति से बेदखल कर सकेंगे माता-पिता

- इसके लिए प्रस्तावित वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम 2014 को संशोधित किया जाएगा
- समाज कल्याण विभाग वकीलों से सलाह लेने के बाद सीएम योगी के समक्ष इस नवीनतम नियमावली को प्रस्तुत करेगा

**जन एक्सप्रेस । डॉ.वैभव शर्मा**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अब बुजुर्ग पिता के अधिकारों का हनन करने वाले बेटों को पुलिस जबरन उनकी संपत्ति से बेदखल करेगी। इसके लिए योगी सरकार यहां एक नया कानून ला रही है। दरअसल, सरकार ने इन मामलों का संज्ञान लिया है जिनमें बड़ी तादाद में घरों में माता-पिता बहू बेटों की प्रताड़ना से परेशान हैं। या तो वह संपत्ति अपने नाम करवाने के लिए ऐसा करते हैं, या फिर संपत्ति अपने नाम करवाने के बाद माता-पिता को प्रताड़ित करना शुरू कर देते हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार योगी सरकार उत्तर प्रदेश में संपत्ति पर अधिकार से जुड़ी



नियमावली में संशोधन करने जा रही है। इसके लिए प्रस्तावित वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम 2014 को संशोधित किया जाएगा। इसके तहत समाज कल्याण विभाग वकीलों से सलाह लेने के बाद सीएम योगी के समक्ष इस नवीनतम नियमावली को प्रस्तुत करेगा। इस प्रस्ताव में रिश्तेदारों और संतानों को उनके बुजुर्ग माता-पिता को परेशान करने वाली संपत्ति से हटाने की प्रक्रिया को और आसान बनाया जा रहा है। 30 दिन के अंदर संतान को संपत्ति से बेदखल करने में पुलिस भी माता-पिता की मदद करेगी।

### पूर्ववर्ती नियमावली के उद्देश्यों को पूरा करने में सक्षम नहीं पाया

उत्तर प्रदेश में 2014 में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम बनाया गया है। यह 2007 के केंद्र सरकार द्वारा माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण और कल्याण अधिनियम (जिसकी नियमावली 2014 में जारी की गई) पर आधारित है। इस नियम के तहत भरण पोषण का अधिकार जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिया गया है। ऐसे में राज्य में सप्तम विधि आयोग ने पूर्ववर्ती नियमावली को उद्देश्यों को पूरा करने में सक्षम नहीं पाया, इसलिए नियम 22 (क), 22 (ख) और 22 (ग) को बढ़ाने की सिफारिश की गई। इसके बाद, वरिष्ठ नागरिकों का ध्यान न रखने पर बच्चों या रिश्तेदारों को उस संपत्ति से बेदखल करने का कानून बनाया गया।

### अगर आप आवेदन देने में असमर्थ हैं तो किसी संस्था से आवेदन कर सकते हैं

यह प्रस्ताव वरिष्ठ नागरिकों को उनकी संपत्ति से संतानों को हटाने की अनुमति देता है। अगर आप आवेदन देने में असमर्थ हैं तो किसी संस्था से आवेदन कर सकते हैं। प्राधिकरण या ट्रिब्यूनल को बेदखल का आदेश देने का अधिकार होगा। साथ ही, आदेश जारी होने के 30 दिनों के अंदर कोई व्यक्ति वरिष्ठ नागरिक की संपत्ति से खुद को बेदखल नहीं मानता है, तो अधिकरण या ट्रिब्यूनल बुजुर्गों को संपत्ति पर कब्जा दिलाने में मदद करेंगे। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर पुलिस भी बच्चों को संपत्ति से बेदखल कराने में बुजुर्गों की मदद करेगी।

# उपलब्धि: देश के टॉप यूनिवर्सिटी में शामिल हुआ पूर्वांचल विश्वविद्यालय

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने नैक ग्रेडिंग में ए प्लस प्लस ग्रेड प्राप्त किया है। इस पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों व कर्मचारियों ने एक दूसरे को बधाई देकर खुशी जाहिर की है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने लंबी कवायद के बाद राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद (नैक) में ए प्लस प्लस ग्रेडिंग प्राप्त की है। विश्वविद्यालय में नैक की टीम ने तीन से पांच दिसंबर तक स्थलीय निरीक्षण किया था। इसके बाद परिणाम जारी किया गया है। परिणाम की जानकारी होते ही विश्वविद्यालय में जश्न का माहौल हो गया। शिक्षक-कर्मचारी सभी एक-दूसरे को बधाई देने लगे। विश्वविद्यालय ने वर्ष 2016 में नैक में बी प्लस ग्रेड प्राप्त किया था, जो 2020 में समाप्त हुआ था।

# राज्यपाल ने जिला कारागार का निरीक्षण कर बंदी महिलाओं से किया संवाद

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल ने बुधवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल में बंद महिलाओं से वार्ता की। इसके बाद आंगनबाडी केन्द्र का निरीक्षण किया। साथ ही जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय का भ्रमण किया।

प्रदेश की राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल ने बुधवार को जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान महिला बैरक में राजकीय महाविद्यालय की 40 की छात्राओं को महिला बंदियों से संवाद कर किन परिस्थितियों में उनसे अपराध हुआ, उनकी पारिवारिक दशा क्या है, अपराध करने के बाद उन पर क्या प्रभाव पड़ा, जेल में उनके स्वास्थ्य सुधार और पुनर्वास की क्या व्यवस्थाएं हैं। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने छात्राओं और महिला बंदियों से संवाद किया, उनके अनुभव जाने। राज्यपाल ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से महिलाओं के प्रति अपराध रोकने के



लिए स्थानीय स्तर पर न्याय समितियां गठित करने की बात को कहा। उन्होंने कारागार में निरुद्ध सभी महिलाओं से कारागार में किसी भी प्रकार की समस्या न होने, सभी प्रकार की अनुमन्य सुविधाएँ मिलने, उनके बच्चों को पौष्टिक आहार मिलने की बात कही।

राज्यपाल ने सुझाव दिया कि डिग्री कॉलेज की छात्राओं के साथ समय-समय पर महिलाओं का संवाद होता रहे व उनके साथ रस्सा कसी, म्यूजिकल चेयर जैसी प्रतियोगिताएं कारागार में कराई जाएं। उन्होंने पाकशाला का भी भ्रमण किया। रसोई में बन रहे भोजन को देखा। पाकशाला की स्वच्छता और भोजन की प्रशंसा की गई। कारागार निरीक्षण से पूर्व सभी महिलाओं को नई साड़ियाँ, स्वेटर, चप्पले और उनके बच्चों को गर्म कपड़े, खिलौने, चॉकलेट उनके लिए कुर्सियां दी गयीं। कारागार के विद्यालय में महिला बंदियों की शिक्षा के लिए 65 इंच का एक स्मार्ट बोर्ड और महिला बंदियों के स्नान के लिए गीजर उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। इसके बाद उन्होंने आंगनबाडी केन्द्र का निरीक्षण किया। साथ ही केन्द्र गोद भराई भी की। इसके बाद उन्होंने जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। उन्होंने शाम के समय रामघाट में गंगा आरती भी की।

# आयुर्वेद चिकित्साधिकारी बनकर प्रतिमा ने रोशन किया क्षेत्र का नाम

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

समाज में दहेज के लिए बेटियों को प्रताड़ित किया जाता है, लेकिन ऐसे भी परिवार हैं जो बहू को बेटी मानकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। जिला मुख्यालय की प्रतिमा त्रिपाठी ने शादी के बाद पति और सास-ससुर के प्रोत्साहन और अपनी खुद की मेहनत से अपनी पढ़ाई जारी रखी है और आयुर्वेद चिकित्साधिकारी बनकर घरेलू महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी हैं। वह अपनी कामयाबी का श्रेय सास-ससुर और पति को देती हैं। पकौवा देवी संस्कृत महाविद्यालय मानिकपुर के प्राचार्य एवं सरैया निवासी स्व



राममिलन त्रिपाठी की बेटी प्रतिमा शुरू से ही पढ़ने में होशियार थी। उन्होंने अपनी पढ़ाई आदर्श इण्टर कॉलिज मानिकपुर से पूरी की है। इसके बाद उन्होंने गवर्नमेंट आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलिज जबलपुर से बीएएमएस किया। इसके बाद पिता ने प्रतिमा की शादी कर्वी के हरिकृष्ण मिश्र के साथ कर दी। जहां ससुराल में भी पढ़ाई जारी रखने के लिए ससुरालीजनों ने प्रोत्साहित किया। जिसके बाद प्रतिमा परिश्रम से सफलता का परचम लहरा दिया और अपने पहले ही प्रयास में यूपी लोक सेवा आयोग द्वारा संचालित प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण कर आयुर्वेद चिकित्साधिकारी बन गई। उनके अफसर के पद पर चयन होने पर उनके परिवार व पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। प्रतिमा अपनी कामयाबी का श्रेय अपने सास-ससुर, पति और अध्यापकों को देती हैं। उनकी प्रेरणा के श्रोत उनके ससुर लवकुश मिश्रा हैं, जो बैंक अधिकारी के पद से सेवानिवृत होने के बाद अपनी बहू के सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया। वर्तमान समय में प्रतिमा फर्रुखाबाद मेडिकल कॉलिज से मास्टर ऑफ सर्जरी (एमएस) की तैयारी कर रही हैं। गृहणियों के लिए प्रेरणा श्रोत बनी प्रतिमा का कहना है कि शिक्षा में ही विकास का मूल व्याप्त है। शिक्षा एक ऐसा यंत्र है, जो सभी को जीवन में आगे बढ़ने और कामयाब होने के साथ ही जीवन में कठिनाइयों और चुनौतियों पर जीत प्राप्त करने की क्षमता देती है। इसलिए सभी को परिश्रम से पीछे नहीं हटना चाहिए। पूरा समाज डॉ प्रतिमा और उनके परिवार की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हर्ष व्यक्त किया।

## वाहन की टक्कर से घायल वृद्ध की मौत

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** एक सप्ताह पूर्व घर जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से घायल हुए वृद्ध की मेडिकल कालेज में उपचार के दौरान कल शाम मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कालिंजर थाना क्षेत्र के गुढ़ाकलां के मजरा भुसराहट निवासी श्रीपाल (68) पुत्र मंगी पिछले मंगलवार को राशन की दुकान से घर जा रहा था, तभी रास्ते में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया। वहां से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, वहां उपचार के दौरान मंगलवार की शाम को उसकी मौत हो गई। मृतक किसानी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। उसके तीन पुत्र और चार पुत्रियां हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दी

जन एक्सप्रेस | बांदा

जीएसटी सलाहकार की पत्नी ने मंगलवार की शाम को बरामदे मे दुपट्टे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पाकर पहुंचे पति ने देखा तो अपने साले को फोन पर सूचना दी। खबर पाकर एसपी और पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गयी। पति ने बताया कि उसकी पत्नी मानसिक तौर पर बीमार थी। इसके पहले भी वह आत्महत्या का प्रयास कर चुकी थी। जबकि पिता ने दहेज में चार पहिया गाड़ी न देने पर जान से मार देने का आरोप लगाया है।

फिलहाल पुलिस ने पति को हिरासत मे ले लिया है।

शहर के छोटीबाजार मोहल्ला निवासी पूजा (27) पत्नी शोभित गुप्ता ने मंगलवार की शाम को सूने घर में बरामदे पर दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय मृतका की सास बाजार गयी हुई थी। जबकि पति जेल के पास गोदाम में काम कर रहा था। सूचना पाकर पति मौके पर पहुंचा और मृतका के भाई को सूचना दी। देहात कोतवाली के लामा गांव निवासी मृतका के भाई मोनू और पिता दुर्गा प्रसाद मौके पर पहुंच गये। घटना की खबर पाकर एसपी अंकुर अग्रवाल और पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। शव को फंदे से नीचे उतारकर कब्जे मे ले लिया। मृतका के पिता दुर्गा प्रसाद ने बताया कि वर्ष-2018 में उसने अपनी बेटी की शादी की थी। दहेज में चार पहिया वाहन की मांग की जा रही थी। न देने पर उसकी बेटी को मौत के घाट उतारने के बाद शव को फंदे पर लटका दिया गया। जबकि पति शोभित का कहना है कि उसकी पत्नी पूजा मानसिक तौर पर बीमार थी। इसके पहले भी वह आत्महत्या का प्रयास कर चुकी थी।

## ठंड में गौवंशों की हालत बदतर

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** जनपद में लगातार ही गौवंशो के मद्देनजर खबरे प्रकाशित होती रहती है लेकिन फिर भी जिम्मेदार अपनी उदासीनता से बाज नहीं आते। वहीं इसी के चलते विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के पदाधिकारियों ने बुधवार को मुंगूस गौशाला में जाकर निरीक्षण कार्य किया। इसकी पूरी जानकारी देते हुए समिति के जिलाध्यक्ष महेश प्रजापति ने बताया कि गौशाला में चार गौवंश बीमार और मरणासन्न अवस्था में मिले। जिनका उपचार नही किया गया था जिस पर तुरंत पशु चिकित्सा अधिकारी को फोन कर सूचित किया गया। वहीं डॉक्टर ने बताया कि गौशाला में हमें कोई किसी गौवंश के बीमार होने पर सूचना नहीं दी जाती और न ही बुलाया जाता है। जिलाध्यक्ष ने आगे बताया कि मौके पर देखा गया कि गौवंशो को केवल पुआल ही खिलाया जा रहा है और भूसा कभी कभी ही दिया जाता है तथा पानी इतना गंदा पाया गया जो कि पीने के योग्य नहीं था।

# भ्रष्टाचार में लिप्त रोडवेज के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | बांदा

रोडवेज परिवहन निगम बांदा में लम्बे अर्से से भ्रष्टाचार के साये में जी रहे चालकों परिचालकों ने हिम्मत दिखाकर भ्रष्टाचार की शिकायत एण्टी करप्शन से कर दी। जिसके चलते मुख्यालय स्थित रोडवेज डिपो में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक लक्ष्मण सिंह की बुधवार को एण्टी करप्शन अधिकारियों द्वारा गिरफ्तारी की गयी। जानकारी के अनुसार रोडवेज डिपो में तैनात सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक लक्ष्मण सिंह लम्बे अर्से से रोडवेज चालकों और परिचालकों से अवैध वसूली कर रहे है। चालकों परिचालकों ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई और न ही कोई कार्यवाही हुई। रोडवेज चालक नवल किशोर, जो संविदा ड्राइवर है बांदा से लखनऊ चलता है। एआरएम इस ड्राइवर को संविदा समाप्त की धमकी देकर आये दिन रिश्वत मांगता था। जिससे परेशान होकर नवल ने इसकी शिकायत एण्टी करप्शन से कर दी। बुधवार की दोपहर टीम ने नवल से 11 हजार रूपये की रिश्वत लेकर एआरएम को रंगे हांथों पकड लिया। मिली जानकारी के अनुसार एण्टी करप्शन टीम के अधिकारियों ने एआरएम को कोतवाली ले गयी। वहीं पर रोडवेज विभाग के परिचालक उमा तिवारी ने बताया कि सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक की जब से रोडवेज में तैनाती हुई तब से लगातार चालकों परिचालकों को परेशान किया जाता था। रूड ऑफ करके रूड ऑन के बदले चालकों - परिचालकों से लगातार रूपया मांगा जाता था। न देने पर चालकों परिचालकों को निकाल देता था। परिचालक उमा तिवारी ने बताया कि रूड ऑन करने के लिये मुझे 20 हजार रूपये मांगे थे, न देने पर मुझे नौकरी से बाहर कर दिया। इसी तरह पैसा न मिलने के कारण सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने लगभग 50 चालकों परिचालकों की सेवा समाप्त कर दी है। तिवारी ने यह भी बताया कि गाड़ी रोक करके रास्ते में चेकिंग की जाती थी। उस पर भी पैसा न देने पर गलत रिपोर्ट लगा दी जाती थी। बता दें कि विगत 14 सितम्बर 2023 एआरएम की प्रताडना से तंग आकर बांदा डिपो की बस लेकर प्रयागराज गये एक बस परिचालक ने बस के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना को लेकर चालकों परिचालकों में आक्रोश व्याप्त था। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक की रिश्वतखोरी से तंग आकर परिचालक नवल ने एण्टी करप्शन टीम से शिकायत की थी जिसके चलते बुधवार को इस टीम ने रोडवेज पहुंचकर उन्हें रिश्वत लेते हुये रंगे हांथ पकड़ लिया।

### बांदा डिपो में पहले भी दबोच चुकी है एण्टी करप्शन टीम, फिर भी नहीं रुकी रिश्वतखोरी

**बांदा।** भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा रोडवेज डिपो में लगातार चरम सीमा पर रही है। रिश्वत के मामले पर चालकों परिचालकों को परेशान करने का मामला आज का नहीं है इसके पहले भी भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों ने रिश्वत के नाम पर चालकों परिचालकों को परेशान कर चुके हैं। इन्हीं की शिकायत पर विगत सालों पहले रोडवेज डिपो बांदा के अधिकारी कर्मचारी रिश्वत लेने के मामले में एण्टी करप्शन टीम की गिरफ्त में आ चुके हैं। पकड़े गये अधिकारियों कर्मचारियों के कारनामों को देखकर भी अभी तक रोडवेज के कर्मचारी अधिकारी सबक नहीं सीख पाये। लगातार इन अधिकारियों द्वारा भ्रष्टाचार में लिप्त होकर बसों में चलने वाले चालकों परिचालकों से रिश्वत के लिये परेशान करते हैं जिसका जीता जागता उदाहरण बुधवार को एण्टी करप्शन टीम द्वारा दबोचे गये सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज चालकों परिचालकों के अनुसार विगत कई दिनों से एआरएम लक्ष्मण सिंह जैसा भ्रष्ट अधिकारी नहीं आया है। एण्टी करप्शन टीम द्वारा इनको गिरफ्तार करने के बाद चालकों परिचालकों ने रोडवेज में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और यह कहते नजर आये कि फिलहाल रोडवेज डिपो में भ्रष्टाचार का साम्राज्य खत्म हो गया है।



# नहर पटरी पर गिरी बाइक एक युवक की मौत

जन एक्सप्रेस | बांदा

बाजार से सब्जी की खरीदारी करने के बाद दो युवक बाइक से घर जा रहे थे। नहर पटरी के पास बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इस हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे घायल युवक को सीएचसी अतर्रा में भर्ती कराया गया। वहां से उपचार के बाद कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। इधर, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अतर्रा कस्बे के सउवा का पुरवा निवासी बसंत कुशवाहा (25) पुत्र छेदीलाल मंगलवार की शाम को सब्जी लेने के लिए अतर्रा आया था। रात को बाइक से वह गांव जा रहा था, तभी रास्ते में उसके ही गांव का रहने वाला दीपू यादव पुत्र धर्मराज (28) मिल गया। दोनो बाइक बाइक में बेठकर गांव जा रहे थे, तभी रास्ते में नहर पटरी के पास बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इस हादसे में बाइक चला रहे बसंत कुशवाहा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दीपू गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल को सीएचसी अतर्रा में भर्ती कराया। परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया।

# अधिक बिल भेजकर उपभोक्ताओं को किया जाता है परेशान



जन एक्सप्रेस | बांदा

जिले में ज्यादातर गांवों में घरेलू विद्युत कनेक्शन हैं जिनमें अधिकतम लोड दो तीन एलईडी बल्ब और एक दो पंखे हो सकते हैं जिसका अधिकतम लोड 200 वॉट तक माना जा सकता है जिसका बिल महीने में 50 यूनिट से भी कम होता है लेकिन विद्युत विभाग मनमानी तरीके से विद्युत बिल भेजकर वसूली करने का दबाव बनाने नोटिस जारी कर अनावश्यक दबाव बनाकर उत्पीड़न करने का काम कर रहा है। अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब 100 वॉट के बल्ब जलाये जाते थे तब बिजली बिल मात्र 200 रुपए आता था। आज 5 वॉट की एलईडी जलाने से हजारों में बिल आता है आखिर विद्युत विभाग पहले गलत था या आज गलत है। जनहित को ध्यान रखते हुए विद्युत विभाग द्वारा इस मनमानी व्यवस्था को तुरंत खत्म कर कठोर कार्रवाई किये जाने की मांग आयुक्त चित्रकूट धाम मण्डल से की है। ज्ञापन में शालिनी सिंह पटेल प्रदेश अध्यक्ष जनता दल यूनाइटेड, रवींद्र कुमार भारतीय प्रदेश अध्यक्ष श्रमिक प्रकोष्ठ जनता दल यूनाइटेड, राजेश कुमार अनुरागी कार्यवाहक जिला अध्यक्ष जेडीयू, आरती सिंह, श्रीराम, उदयराज, श्रवण, शालिनी सविता, शिवकली, रामानुज त्रिपाठी, देवराज नत्थू, लालाराम, पवन कुमार, लवलेश, भारतीय भास्कर, उर्मिला यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## दहेज हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर आरोपी पति को सजा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** दहेज हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने मृतका के पति को सात वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आठ हजार रूपए अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि बांदा जिले के फतेहगंज थाने के लगनहाई निवासी प्रेमसिंह पटेल पुत्र लोटन पटेल ने बीती 26 मई 2017 को कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रेम सिंह के अनुसार उसने अपनी बहन ज्ञान देवी की शादी मुकुंद पुर महादेवन गांव के निवासी अशोक कुमार पटेल के साथ बीती 29 मई 2014 को की थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन ज्ञान देवी का दहेज के लिए उत्पीड़न करते थे। एक लाख रूपए और भैंस की मांग को लेकर ज्ञान देवी के साथ मारपीट करते थे और कमरे में बंद कर तीन-तीन दिन तक भोजन नहीं देते थे। 19 मई 2017 को ज्ञान देवी को ससुराल में पति अशोक कुमार ने गमछे का फंदा लगाकर खींच दिया। जिससे वह बेहोश हो गयी। जिला अस्पताल लाने पर उसे प्रयागराज के लिए रिफर कर दिया गया और वहां ज्ञान देवी की मौत हो गयी।

# गरीब परिवारों के बीच वितरित किए गए कम्बल

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



शीत लहर के दृष्टिगत प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी समाजसेवी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब द्वारा कम्बल वितरण कार्यक्रम के प्रथम चरण में मौकामगढ़ के जरूरतमंदों को कम्बल वितरण कराकर कार्यक्रम का शुभारम्भ कराया गया। प्रमुख द्वार के महन्त मदनदास महाराज ने नवीन नगर परिषद भवन चित्रकूट में मौकमगढ़ गांव के आदिवासी निराश्रित, दिव्यांगों, बृद्धों को कम्बल वितरित किये। साथ ही जन जागरूकता के तहत शिक्षा एवं स्वच्छता अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब द्वारा विगत पच्चीस वर्षों से पीड़ितों एवं जरुरतमंदों के लिए ऐसे परमार्थ के कार्य किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि इनके द्वारा गर्मी में राहगीरों के लिए शीतलपेय जल उप्लब्ध कराने के लिए वाटर कूलर एवं सर्दियों में कम्बल एवं ऊनी वस्त्र जरूरतमंदों को समय समय पर दिए जाते है। दिगम्बर अखाड़ा के महन्त दिव्य जीवनदास ने कहा कि पायनियर्स क्लब द्वारा यह परमार्थ का मानवीय कार्य किया जा रहा है।

इसके पूर्व संस्था के अध्यक्ष केशव शिवहरे ने कहा कि संस्था द्वारा विगत कई वर्षों से सरकारी या गैर सरकारी अनुदान लिए बिना सदस्यों के आपसी सहयोग से विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम किये जाते है। इसी क्रम में आज मौकमगढ़ के आदिवासियों को कम्बल वितरित किये गए है। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने बच्चों को स्कूल भेजकर अच्छी शिक्षा जरूर दिलाये। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चित्रकूट नगर परिषद की अध्यक्ष साधना पटेल ने कहा कि संस्था द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्य से बहुत कुछ सीखने और करने के लिए प्रेरणा मिलती है।

इस मौके पर मत्यगेंद्रनाथ ट्रस्ट के संचालक प्रदीप तिवारी, भगवतभूषण बृजेन्द्र शास्त्री, नगर परिषद चित्रकूट सीएमओ विशाल सिंह, पार्षद विनीत त्रिपाठी, राजू त्रिपाठी, सिद्धान्त त्रिवेदी, सालिकराम, डॉ राजकुमार तिवारी, पायनियर्स क्लब के महेन्द्र केशवानी, अशोक द्विवेदी, डॉ श्रीराम अग्रवाल, डॉ सीएन सिंह, गोपीकिशन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## घर में धावा मारकर अनुसूचित जाति के युवक की हत्या करने के मामले में पांच हत्यारोपियों को आजीवन कारावास

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

ठेकेदारी के काम में ट्रैक्टर लगाने के विवाद में अनुसूचित जाति के युवक की हत्या के मामले में न्यायालय ने पांच हत्यारोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को 21 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

अभियोजन अधिकारी शशिकान्त यादव ने बताया कि बीती 2 जनवरी 2022 को सपहा गांव के निवासी किशोर उर्फ रामकिशोर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। षिकायतकर्ता के अनुसार रामराज वर्मा (35) पुत्र हरीवा ठेकेदार थे। वह गांव में ही काम करा रहे थे कि लौढिया खुर्द निवासी विनय और छिपनी निवासी विजयबहादुर नशे में धुत होकर वहां पहुंचे और ठेकेदारी के काम में अपना ट्रैक्टर लगाने को कहा। इस पर रामराज ने यह कहकर इंकार कर दिया कि उसके पास ट्रैक्टर है। इस पर दोनों ने रामराज की जेसीबी, ट्रैक्टर आदि में आग लगाने की धमकी दी। रामराज ने उनसे नशे में होने की वजह से बाद में बात करने को कहा। इसके बाद रात लगभग नौ बजे दोनों गांव के ही अजीत पटेल, सुधीर पटेल, अरुण तिवारी आदि उनके घर पहुंचे। वहां इन लोगों ने जमकर उपद्रव किया। जेसीबी, जीप आदि वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया और जबरिया घर के अंदर घुस गए।

# लिफ्ट देकर लूट करने वाले लुटेरों का पर्दाफाश

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

चार महीने पहले लिफ्ट देकर लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले गैंग के तीन सदस्य दबोच लिए गए। इस वारदात को एनएच-2 पर अंजाम दिया गया था। लुटेरों ने मोबाइल और नकदी छीनने के साथ मोबाइल का पासवर्ड पूछकर, खाते की रकम भी पार कर दिया था। औग पुलिस को लूट की रकम के साथ अभियुक्तों के पास से नाजायज तमंचा कारतूस एवं चाकू बरामद हुआ है। पुलिस लाइन में एसपी उदय शंकर सिंह ने बताया कि अभियुक्तों को बिना नंबर अपाचे बाइक एवं हाण्डा अमेज कार यूपी-78बीए/7809 में सवार थे। सात अगस्त को ग्राम आशापुर के निकट से एक व्यक्ति को कार में फतेहपुर के लिए लिफ्ट देकर बैठाकर तमंचे दिखाकर 15000 रूपये नकद व मोबाइल फोन छीन लिया गया था।



लुटेरों ने मोबाइल का पासवर्ड पूछकर मोबाइल से फोन पे एप्प के जरिये 48500 खाते में ट्रांसफर कर लिया था। थाना औंग ने 14 अगस्त को कदम सिंह ने अभियोग पंजीकृत कराया था। छिवली नदी पुलिस चौकी के समीप सुबह 8.10 बजे, शैलेन्द्र कुमार उर्फ शैलू उर्फ कार्तिक उर्फ शिवम पुत्र राकेश कुमार सोनकर निवासी कस्बा अमौली थाना (22), रोहित कुमार उर्फ मारुति पुत्र रामस्वरुप प्रजापति निवासी निवासी शाह थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर उम्र (22) और रजीत कुमार कश्यप पुत्र दिनेश कुमार कश्यप निवासी करबा अमौली थाना चांदपुर (24) को दबोचा गया। इलाकाई पुलिस ने इस वर्कआउट पुष्टि को वादी भी मौके पर बुलाया। जिसने अभियुक्त एवं वाहन की पहचान किया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियोग में अपराध धारा 401-411 मादवि. 3-4-25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी कर सभी तीन अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना मे महिला की दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** धाता थाना क्षेत्र के परसिद्धपुर गांव में बने गेट के सामने ट्रक से कुचलकर बाइक सवार एक महिला की मौत हो गयी। ग्रामीणों ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक को रोक लिया और पुलिस को सूचना दिया। पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर ट्रक व चालक को कब्जे में लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कौशांबी जनपद के बाले का पुरवा गांव निवासी हंसराज अपनी 32 वर्षीय पत्नी गुड़िया देवी को बाइक में बैठाकर राजापुर जा रहा था। जैसे ही यह लोग धाता थाना क्षेत्र के परसिद्धपुर गांव में बने गेट के सामने पहुंचे तभी मौरंग लदे ओवर लोड ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे महिला सड़क पर गिरी और ट्रक का टायर महिला के ऊपर चढ़ गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। हादसा होते ही आस-पास लोगों की भीड़ जमा हो गया। ग्रामीणों ने ट्रक को रुकवा लिया और हंगामा शुरू कर दिया।

# धरना प्रदर्शन करके शिक्षा महानिदेशक को दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

निलंबित किए गए निर्दोष कर्मचारियों को बहाल किए जाने, पुरानी पेंशन लागू किए जाने सहित अन्य मांगों को लेक यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रीयल आफीसर्स एसोसिएशन ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय प्रांगण में एक दिवसीय धरना दिया। धरने में अपनी मांगे उठाये जाने के पश्चात डीआईओएस के माध्यम से महानिदेशक, शिक्षा निदेशक व अपर शिक्षा निदेशक को ज्ञापन भेजकर सभी मांगों को शीघ्र पूरा किए जाने की आवाज उठाया।

संगठन के जनपदीय अध्यक्ष अनिल सिंह व सचिव सुशील कुमार शुक्ला की संयुक्त अगुवाई में शिक्षकों ने डीआईओएस कार्यालय में प्रांतीय आहवान पर धरना दिया। जिसमें वक्ताओं ने एनपीएस की धनराशि किसी अन्य बैंक में स्थानांतरित किए



जाने के प्रकरणों में निलंबित किए गए निर्दोष कर्मचारियों को बहाल किए जाने, दर्ज कराई गई प्राथमिकी को वापस किए जाने, शासन स्तर से उच्च स्तरीय जांच कराये जाने, पुरानी पेंशन बहाल किए जाने, सन 2023-24 में किए गए अनियमित स्थानांतरण निरस्त संशोधित किए जाने, निजी व्यय पर स्थानांतरण चाहने वाले कर्मचारियों का नवीन स्थानांतरण किए जाने, उर्दू अनुवादकों के स्थानांतरण पारस्परिक स्थानांतरण किए जाने, मंडल निदेशालय स्तर से विभिन्न वेतन क्रमों के कर्मचारियों की पदोन्नति पदस्थापन आदेश निर्गत किए जाने सहित अन्य मांगों को प्रमुखता से उठाया। कर्मचारियों व शिक्षकों का कहना रहा कि यह सभी मांगे काफी समय से उठाई जा रही है इसके बावजूद शासन की ओर से आज तक निस्तारण नहीं किया गया। जिसके चलते प्रांतीय नेतृत्व के आहवान पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया है। धरने के पश्चात डीआईओएस के माध्यम से माध्यमिक बेसिक शिक्षा के महानिदेशक, शिक्षा निदेशालय के शिक्षा निदेशक बेसिक व अपर शिक्षा निदेशक को ज्ञापन भेजकर सभी मांगों को पूरा किए जाने की मांग किया। इस मौके पर तमाम कर्मचारी व शिक्षक मौजूद रहे।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | गुरुवार | 21 दिसंबर 2023



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में आसमान में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं, किन्तु बर्षा की कोई संभावना नहीं है तथा प्रातःकाल एवं रात्रि के समय ठण्ड पड़ने के आसार है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 22.8 (+1.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 7.0 (-0.6)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 89 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 40 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.3 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

*- कृषि मौसम वैज्ञानिक*

# राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के चक्का जाम से परिवहन विभाग आया बैक फुट पर, निशुल्क यात्रा की बहाल

*** दिव्यांगों ने चालक परिचालक पर लगाया बस चढ़ाने का आरोप, काटा हंगामा**



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

परिवहन निगम की सिटी बसों में लगातार दिव्यांगों के साथ हो रही अभद्रता और किराया वसूली की शिकायतें आने के बाद राष्ट्रीय विकलांग पार्टी ने बीते दिन बुधवार को चक्का जाम अभियान चलाया, इस अभियान के अंतर्गत पार्टी के सैकड़ों महिला एवम पुरुष दिव्यांग तय समय पर लगभग साढ़े 10 बजे से फजलगंज स्थित परिवहन निगम के बस डिपो के मुख्य द्वार पर एकत्र होने लगे आरोप है कि इसी दौरान परिवहन निगम की बस के एक चालक और परिचालक ने दिव्यांगों पर बस चढ़ाने का प्रयास किया जिससे दिव्यांग भड़क गए, और आक्रोषित अंदाज में जमकर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी कर अपना आक्रोश जाहिर किया।

जानकारी देते हुए राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि सुबह 10 बजे पार्टी की महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता अल्पना कुमारी द्वारा दिव्यांगजन के साथ बसों का चक्का जाम करने के दौरान उन पर और दिव्यांगों पर बस चढ़ाने की कोशिश की गयी, पार्टी कार्यकर्ताओं ने इसका विरोध किया और दोषि के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है,

आगे जानकारी देते हुए वीरेंद्र कुमार ने बताया कि सरकार ने दिव्यांगजन के लिए परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा के लिए नियमावली बना रखी है, जिसमे स्पष्ट है कि 40 प्रतिशत से 79 प्रतिशत दिव्यांगजन को अकेले व 80 प्रतिशत से 100 प्रतिशत को एक सहायक के साथ निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की जायेगी, नगर बसों में भी ये सुविधा दी जा रही थी, पिछले तीन महिने से नगर बसों में दिव्यांगजन के लिए निःशुल्क यात्रा व्यवस्था समाप्त कर दी गयी थी, जबकि यू0डी0आई0डी0 कार्ड के आधार पर निःशुल्क यात्रा सुविधा मिलनी चाहिए, पार्टी के परिवहन निगम की सिटी बसों का चक्का जाम करने के बाद सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के परिवहन प्रबन्धक के0के0 तिवारी ने सभी के कार्ड बनने तक निःशुल्क यात्रा सुविधा जारी रखने का निर्देश जारी कर दिया है, कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार, प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, अल्पना कुमारी, अशोक कुमार, कमलेश कुमार सिंह, गुड्डी दीक्षित, वैभव दीक्षित, गौरव कुमार, ममता, अनुराधा, दिलीप कुमार आदि शामिल थे।

### जायज मांग करने वाले दिव्यांगों से कुछ कर्मियों ने की जमकर अभद्रता

जिस समय दिव्यांग अपनी जायज मांगों को लेकर फजलगंज बस डिपो पर प्रदर्शन कर रहे थे उसी समय अल्पना कुमारी के साथ कुछ दिव्यांगों पर चालक और परिचालक के द्वारा बस चढ़ाने का जब प्रयास किया गया तो सभी दिव्यांग भड़क गए और वहीं पर उग्र होकर सभी प्रदर्शन करने लगे और नारेबाजी करने लगे, हालांकि दिव्यांग अपनी हद में रहकर लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे थे लेकिन बस डिपो के कुछ कर्मी उसे दूसरा ही रंग देना चाहते थे, प्रदर्शन के दौरान दिव्यांगों से कुछ डिपो कर्मियों ने हद बाहर जाकर हॉट टॉक कर अभद्रता भी की एक कर्मी ने तो उसे विशेष जाति से लड़ाई का रंग देने का प्रयास किया, लेकिन दिव्यांगजन बहुत समझदार थे उन्होंने सिर्फ और सिर्फ अपनी ही बातें रखी।

# श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश की धूम-धाम से निकलेगी यात्रा



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

शहर के पनकी हनुमान मन्दिर में बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र न्यास के तत्वाधान में अक्षत वितरण की योजना को लेकर महत्वपूर्ण टोली बैठक संपन्न हुई, जिसमें पनकी हनुमान मन्दिर महंत जितेन्द्रदास महाराज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त संघचालक भवानीभीख, विश्व हिन्दू परिषद प्रान्त कार्याध्यक्ष डा.उमेश पालीवाल, विहिप प्रान्त संगठन मंत्री परमेश्वर, विभाग प्रचारक बालिस्टर ने अक्षत वितरण के कार्यक्रम को लेकर योजना रचना की, बताया गया कि आगामी 25 दिसम्बर सोमवार को महानगर के चारों जिलों से रामभक्त कार्यकर्ता पनकी हनुमान मन्दिर आकर श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश प्राप्त करेंगे, फिर धूम धाम से भव्य कलशयात्रा के साथ अपने जिलों को पहुंचेंगे। आगामी 1 जनवरी 2024 से घर घर अक्षत वितरण होगा, अक्षत वितरण हेतु मोहल्ला/बस्ती स्तर तक समितियां बनाई गई हैं, जिससे हर घर तक अक्षत पहुंच सकें। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या जी में प्रभु श्रीरामलला की प्राणप्रतिष्ठा का उत्सव हर घर में मनाया जाए, हर घर अयोध्या, हर घर राम, हर हिन्दू में रामत्व का भाव से हर घर में 22 जनवरी को दीपावली मनाई जाएगी, लोग घरों में दीप जलाएंगे, रंगोली बनाएंगे। रामभक्तों का राम से आत्मीय संबंध है, राम सभी के अपने हैं, समस्त हिन्दू जनमानस के हृदय आचार विचार परंपराओं में प्रभु श्रीराम विराजमान हैं, विभाग संगठन मंत्री पीयूष, विभाग सह संघचालक डा.विवेक सचान, विभाग सह कार्यवाह अंकुर, गौरांग समेत कानपुर महानगर के दायित्ववान कार्यकर्ता बन्धु उपस्थित रहे।

# केस्को के संविदा कर्मियों का लाखों रुपया गबन करने वाली कंपनी से हो वसूली: दिनेश सिंह भोले






**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

शहर के प्रबंध निदेशक उ0प्र0 लघु उद्योग निगम फजलगंज कानपुर को संविदा कर्मचारी संगठन केस्को कानपुर के महामंत्री दिनेश सिंह भोले ने एक शिकायती पत्र भेज मेसर्स बाला जी इंजीनियरिंग वर्क की सिक्योरिटी मनी जब्त करने व वेन्डर लाईसेंस निरस्त करने की मांग की है। पत्र के माध्यम से दिनेश सिंह भोले ने बताया है कि पूर्व प्रबंध निदेशक उ0प्र0 लघु उद्योग निगम व केस्को प्रबंध निदेशक के बीच त्रिपक्षीय अनुबंध के आधार पर केस्को में मैन पॉवर सप्लाई का कार्य आपकी गारंटी पर मेसर्स बाला जी इंजीनियरिंग वर्क पता 111/361 चिड़ीमार गली अशोक नगर को दिया गया था केस्को के द्वारा किए गए त्रिपक्षीय अनुबंध व कार्य आदेश पर स्पष्ट रूप से लिखित है कि यदि वेन्डर कंपनी के द्वारा कर्मचारियों के किसी देय पावको की हेराफेरी या गबन किया जाता है तो उसके लिए पूर्ण रूप से उ0प्र0 लघु उद्योग निगम व कंपनी प्रोपराइटर की जिम्मेदारी होगी, जानकारी दी है कि मेसर्स बाला जी इंजीनियरिंग वर्क कंपनी की डीएससी का प्रयोग करते हुए ईपीएफओ से केस्को संविदा कर्मचारियों के लाखों रूपये का गबन कर लिया गया है, ईपीएफओ असिस्टेंट कमिश्नर लखनऊ की जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया है कि यह गबन कानपुर की कंपनी मेसर्स बाला इंजीनियरिंग वर्क की डीएससी के माध्यम से किया गया है, त्रिपक्षीय अनुबंध के आधार पर मेसर्स बाला जी इंजीनियरिंग वर्क की सिक्योरिटी मनी जब्त करते हुए रिकवरी कर पीडित केस्को संविदा कर्मचारियों की ईपीएफ धनराशि वापस कराने का कष्ट करें।

# विधायक मैथानी ने मंत्री से मुलाकात कर सौंपा मांग पत्र

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



गोविंद नगर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मैथानी ने जितिन प्रसाद मंत्री जी लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश,से लखनऊ में भेंट करके मांग पत्र सौंपा है, विधायक ने मंत्री से कहा कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में, राज्य सड़क निधि योजना के अंतर्गत उनके जनपद कानपुर नगर के अंतर्गत उनकी विधानसभा की एक परियोजना की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के लिए उन्होंने विभागीय कार्रवाई पूर्ण कराकरके विगत 18 मार्च को पीडब्ल्यूडी के नियोजन विभाग से प्रमुख सचिव को संबंधित कार्रवाई पूर्ण कराकर पत्र भिजवाया था, जिसमें आपके कानपुर क्षेत्र के चीफ ने, उक्त एक कार्य का आकलन, परीक्षणों उपरांत, उसकी हार्ड कॉपी तथा सॉफ्ट कॉपी में भी आपकी स्वीकृति हेतु, अपनी संस्तुति के साथ, प्रेषित किया था, जिसमें नव निर्माण योजना के अंतर्गत, 07 किलोमीटर लंबा मार्ग, जिसकी लागत 13 करोड़ 43 लाख 57 हजार है, जिस पर संबंधित कार्रवाई पूर्ण हो चुकी है और स्वयं उन्होंने प्रमुख अभियंता( विकास) लखनऊ का अनुमोदन भी प्राप्त कर लिया है, अब उस पर जनहित में कार्य कराए जाने हेतु, मात्र बजट जारी करने की आवश्यकता है, विधायक सुरेंद्र मैथानी की माने तो मंत्री द्वारा उन्हें आश्वस्त किया गया है कि वह उनके मांग पत्र पर पूर्ण रूप से कार्रवाई करेंगे।

# आई.आई.टी. की एक्जीक्यूटिव प्रोजेक्ट ऑफिसर ने फांसी लगाकर दे दी जान

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



आई.आई.टी. में एक्जीक्यूटिव प्रोजेक्ट ऑफिसर के पद पर कार्यत महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी, सफाई कर्मी ने फांसी पर लटका हुआ शव देख कल्याणपुर पुलिस को सूचना दी, मौके पर पहुंची कल्याणपुर पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल वा शव की जांच पड़ताल कर घटना की जानकारी परिजनों को दी और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार उड़ीसा के कटक निवासी पल्लवी चिल्का( 35 ) आईआईटी में प्रोजेक्ट एक्जीक्यूटिव ऑफिसर के पद पर कार्यरत थी, पल्लवी चिल्का कुछ दिन पूर्व ही आईआईटी केंपस स्थित ए आर टावर के रूम नंबर 221 में शिफ्ट हुई थी, बीते मंगलवार की सुबह सफाई कर्मी सफाई करने के लिए रूम में पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद था इसके बाद सफाई कर्मी ने जोर से आवाज लगाई लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई इसके बाद उसने खिड़की से झांका तो महिला अधिकारी का फांसी पर लटका हुआ शव देख विभाग को जानकारी देने के बाद पुलिस को सूचना दी, सूचना जानकारी मिलने पर कल्याणपुर पुलिस व फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंच दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एडीसीपी वेस्ट आकाश पटेल ने बताया कि आईआईटी में प्रोजेक्ट एक्जीक्यूटिव ऑफिसर के पद पर कार्यरत महिला के द्वारा फांसी लगाने की बीते मंगलवार को सूचना प्राप्त हुई थी सूचना पर कल्याणपुर पुलिस व फोरेंसिक टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर चेक किया तो मृतिका जिस रूम में थी वह अंदर से बंद था पुलिस द्वारा फोर्सफुल एंट्री करके अंदर की जांच की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# एनवायरमेंट अकाउंटिंग समेत अन्य विषय पर व्याख्यान



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बुधवार को भारतीय वन प्रबंधन संस्थान भोपाल के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.एस.पी. सिंह ने एडमिशन आउट रीच एवं ग्रीन बजटिंग तथा एनवायरमेंट अकाउंटिंग विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। जिसका मुख्य उद्देश्य वानिकी एवं कृषि महाविद्यालय कानपुर के छात्रों को उच्च शिक्षा में प्रवेश कैसे लिया जाय व पर्यावरण सुरक्षा करते हुए रोजगार का अवसर ढूंढा जाए व आय में वृद्धि की जाए विषय पर जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में वानिकी महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ.मुनीष कुमार ने छात्रों को जागरुक करते हुए भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत 2047 पर देश के युवा किस प्रकार से अपना योगदान दे सकते हैं संबंधित जानकारी दी वहीं अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. सी.एल.मौर्य ने छात्रों को विकसित भारत की कल्पना को साकार करने में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ.सर्वेश कुमार सहित अन्य सदस्यों ने अपने विचार रखे।

### अनोखी पहल: अपराधियों को दिलाई अपराध न करने की शपथ



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

बीते दिन बुधवार को बिठूर थाना परिसर में आधा दर्जन से अधिक अपराधियों को बिठूर कोतवाल अतुल कुमार सिंह के द्वारा अपराध न करने की शपथ दिलाई गई, सभी अपराधियों ने एक साथ हाथ उठाकर शपथ ली कि वह कभी भी अपराध नहीं करेंगे, जिन अपराधियों को शपथ अपराध ना करने की दिलाई गई है वह पूर्व में कई मामलों में जेल जा चुके हैं।



# भाजपा निराला नगर मंडल की बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

भाजपा निराला नगर मंडल की बैठक बुधवार को मंडल अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। मंडल आई.टी.संयोजक दिनेश त्रिवेदी ने बताया कि बैठक में कानपुर लोकसभा विस्तारक सुमीत पटेल जायसवाल का परिचय कार्यकर्ताओं से कराया गया। इस अवसर पर राजन गुप्ता, सुखवंत सिंह, राजेंद्र सिंह गौतम, दिनेश त्रिवेदी,सुशील दीक्षित, शिवासु सिंह चौहान, ललित किशोर शुक्ला, धर्मेंद्र शुक्ला, देवेन्द्र शुक्ला, पंकज अवस्थी सहित मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दक्षिण में बैठक कर भाजपाइयों ने माइक्रो डोनेशन अभियान पर तैयार की योजना

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने बुधवार को जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक कर माइक्रो डोनेशन अभियान की योजना तैयार की। जिसके अंतर्गत जिले के सभी कार्यकर्ता एवं अन्य सभी आम नागरिक 5 रूपये से 2000 रूपये या इससे अधिक रुपये भी दान दे सकते है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि अधिकतम संख्या मे लोगों को जोड़ने वाले कार्यकर्ताओं को जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दी जायेगी।

उन्होंने कहा कि माइक्रो डोनेशन पार्टी को मजबूत करेगा इसके माध्यम से भी भाजपा को सर्व स्पर्शी सर्व समावेशी और सर्वव्यापी बनाने के साथ यह कार्यकर्ताओं और जनता के सहयोग से पार्टी को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि समाज का बड़ा वर्ग जो हमारे संगठन से प्रत्यक्ष रूप नहीं जुड़ा है। लेकिन हमारी विचारधारा एवं नीतियों का समर्थक है ऐसे लोगों को माइक्रो डोनेशन अभियान के तहत जोड़ना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश, क्षेत्र, जिला पदाधिकारियों, मंडल, शक्तिकेंद्र, बूथ के कार्यकर्ताओं के अलावा वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधि, सांसद, विधायक,विधान परिषद सदस्य, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य, पार्षद, सभी मोर्चा, प्रकोष्ठ एवं विभाग के कार्यकर्ता अभियान में जुटेंगे। वर्तमान एवं पूर्व दायित्व वाले कार्यकर्ता कम से कम 10 व्यक्तियों से माइक्रो डोनेशन कराएंगे। प्रत्येक मण्डल और बूथ में कार्यकर्ताओं को अभियान की जिम्मेदारी सौंप दी गयी है। माइक्रो डोनेशन के तहत लोग 5 रूपये से लेकर 2000 रुपये या इससे अधिक भी नमो ऐप पर रिफरल कोड ZUSxXT-F अथवा https://www.narendramodi.in/donation लिंक से डोनेशन कर सकते हैं। इस अवसर पर राम बहादुर यादव, विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, राजन चौहान, अर्जुन बेरिया, वंदना गुप्ता, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी, शिव पूजन सविता आदि मौजूद रहे।

# भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा में निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित भगवान श्रीराम जी के भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को कानपुर में भव्य बनाने के लिए श्रीराम नवमी महोत्सव समिति के द्वारा कार्यक्रम संयोजक विनोद गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों ने पुलिस कमिश्नर आरके स्वर्णकार से मुलाकात की श्री गुप्ता ने पुलिस कमिश्नर को यात्रा में आमंत्रित करते हुए कहा कि यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो इस संबंध में चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए यात्रा में हजारों की संख्या में लोग सहभागिता करेंगे यात्रा के रूट पर यातायात व्यवस्था वा सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस द्वारा सहयोग किया जाए ताकि यात्रा बिना किसी व्यवधान के संपन्न हो, जिस पर पुलिस कमिश्नर ने आश्वस्त किया कि यात्रा सुचारू रूप से संपन्न होगी पुलिस प्रशासन द्वारा यात्रा में पूर्ण सहयोग दिया जाएगा और रूट मार्ग पर यातायात वा सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद हो इस संबंध में अधिकारियों को निर्देशित भी किया जाएगा। प्रमुख रूप से उपस्थित-गोपी कृष्ण ओमर, विजय गुप्ता गोरे, विशाल दुबे, आकाश ओमर, आदि।

### 25 राज्यों की मंडियों को शुल्क मुक्त करने की मांग

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर।** श्री अन्न में देश के 25 राज्यों में मंडी शुल्क व विकास शुल्क मुक्त करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन ई मेल से पीएम तथा केंद्रीय कृषि मंत्री को भेजने के उपरांत कोपरगंज स्थित कार्यालय के बाहर एकत्र भारतीय कृषि उत्पाद उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र, महानगर अध्यक्ष गुरूजिन्दर सिंह तथा अन्य पदाधिकारियों ने ज्ञापन की प्रतिलिपि हाथ में लेकर अपनी मांगो को लेकर आवाज उठाई है। ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हुए कहा गया कि अन्न मिलेट्स में उप्र में मंडी शुल्क सबसे अधिक 1, 5 प्रतिशत है जबकि एमपी में 1, 2, पंजाब में 1, 1 और इसी प्रकार अन्य राज्यों में है। इसी तरह देश के कुल 25 राज्यों में मंडी अधिनियम या एपीएमसी एक्ट लागू है। इन सभी राज्यों में मंडी शुल्क की श्री अन्न में अलग अलग दरें है, जबकि बिहार व दिल्ली में किसी भी कृषि उत्पाद में कोई मंडी शुल्क नही है। कहा कि आपके प्रयास व प्रेरणा से संयुक्त राष्ट्र के आवाहन पर भारत सहित 72 देश वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स ईयर के रूप में मना रहे हैं, दूसरी तरफ देश में श्री अन्न के व्यापार व उद्योग में बाधा के रूप में मंडी अधिनियम के तहत मंडी शुल्क सति इससे जुड़े कई कागजों की प्रक्रिया लागू है जिसे समाप्त होना चाहिये।



# कैंप लगाकर भरवाए गए अधिवक्ताओं के लिए कल्याणकारी योजनाओं के फॉर्म

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



शहर में बुधवार को कानपुर बार एसोसिएशन गेट पर आयोजित कैम्प का उद्घाटन करते हुए अध्यक्ष लायर्स एसोसियेशन पंडित रवीन्द्र शर्मा ने कहा कि जागरूकता कैम्प से अधिवक्ता कल्याणकारी योजनाओं की पूरी जानकारी सभी अधिवक्ताओं को सुगमता से प्राप्त हो जाती है, हमारा उद्देश्य प्रदेश में चल रही सभी अधिवक्ता कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक अधिवक्ता तक पहुंचाना और उनको उसका लाभ दिलाना है,जिसके लिए संघर्ष समिति निरंतर संघर्षरत है। जागरूकता कैम्प के माध्यम से 125 अधिवक्ताओं ने कल्याण निधि योजना की सदस्यता ग्रहण की और 27 बाधित सदस्यों ने सदस्यता बहाल कराई, दिवंगत अधिवक्ताओं के मृत्यु उपरांत मिलने वाले 500000 के 3 फार्म भरवाए गए और वृद्धावस्था मृत्यु अनुदान योजना के अंतर्गत मिलने वाले रू 200000 का 1 फार्म भरवाया गया। प्रमोद द्विवेदी अध्यक्ष बार एसोसिएशन ने कहा की संघर्ष समित द्वारा वर्षो से आयोजित किए जा रहे जागरूकता कैंप से कानपुर के हजारों अधिवक्ताओं को लाभ मिला है इसके लिए संघर्ष समिति बधाई की पात्र है। अंत में संचालक अभिनव तिवारी ने जागरूकता कैंप को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया। प्रमुख रूप से सुनील भल्ला अशोक श्रीवास्तव पवन अवस्थी अभिनव तिवारी अरविंद दीक्षित संजीव कपूर कंचन गुप्ता गायत्री मिश्र मो तौहीद सर्वेश त्रिपाठी अखिलेश कुमार अंकुर गोयल अश्वनी आनंद राकेश सिद्धार्थ इशू सोनकर अनिल बाबू चौधरी एम डी सिंह इंद्रेश मिश्रा शिवम गंगवार के के यादव आदि मौजूद रहे।

# सशस्त्र सीमा बल ने मनाई 60वीं वर्षगांठ, सीमाओं पर बखूबी निभाई ड्यूटी, सामाजिक जिम्मेदारी भी निभाई

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

नेपाल- भूटान सीमा की सुरक्षा व सीमावर्ती लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने का लक्ष्य लिए हुए सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने बुधवार 20 दिसंबर को अपनी 60वीं वर्षगांठ मनाई। विभूतिखंड स्थित प्रशासनिक भवन में आयोजित कार्यक्रम के मौके पर एसएसबी के आईजी संजय रत्न ने सभी को स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि एसएसबी भारत-नेपाल और भारत-भूटान की अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा के अतिरिक्त आंतरिक ड्यूटी, नक्सल ऑपरेशन ड्यूटी, निर्वाचन ड्यूटी बखूबी निभा रहा है। वर्ष-




2023 में एसएसबी ने मादक पदार्थों के 66 मामलों में 83 गिरफ्तारी की। कांट्रबैंड वस्तुओं के 2068 मामलों में 2241 गिरफ्तारी, अवैध हथियारों के 6 मामलों में 8 गिरफ्तारी, विस्फोटक पदार्थों के 3 मामलों में 3 गिरफ्तारी, गोल्ड और सिल्वर के 19 मामलों में 29 गिरफ्तारी की गई। साथ ही 89 पुरुष एवं 90 महिलाओं को मानव तस्करों से बचाने में सफल रहे। इसके अतिरिक्त सीमावर्ती क्षेत्र में रह रहे लोग आत्मनिर्भरता बनाने के लिए 4078 ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। 97 निशुल्क मानव चिकित्सा शिविर और 826 ओपीडी से 6,573 लोगों को मदद पहुंचाई गई। इसके अलावा लखनऊ के कार्मिकों को विगत वर्ष में उपलब्धियों के लिए महानिदेशक की गोल्डन डिस्क विद स्टार- 1, गोल्डन डिस्क - 21, सिल्वर डिस्क - 82, कोमोडेशन रोल- 57 और 1 पीपीएमए व पीएमडीस प्रदान किया। खेल गतिविधियों में सीमांत लखनऊ की केंद्रीय महिला हैंडबॉल टीम की आरक्षी/सामान्य तेजस्वनी सिंह, आरक्षी/सामान्य शिवा सिंह ने हिरोशिमा, जापान में आयोजित एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर चैंपियनशिप -2023 और चीन में आयोजित एशियाई गेम्स में देश का प्रतिनिधित्व किया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय खेल टीम के खिलाड़ियों ने अपने राज्यों की तरफ से खेलते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बल का गौरव बढ़ाया है। स्थापना दिवस के मौके महेश कुमार उप महानिरीक्षक, कमलकान्त उप महानिरीक्षक, डॉ. निखिल कुमार प्रसाद उप महानिरीक्षक (चिकित्सा), डॉ. एके सिन्हा कमांडेंट (पशु-चिकित्सा) और अन्य अधिकारी व उनके परिजन मौजूद रहें।

# एक्सप्रेस-वे पर बनेंगे 26 चार्जिंग स्टेशन, 11 कंपनियां लाइन में, दस साल की लीज पर मिलेगी जगह

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रदेश के चार एक्सप्रेसवे पर 26 चार्जिंग स्टेशनों के लिए 11 कंपनियों ने रुचि दिखाई है। ये पब्लिक चार्जिंग स्टेशन बुंदेलखंड, पूर्वांचल, आगरा-लखनऊ और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर बनाए जाएंगे। यूपीडा ने कार्ययोजना तैयार कर ली है। पब्लिक चार्जिंग स्टेशन को ईवी नीति और केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के दिशा-निर्देश के अनुरूप तैयार किया जाएगा। इन स्टेशनों पर पेट्रोल पंपों की तरह सार्वजनिक सुविधाएं भी होंगी। एक्सप्रेसवे के किनारे भविष्य में बैंक्वेट और वेडिंग हॉल की सुविधा भी दी जाएगी। प्री बिड मीटिंग में रिलायंस, जीएमआर एनर्जी, अडानी टोटल एनर्जी, बेलेक्ट्रिक, लाइट जिप टेक्नोलॉजी, ईवी प्लेक्सस, सिमेंस



लि., कैश और ड्राइव, एएम एंड सीईई मोबिलिटी, एम्पवोल्ट्स और रैज एंड शाइन ने चार्जिंग स्टेशन लगाने की रुचि दिखाई है। सरकार 26 चार्जिंग स्टेशन के लिए प्रति स्टेशन दो हजार वर्गफीट की जगह दस साल की लीज पर देगी। चार्जिंग प्वाइंट ऑपरेटर को दो पहिया, तीन पहिया, चार पहिया और ई बस की चार्जिंग के लिए फास्ट चार्जर स्थापित करना होगा। जमीन मुहैया कराने के 180 दिन के अंदर चार्जिंग स्टेशन शुरू करना होगा। इसके पांच साल बाद छठवें साल से सरकार को प्रत्येक चार्जिंग स्टेशन के राजस्व में से पांच प्रतिशत प्राप्त होगा। वहीं, बुंदेलखंड, पूर्वांचल और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे वे साइड एमिनिटीज (सुविधाएं) भी विकसित की जाएगी। इन्हें डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ऑपरेट, ट्रांसफर (डीबीएफओटी) के आधार पर विकसित किया जाएगा। यूपीडा के अधिकारियों के अनुसार तीनों एक्सप्रेसवे पर वे साइड एमिनिटीज के लिए कार्ययोजना तैयार है। इसके अंतर्गत कार, बस और ट्रकों के लिए पार्किंग स्पेस, फूड एंड बेवरेज के आउटलेट्स, ढाबा, एटीएम, मुफ्त बेसिक मेडिकल एड फैसिलिटी, छोटे रिपेयर शॉप, पीने का शुद्ध पानी, टॉयलेट और वॉशरूम सुविधा, बजट होटल, ट्रकों के लिए अलग से सुविधाएं, वेयरहाउस और ऑटो वर्कशॉप की सुविधा मिलेगी।

## प्रदेश के हर आयुर्वेद अस्पताल को मिलेंगे चिकित्साधिकारी, हर जिले में भेजे जाएंगे पांच से 10 अधिकारी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रदेश के सभी आयुर्वेदिक अस्पतालों को जनवरी तक चिकित्साधिकारी मिल जाएंगे। आयोग की ओर से चयनित 601 चिकित्साधिकारियों को भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हर जिले में पांच से 10 चिकित्साधिकारी भेजे जाएंगे। पहले चरण में उन अस्पतालों में चिकित्साधिकारियों की तैनाती की जाएगी, जो संबद्धता के आधार पर चल रहे हैं। प्रदेश में करीब 2300 आयुर्वेदिक चिकित्सालय हैं। इन अस्पतालों में हर साल औसतन 2.55 करोड़ मरीजों को उपचार दिया जाता है, लेकिन चिकित्साधिकारियों के करीब 2500 पदों में एक हजार से ज्यादा खाली चल रहे हैं। लोक सेवा आयोग की ओर से कराए गए साक्षात्कार के बाद 601 चिकित्साधिकारियों का चयन किया गया है। अब आयुर्वेद निदेशालय इनकी तैनाती की तैयारी में जुट गया है। इसके लिए संबद्ध चिकित्साधिकारी के भरोसे चलने वाले अस्पतालों की सूची तैयार की जा रही है। विभाग की कोशिश है कि पहले चरण में चिकित्साधिकारियों की उन अस्पतालों में जल्द से जल्द तैनाती कर दी जाए, जहां अभी तक नियमित चिकित्साधिकारी नहीं है। दूसरे चरण में उन अस्पतालों में तैनाती होगी, जहां दो पदों के सापेक्ष सिर्फ एक चिकित्सक तैनात हैं। इसके लिए निदेशालय ने सभी क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारियों से वरीयता के क्रम में अस्पतालों का नाम मांगा है। यह भी संभवना है कि इन चिकित्साधिकारियों को जनवरी माह के दूसरे सप्ताह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नियुक्ति पत्र सौंपे।

# नगर विकास विभाग और संयुक्त राष्ट्र हैबिटेट प्रतिनिधियों व आईटीसी लिमिटेड के बीच हुआ एमओयू


जन एक्सप्रेस | लखनऊ

**20,000 से 1,00,000 की आबादी वाले 100 सबसे पिछड़े शहरी निकायों का समग्र विकास लक्ष्य**

नगर विकास विभाग और यूएन-हैबिटेट प्रतिनिधियों व आईटीसी लिमिटेड के बीच आज एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। इसके माध्यम से सहयोगात्मक शहरी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जाएगा। शहरी विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात की गरिमामयी उपस्थिति में स्थानीय निकाय निदेशक डॉ. नितिन बंसल और यूएन-हैबिटेट के प्रतिनिधियों व आईटीसी लिमिटेड के साथ एमओयू पर आधिकारिक हस्ताक्षर किये गये। यूएन-हैबिटेट से एमओयू हस्ताक्षरकर्ता को बैंकॉक कार्यक्रम कार्यालय, एशिया के क्षेत्रीय कार्यालय, यूएन हैबिटेट के प्रमुख एस श्रीनिवासल पोपुरी द्वारा औपचारिक रूप दिया गया।आईटीसी लिमिटेड के लिए हस्ताक्षरकर्ता एस. शिवकुमार अध्यक्ष, प्रबंधन समिति, सामाजिक थे प्रभाव कार्यक्रम, आईटीसी लिमिटेड। इस दौरान यूएन-हैबिटेट से पारुल अग्रवाल, रवि बंसल, सुभेंदु दास औरआईटीसी लिमिटेड से प्रकाश कुमार उपस्थित रहें। प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में विकास के लिए सहयोगात्मक प्रयास करना है। नगर विकास विभाग के साथ मिलकर शहरों के सतत विकास के लिए एक जलवायु सेल की स्थापना भी करना है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु जलवायु अकादमी के लिए एक रोडमैप का मसौदा तैयार करना और जलवायु परिवर्तन पहल और शहरी नियोजन में शहरी स्थानीय निकायों यूएलबी को सहायता प्रदान करना भी है। इस साझेदारी के पहलों में एसडीजी शहरों और एक जलवायु परिवर्तन सेल की सह-स्थापना, शहरी स्थिरता मूल्यांकन ढांचे के संचालन में यूएलबी का समर्थन करना, जलवायु अकादमी के लिए एक व्यापक रोडमैप का मसौदा तैयार करना और क्षमता विस्तार के लिए यूएलबी का समर्थन करना और जलवायु लचीलापन योजना के लिए साझेदारी को बढ़ाना शामिल है। इसके अलावा, यह सहयोग सार्वजनिक भागीदारी, क्षमता निर्माण, साक्ष्य-आधारित ठोस अपशिष्ट मूल्यांकन और रीसाइक्लिंग संबंधी कार्यों को और व्यापक रूप देना है।इसके अलावा यूएन-हैबिटेट एस्पिरेशनल सिटी प्रोग्राम एएनवाई के कार्यान्वयन और निगरानी में भी सहायता प्रदान करेगा। इस योजना का लक्ष्य 20,000 से 1,00,000 की आबादी वाले 100 सबसे पिछड़े शहरी निकायों का समग्र व सतत विकास करना है।आईटीसी लिमिटेड के साथ एमओयू हस्ताक्षरित करने का मुख्य उद्देश्य सामुदायिक नेतृत्व वाले विकेंद्रीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर नगर विकास विभाग के साथ एक तकनीकी भागीदार के रूप में कार्य करना है। इसमें प्रशिक्षण सामग्री और टूलकिट विकसित करना, यूएलबी क्षमता निर्माण के लिए एक विस्तृत परियोजना तैयार करना, संसाधन, व्यक्तियों और प्रशिक्षकों का सहयोग करना, प्लास्टिक सहित अपशिष्ट प्रबंधन पर तकनीकी सहायता प्रदान करना और नवीन अपशिष्ट प्रबंधन तकनीकों पर सलाह देना शामिल है।इससे उत्तर प्रदेश में जलवायु लचीलेपन के साथ प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन पर जोर देते हुए सतत शहरी विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दृष्टिगत करना हैं।

## घमंडिया गठबंधन के सभी नेता पीएम उम्मीदवार : डिप्टी सीएम केशव प्रसाद

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर तंज कसते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि घमंडिया गठबंधन के सभी नेता प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार हैं लेकिन जनता पीएम मोदी के साथ है। 2024 के चुनाव में एक बार फिर प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी और नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के लोग पीएम मोदी का अपमान करते हैं जो कि एक गरीब घर से आते हैं और समाज के पिछड़े तबके से आते हैं। घमंडिया गठबंधन के नेता मीटिंग में तो पीएम उम्मीदवार हो सकते हैं। आपसी बैठक में पीएम उम्मीदवार बन सकते हैं पर जनता पीएम मोदी के साथ है। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के चुनाव परिणाम ये साफ दिखाते हैं। इंडिया गठबंधन की बैठक 18 दिसंबर को हुई थी जिसमें कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे को पीएम उम्मीदवार बनाने का प्रस्ताव रखा गया।

## अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा एवं वित्त ने किया प्रतियोगिता का समापन

**परिवहन विभाग के सहयोग से 73 लोगों की टीम को कराया गया अयोध्या का भ्रमण**

**बालक वर्ग में दिल्ली की टीम और बालिका वर्ग में कॉउसिल फॉर द इण्डियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन की टीम चैम्पियन**

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

माध्यमिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा अंडर-14 आयु वर्ग के बालक बालिकाओं की 67वीं राष्ट्रीय स्कूलीएथलेटिक्स प्रतियोगिता 2023-24 के आज अन्तिम दिवस के समापन पर पदक तालिका में 04 स्वर्ण, 02 रजत और 01 कांस्य पदक के साथ दिल्ली शीर्ष पर रहा एवं हरियाणा 04 स्वर्ण, 01रजत और 01 कांस्य के साथ द्वितीय स्थान पर रहा साथ ही पदक तालिका में उत्तर प्रदेश पांचवे स्थान पर रहा। बालक वर्ग में 200 मीटर दौड़, ऊंची कूद एवं 4 गुणा100 मीटर रिले दौड़ के फाइनल सम्पन्न हुए एवं बालिका वर्ग में 200 मीटर दौड़, शॉटपुट थ्रो एवं 4 गुणा00 मीटर रिले दौड़ के फाइनल सम्पन्न हुए। अन्तिम दिवस के समापन पर परिणाम जारी किए गए।व्यक्तिगत चैम्पियनशिप बालक वर्ग अभि सिरोही, दिल्ली,व्यक्तिगत चैम्पियनशिप बालिका वर्ग कृषा मुकेश पटोले, कॉउसिल फॉर द इण्डियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन टीम चैम्पियनशिप बालक वर्ग दिल्ली टीम चैम्पियनशिप बालिका वर्ग कॉउसिल फॉर द इण्डियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन ओवरऑल चैम्पियनशिप कॉउसिल फॉर द इण्डियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन बालक वर्ग में 200 मीटर दौड़ में प्रथम अभि सिरोही, दिल्ली 22.84 सेकण्ड

द्वितीय अर्जुन सनमन देशपाण्डेकॉउसिल फॉर द इण्डियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन 23.62 सेकण्ड तृतीय सेरम उत्तम मनगंग, मणिपुर 23.83 सेकण्ड रहे।समापन समारोह का कार्यक्रम मुख्य अतिथि दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन एवं अध्यक्ष, स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, विशिष्ट अतिथि कंचन वर्मा आईएएस महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश एवं विशिष्ट अतिथि केकेगुप्ता, विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन के करकमलों द्वारा सभी विजेताओं को




ट्रॉफी एवं मेडल वितरण के साथ सम्पन्न हुआ।मुख्य अतिथि ने विजेताओं को शुभकामना देते हुए कहा कि अपने परिश्रम का क्रम बनाये रखें और आने वाले समय में और बड़ी उपलब्धियों को हासिल कर अपने देश को गौरवान्वित करें। जो पदक नहीं जीत सके उन प्रतिभागियों का हौसला बुलन्द करते हुए कहा कि जीतना और हारना खेल का एक हिस्सा है, महत्वपूर्ण है आपका आत्मविश्वास और सामर्थ्य बना रहे। उत्तर प्रदेश में अन्य खेलों को आयोजित कराये जाने हेतु तैयार रहने के लिए कहा गया।डॉ महेन्द्र देव, शिक्षा निदेशक माध्यमिक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन करते हुए देश के विभिन्न प्रदेशों से आये हुए खिलाड़ियों, उनके कोच और मैनेजर और अभिवावकों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने लगातार पांच दिन तक अनुशासन एवं उत्साह के साथ खेल कार्यक्रमों को सम्पन्न कराया। दयाशंकर सिंह राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार परिवहन द्वारा 19 दिसम्बरको की गयी घोषणा के क्रम में आज परिवहन विभाग के सहयोग से 73 लोगों की एक टीम को अयोध्या एवं आस-पास के स्थलों के भम्रण हेतु भेजा गया है। 71 लोगों की एक अन्य टीम को लखनऊ के ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण हेतु भेजा गया है।समारोह में शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ महेन्द्र देव, संयुक्त शिक्षा निदेशक कैम्प कार्यालय भगवती सिंह, संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ मण्डल डॉ प्रदीप कुमार, अपर राज्य परियोजना निदेशक वीके पाण्डेय, संयुक्त शिक्षा निदेशक विकास श्रीवास्तव, उप शिक्षा निदेशक लखनऊ मण्डल रेखा दिवाकर, उप शिक्षा निदेशक राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान राजकुमार आदि उपस्थित रहे।

## एल. वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में निदेशक मण्डल की बैठक में लिये गये अहम निर्णय




जन एक्सप्रेस | लखनऊ

परिवहन निगम अध्यक्ष एल. वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में निगम मुख्यालय में बुधवार को निदेशक मण्डल की 247 वीं बैठक हुई। बोर्ड की बैठक में परिवहन मंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में आज की बैठक में अहम निर्णयों को अनुमोदित किया गया। अध्यक्ष परिवहन निगम ने बताया कि परिवहन निगम की डा राम मनोहर लोहिया कार्यशाला कानपुर तथा केन्द्रीय कार्यशाला कानपुर में पूर्व से संचालित पुरानी बसों का मिनी रिनोवेशन कार्य कराये जाने काअनुमोदन प्रदान किया गया। शासन से मिलने वाली धनराशि के दृष्टिगत वर्ष 2024-25 के आय-व्यय में 2000 नई बीएस-6 डीजल बसें, 3000 फुल्ली बिल्ट एसी इलेक्ट्रिक बसों को क्रय कर बस बेड़े में सम्मिलित किया जाना तथा 5000 नई इलेक्ट्रिक बसों को अनुबन्ध पर लिये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया। श्री लू ने बताया कि परिवहन निगम के 48 बस स्टेशनों को द्वितीय चरण में पीपीपी पद्धति पर आधुनिक बस टर्मिनल एवं कॉमर्शियल कॉम्पलैक्स के रूप में विकसित कराये जाने के दृष्टिगत सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि परिवहन निगम की बसों हेतु परिचालक कार्य के लिए उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के माध्यम से महिला परिचालकों को आबद्ध किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।बोर्ड की बैठक में मासूम अली सरवर प्रबन्ध निदेशक, प्रण्ता ऐश्वर्य अपर प्रबन्ध निदेशक, केपी सिंह विशेष सचिव वीके सोनकिया विशेष सचिव परिवहन अभिषेक सिंह विशेष सचिव सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो भारतीय प्रबन्ध संस्थान, परिवहन विभाग एवं वित्त विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

### आईटीआई अलीगंज में रोजगार मेला आज

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। राजकीय आईटीआई प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि आज प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग एम. देवराज एवं मिशन निदेशक कौशल विकास मिशन रमेश रंजन की उपस्थिति में कल 21 दिसम्बर को पूर्वाह्न 10 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज लखनऊ में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानअलीगंज लखनऊ एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में बृहद रोजगार मेले का किया जा रहा है। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर एम ए खाँ ने बताया कि रोजगार मेले में 60 से अधिक कम्पनियाँ प्रतिभाग कर रही है। रोजगार मेले में 6000 से अधिक रिक्तिया होंगी। जिन अभ्यर्थियों की आयुसीमा 18 से 40 तथा कौशल विकास प्रशिक्षण, हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट,आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक, परास्नातक एवं बी-टेक पास है वे ही रोजगार मेले में ही प्रतिभाग कर सकते है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **10.01.2024 को 15.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 16002023 दिनांक 18.12.2023 |
| निविदा संख्या | 06/Sr.DEN-C/LKO/2023-24 |
| कार्य का नाम | (1) मगरवारा नार्थ ईस्ट बैलास्ट डिपो: सहायक मंडल इंजीनियर – द्वितीय–लखनऊ के अधीन आर0डी0एस. ओ0/लखनऊ के ट्रैक बैलास्ट हेतु जारी की गयी स्पेसीफिकेशन संख्या जून 2004 की आई आर एस–जी ई–आई तथा चीफ इंजीनियर के सर्कुलर संख्या 257 के अनुसार मगरवारा नार्थ ईस्ट में स्थित बैलास्ट डिपो में 65000 घन मीटर 65 एम एम साइज मशीन द्वारा तोडी गयी कठोर गिटटी की आपूर्ति, चटटा लगाना एवं मैकेनिकल लोडिंग का कार्य किया जाना। |
| अनुमानित लागत | (1) Rs.8,68,37,400/- |
| धरोहर राशि | (1) Rs5,84,200/- |
| काय की समापन अवधि | (1) स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 6 माह। |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 27.12.2023 |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 10.01.2024 समय 15:00 बजे |
| वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट: 1. निविदाकर्ता निविदा डालते समय गिटटी की (इम्पैक्ट वेल्यू जो कि IS: 2386 Pt-IV-1963 पर आधारित हो, अब्रेशन वैल्यू जो कि IS: 2386 Pt-III-1963 पर तथा वाटर एब्जोरपशन वैल्यू जो कि IS: 2386 Pt-III-1963 पर आधारित हो) की जॉच रिर्पोट जो कि रेलवे प्रयोगशाला/राजकीय प्रयोगशाला/राजकीय स्वामित्व वाले इंजीनियरिंग कालेज/राजकीय पालीटेक्निक/आई0आई0टी0 तथा एन0आई0टी0 की हो तथा निविदा नोटिस की तिथि से निविदा बंद होने की तिथि बीच की हो को संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेगी। 2. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

3978/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# किसानों के गन्ने की चीनी मिल तक आपूर्ति के लिये गन्ना विकास विभाग दृढ़ संकल्पित

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

**गन्ना किसानों के अतिरिक्त उपलब्ध 1,424 लाख कुन्तल गन्ने का किया गया अतिरिक्त सट्टा**

**अतिरिक्त सट्टे के एवज़ में समितियां नहीं लेंगी कोई प्रशासनिक शुल्क**

गन्ना किसानों के हितों के लिये संवेदनशील प्रदेश सरकार ने किसानों के पास उनके निर्धारित सट्टे से अतिरिक्त गन्ना उत्पादन की सुगम एवं सामान्य आपूर्ति हेतु किसानों द्वारा की गई मांग के दृष्टिगत प्रदेश की चीनी मिलों में एक साथ 1,424 लाख कुन्तल अतिरिक्त सट्टे की सुविधा ऑनलाईन प्रदान कर फिर सिद्ध कर दिया है कि गन्ना किसानों का हित सरकार के एजेण्डे में सर्वोपरि है। विभाग द्वारा चीनी मिलों के गन्ने की आवश्यकता की पूर्ति एवं किसानों के बेसिक कोटा में वृद्धि किये जाने के दृष्टिगत कृषक हित में अतिरिक्त सट्टे की सुविधा हेतु समितियों द्वारा प्रशासनिक शुल्क नहीं लिया जायेगा।अतिरिक्त सट्टे की सुविधा से गन्ना किसानों को उनके पास उपलब्ध गन्ना उत्पादन की आपूर्ति के लिये पर्ची की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा, क्योंकि विभाग द्वारा 1,424 लाख कुन्तल अतिरिक्त गन्ना सट्टा किसानों के पूर्व निर्धारित बेसिक सट्टे में जोड़ते हुए चीनी मिलों का कुल सट्टा उनकी निर्धारित गन्ना आवश्यकता के अनुरूप हो गया है। वहीं किसानों को अतिरिक्त सट्टा का लाभ भी 7वें पक्ष से दिये जाने का निर्णय लिया गया है, जिससे उन्हें अपने गन्ने की आपूर्ति में और अधिक सहूलियत होगी।चीनी मिलों में लागू किये गये अतिरिक्त सट्टे



की मात्रा के निर्धारण हेतु सर्वप्रथम ऐसे कृषक जिनके सट्टे की मात्रा मिल के गत पेराई सत्र की प्रति हेक्टेअर औसत गन्ना आपूर्ति से कम हो तो उन्हें मिल की गत पेराई सत्र की औसत गन्ना आपूर्ति तक अतिरिक्त सट्टे का लाभ उनकी उपज की 85 प्रतिशत सीमा तक दिया जायेगा। यदि कृषकों से अन्तर आवश्यकता की पूर्ति हो जाती है तो इसे यथावत् लागू किया जायेगा, किन्तु यदि ऐसे कृषकों का सट्टा सम्बन्धित मिल की गत पेराई सत्र की औसत आपूर्ति के स्तर तक लाने में अन्तर आवश्यकता से अधिक हो जाता है तो इन कृषकों पर भी प्रोरेटा का सिद्धान्त लागू होगा तथा यदि ऐसे कृषकों का उपर्युक्तानुसार आंगणित सट्टे से सम्बन्धित मिल की अन्तर आवश्यकता की सम्यक् पूर्ति नहीं हो पाती है तो अन्तर आवश्यकता की शेष सीमा तक अन्य कृषकों को भी प्रोरेटा के अनुसार अतिरिक्त सट्टे की सुविधा देय होगी।इस अतिरिक्त सट्टे में बढ़ी हुई पर्चियों पर गन्ना आपूर्ति हेतु किसानों का विश्वास गन्ना विभाग और चीनी मिलों के प्रति दृढ़ होगा। कृषक हित में लागू की गई इस सुविधा से कृषकों को प्रति हेक्टेयर अधिक मात्रा में गन्ना आपूर्ति की सुविधा प्राप्त होगी तथा छोटे गन्ना कृषक अपना गन्ना समय से चीनी मिल को आपूर्ति कर सकेंगे। ड्रिप इरीगेशन के माध्यम से सिंचाई करने वाले गन्ना कृषकों को अतिरिक्त सट्टे में प्राथमिकता दी जायेगी तथा अतिरिक्त सट्टे में अस्वीकृत प्रजातियों के गन्ने को सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## उपराष्ट्रपति की मिमिक्री और संसद की तुलना कोरियाई सदन से कर विपक्ष ने भारतीयों का दिल दुखाया

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी ने उपराष्ट्रपति से सहानुभूति जताते हुए जो कुछ कहा है वह मात्र उनके समर्थन में खड़ा होना नहीं है बल्कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के शब्दों से उनके मन की पीड़ा और चिंता की भी झलक मिलती है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि संसद परिसर में उपराष्ट्रपति को जिस तरह अपमानित किया गया, उससे वह बेहद व्यथित हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधि अपने विचार रखने के लिए स्वतंत्र हैं लेकिन उनकी अभिव्यक्ति शालीन तथा मर्यादा के दायरे में होनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि हमारी संसदीय परंपराएं हैं जिन पर हमें गर्व है और हम उन्हें बरकरार रखने की आशा करते हैं।**

*भारत की संसद लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है और हमारे देश के सम्मान और स्वाभिमान की प्रतीक भी है। संसद भवन कोई इमारत मात्र नहीं बल्कि करोड़ों देशवासियों की उम्मीदों और आकांक्षाओं की पूर्ति करने वाला पवित्र स्थल भी है। संसद से हर भारतीय गहरा भावनात्मक लगाव रखता है लेकिन जिस तरह से संसद के कुछ सदस्य ही संसद की मर्यादा और सम्मान को ठेस पहुँचा रहे हैं वह सचमुच आहत करने वाला है। देखा जाये तो विपक्ष के बड़े नेता विदेशी धरती पर जाकर तो भारतीय लोकतंत्र का मजाक उड़ाते ही हैं अब उन्होंने देश में भी संसदीय लोकतंत्र का उपहास उड़ाना शुरू कर दिया है। हम आपको बता दें कि अमर्यादित आचरण के चलते सदन से निलंबित किये गये विपक्षी सांसदों ने मंगलवार को संसद को ''संविधान की कब्रगाह'' बताते हुए इसकी तुलना उत्तर कोरियाई सदन से कर हर भारतीय का दिल दुखाया है। शिरोमणि अकाली दल की नेता और सांसद हरसिमरत कौर बादल को संसद संविधान की कब्रगाह नजर आई तो दूसरी ओर तमाम तरह के आर्थिक अपराधों के आरोपों से घिरे कांग्रेस नेता और सांसद कार्ति चिदंबरम ने दावा कर दिया है कि संसद जल्द ही उत्तर कोरियाई सदन की तरह हो जाएगी। कार्ति चिदंबरम ने कहा है कि हम उत्तर कोरियाई सदन की तरह बनने वाले हैं और केवल एक चीज की कमी है कि जब प्रधानमंत्री सदन के अंदर आएं तो सब साथ मिलकर तालियां बजाएं। कार्ति चिदंबरम ने कहा कि यह एक सांकेतिक सदन बनने वाला है। बात सिर्फ लोकतंत्र के अपमान की भी नहीं है। संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों की जिस तरह मिमिक्री कर उनका अपमान करने की होड़ चल पड़ी है और हमारे संवैधानिक संस्थानों पर राजनीतिक हमले किये जाने का जो सिलसिला चला है वह एक तरह से भारत की छवि पर हमला है। कभी प्रधानमंत्री के लिए तानाशाह, हिटलर, नीच या कोई अन्य अपमानजनक शब्द उपयोग किया जाता है तो कभी देश की राष्ट्रपति का अपमान कर दिया जाता है। अब उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का जिस तरह अपमान किया गया उसने सार्वजनिक जीवन में मर्यादा की सभी सीमाएं लांघ दी हैं। यहां यह भी ध्यान रखने योग्य बात है कि राष्ट्रपति द्रौपद्री मुर्मू हों, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ हों या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों...यह सभी साधारण और गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं। इन सभी को राजनीति विरासत में नहीं मिली बल्कि यह जीवन में अभाव और संघर्षों पर विजय हासिल करते हुए यहां तक पहुँचे हैं लेकिन लगता है कि दिल्ली पर दशकों तक राज करने वाले राज परिवार के लोगों को यह सब भा नहीं रहा इसलिए सुनियोजित तरीके से शीर्ष पदों पर बैठे लोगों पर हमले किये और करवाये जा रहे हैं। विपक्ष ने ऐसा ही रवैया न्यायपालिका और संवैधानिक संस्थानों के प्रति भी अपनाया हुआ है। कोई फैसला अपने मन मुताबिक नहीं आये तो न्यायपालिका पर सवाल उठा देना, चुनाव हार गये तो ईवीएम पर सवाल उठा देना, नोटिस मिल जाये तो आयकर विभाग या ईडी पर सवाल उठा देना और पूछताछ के लिए बुला लिया जाये तो सीबीआई पर राजनीतिक हमला कर देना अब विपक्षी नेताओं की आदत में शुमार हो चुका है। लेकिन यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि ये जो पब्लिक है ये सब जानती है और जनता की अदालत हर चुनाव में त्वरित न्याय करती है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**भाजपा में नरेंद्र मोदी के बाद चार-पांच नामो पर चर्चा की जाए तो प्रधानमंत्री के दावेदारों में शिवराज को आसानी से शामिल किया जा सकता है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में उनके सफल कार्यकाल के बाद भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व शिवराज सिंह चौहान का राष्ट्रीय राजनीति में उचित योगदान तय करेगा। मध्यप्रदेश की जनता को यह आशा करनी चाहिए शिवराज राष्ट्रीय राजनीति में अपने अनुभव का प्रयोग कर देश का नाम रोशन करेंगे। राजनीति में आरोप लगाना आसान है। शिवराजसिंह पर भी लगे है। किंतु लंबे वक्त तक प्रदेश का मुखिया बने रहने के बाद भी बेदाग रहना उनकी ईमानदार छवि का उदाहरण है। शिवराज प्रदेश के मुख्यमंत्री रहने के दौरान तो जनप्रिय नजर आते ही थे।**

# शिवराज सिंह चौहान भाजपा का उदारवादी राष्ट्रीय चेहरा



नरेंद्र तिवारी पत्रकार

**शिवराज का मुख्यमंत्री नहीं बन पाना प्रदेश की जनता को दुखी कर गया लगता है। इस दुख के पीछे शिवराज जनप्रिय छवि, गहरा विश्वास और जनसामान्य जुड़ गया नाता नजर आता है। प्रदेश के मामा, लाडली बहनों के भाई और संवेदनशील मुख्यमंत्री से आमजनता का गहरा रिश्ता बन गया था।**

मध्यप्रदेश में सोलहवीं विधानसभा के चुनाव सम्पन्न हुए। इस चुनाव में भाजपा ने समस्त अनुमानों को झुठलाते हुए शानदार सफलता अर्जित की है। राज्य में भाजपा ने 163 विधानसभा सीटों पर विजय श्री प्राप्त कर अचंभित कर दिया। प्रदेश में भाजपा को मिली प्रचंड विजय को भाजपा संगठन मोदी मैजिक बता रहा है। चुनाव के पूर्व और अपार सफलता के बाद भी संगठन शिवराजसिंह को नजरंदाज करता प्रतीत हो रहा है, किंतु चुनाव के उपरांत भाजपा को मध्यप्रदेश में मिली अपार सफलता के बाद जनता की नजर में नायक के रूप में अव्वल नंबर पर कोई है तो वह है मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, मामा जिनकी जननायक की छवि ने भाजपा के लिए प्रचंड सफलता की इबारत लिखी। सूबे में शिवराजसिंह चौहान सबसे अधिक समय तक मुखिया रहे हैं। उन्होंने अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं को मूर्तरूप देकर जनसामान्य को लाभ पहुंचाने के कार्य किए। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में लाडली बहना योजना शिवराज का मास्टर स्ट्रोक शाबित हुआ। प्रदेश में लाडली बहना योजना का प्रचार-प्रसार करने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस योजना के माध्यम से प्रदेश की सवा करोड़ से अधिक महिलाओं के खातों में 1250 रु महीना राज्य सरकार द्वारा जमा किया जा रहा है। शिवराजसिंह चौहान मुख्यमंत्री रहने के दौरान भावुक, और संवेदनशील नजर आते रहते थे। उन्होंने समय-समय पर सख्त रुख भी इख्तियार किया। जो समय की मांग भी मानी जा सकती है। चुनाव प्रचार के दौरान प्रदेशभर में दिनरात एक कर पार्टी के पक्ष में माहौल बनाया। खुद शिवराज सिंह चौहान ने स्वीकार किया चुनाव प्रचार के दौरान उन्हें नींद नहीं आती थी। उनकी नायकत्व छवि का ज्वार उस समय चरम पर पहुंच गया जब भाजपा नेतृत्व ने प्रदेश में अगली पीढ़ी को कमान सौंपने के निर्णय को सर्वोपरि रखते हुए शिवराज मंत्री मंडल के पूर्व शिक्षा मंत्री उज्जैन दक्षिण के वर्तमान विधायक मोहन यादव को मुख्यमंत्री पद की कमान सौंपने का निर्णय लिया। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने सिर्फ मध्यप्रदेश में ही नहीं अपितु छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी नवीन चेहरों को मुख्यमंत्री पद की कमान सौंपने का निर्णय लिया। मध्यप्रदेश में आमजनता की नजर में शिवराज सिंह मुख्यमंत्री पद के सबसे प्रबल दावेदार माने जा रहे थे। शिव के स्थान पर मोहन का चयन करना भाजपा हाईकमान का अंदरूनी निर्णय है। इस निर्णय के पीछे भाजपा संगठन की आगामी रणनीति भी छुपी हो सकती है। इस निर्णय से संगठन को क्या फायदा या नुकसान होगा यह समय के गर्त में छुपा हुआ है। किंतु वर्तमान दौर में साफतौर पर जो दिखाई दे रहा है। वह यह है की शिवराज सिंह चौहान एमपी में मुख्यमंत्री के तौर पर बेहतर कार्य कर रहे थे। प्रदेश की जनता ने भाजपा को प्रचंड बहुमत देकर शिवराज के पक्ष में ही अपना जनादेश दिया था। शिवराज का मुख्यमंत्री नहीं बन पाना प्रदेश की जनता को दुखी कर गया लगता है। इस दुख के पीछे शिवराज जनप्रिय छवि, गहरा विश्वास और जनसामान्य जुड़ गया नाता नजर आता है। प्रदेश के मामा, लाडली बहनों के भाई और संवेदनशील मुख्यमंत्री से आमजनता का गहरा रिश्ता बन गया था। प्रदेश की जनता के मन में शिवराज के प्रति गहरा अपनत्व नजर आता दिखाई दे रहा था। यह प्यार और अपनत्व उनके मुख्यमंत्री रहने के दौरान तो था। उनके मुख्यमंत्री नहीं बन पाने के बाद अधिक बढ़ता दिखाई दिया।



**प्रदेश का वर्तमान नेतृत्व शिवराज के जनहितैषी कार्यों को आगे बढ़ाएगा और भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व मध्यप्रदेश के इस कद्दावर नेता के अनुभव का लाभ लेते हुए उचित भूमिका तय करेगा। वें भाजपा के उदारवादी राष्ट्रीय चेहरे है। उनका राष्ट्रीय राजनीति में अहम योगदान होना चाहिए।**

प्रदेश भर से शिवराज के चाहने वालो के अश्रुयुक्त दुखी चेहरे इस बात की तस्दीक करते दिखाई दे रहे है, उनके दुख का मूल कारण यह है की जनता का यह वास्तविक प्रतिनिधि जिसे वह चाहते हैं, मतदान के रूप में जिसके प्रति विश्वास प्रकट किया गया। भाजपा संगठन की नीति के परिणाम स्वरूप प्रदेश का मुख्यमंत्री नहीं बन पाया। बावजूद इसके जनता का प्रेम उनके प्रति अधिक बढ़ता दिखाई दिया। ऐसा प्रदेश के आमजन की भावनाओं को जानने के उपरांत दिखाई दे रहा है। शिवराज को भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व क्या जिम्मेदारी सौपेगा। यह आगामी समय में स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल शिवराज के प्रति जो स्नेह, प्यार और विश्वास की लहर दिखाई दे रही है। वह उन्हें देश के बड़े नेता और नायक के रूप में खड़ा करती दिख रही है। शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री रहते बनाई योजनाएं, उनका ईमानदारी से क्रियान्वयन उनके कुशल प्रशासक होने का प्रमाण है। उनके बहुत से प्रशंसक उन्हें भावी प्रधानमंत्री के रूप में भी देख रहे है। शिवराज की अंहकार रहित छवि भी उनके नायकत्व में वृद्धि करती है। साढ़े अठरह बरस निर्विवाद मुख्यमंत्री रहने के बाद एमपी की जनता के दिल में बसे शिवराज की भाजपा हाईकमान ने अपनी नीति के चलते बिदाई जरूर कर दी है। किंतु जनता के दिल से शिवराज की बिदाई करना इतना आसान दिखाई नहीं देता है। उनका अंदाज भी निराला है। जब उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में कहा 'जस की तस रखदिनी चदरिया' तब वह यहीं कहना चाह रहे थे की जैसी मुझे सत्ता सौंपी गई थी वैसी की वैसी सत्ता वापस कर दी गई है। प्रजातंत्र में जनता का विश्वास उस नेता को ही मिलता है जो जनता की समस्याओं को जानता हो, समस्याओं के उचित निराकरण के उपाय करता हो, जो समाज के शोषित, वंचित, गरीब वर्ग के लिए संवेदनशील हो, जनपेक्षाओं से भलीभांति परिचित हो, अपराधियों के लिए कठोर, आमजन के लिए द्रवित दिखाई देता हो। शिवराज ने समय-समय पर कठोरता का आवरण ओढ़ा किंतु उनके मूल में उदारता हमेशा दिखाई देती रही। उन्होंने मध्यप्रदेश की तस्वीर को संवारा है। प्रदेश को विकासशील से विकसित बनाने की ओर अग्रसर किया है। प्रदेश के विकास में शिवराज के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। वें गंभीर प्रकृति के नेता है। यही कारण है की उनके प्रशसंक उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते है। यह सही भी है।



### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | नवमी 09:37 तक |
| नक्षत्रः | रेवती 22:09 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | वरीयान, 13:28 तक |
| सूर्योदयः | 06:51 |
| सूर्यास्तः | 17:18 |
| चंद्रमाः | मीन राशि में |
| राहुकालः | 12:19-13:35 |
| विक्रमी संवत्ः | 2080 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:43 से 12:25 तक |

## जन एक्सप्रेस

**है हमको फंसाया !**

*है और रहेगा ।*
*अपना ये संघर्ष ।।*
*भले लगे आरोप। ।*
*है फिर भी उत्कर्ष ।।*
*है हमको फंसाया ।*
*और हुआ उपयोग ।।*
*फिर भी अपने लोगों का ।*
*है पूरा सहयोग ।।*
*हैं हम पाक साफ़ ।*
*कागज़ है दिखाया ।।*
*रह गए यदि अंदर ।*
*उनका भी सफ़ाया ।।*
*ना किया कुछ गड़बड़ ।*
*फिर भी लगी लगाम ।।*
*चला जो लंबा खेल ।*
*लूंगा और नाम ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस कविता

*ज़माने को लग गई किसकी नज़र,*
*मासूम क़ातिल नज़र आने लगे हैं ।*
*अबोध खिखिलाते नहीं अब खुल के,*
*ज़माने की बंदिश से हकलाने लगे है।*
*सूरज भी तपने लगा है बेइंतहा,*
*परिंदे पंख अब फड़फड़ानें लगे है।*
*उलटी बयार सरसरा रही है ऐसी।*
*पेड़ों में नए पत्ते भी सूखे आने लगे है।द्य*
*बेरूखि का ये कैसा हो गया असर*
*श्रवण कुमार माँ बाप से कतराने लगे हैं।*
*पश्चिम का परचम फैला है इस कदर।*
*बच्चे देश के विदेशी कहलाने लगे है।*
*भूख और लाचारी सर उठाने लगी है संजीव।*
*अन्न दाता ही अब जहर खाने लगे हैं।*


संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

**शिक्षा ग्रहण करने के लिए निरंतर और हर पल प्रयास करते रहना चाहिए सभी प्रकार के अंधकार को शिक्षा की रोशनी से ही दूर किया जा सकता है**

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# ठंड में इन्फ्लूएंजा और फ्लू को नजर अंदाज करना पड़ सकता है भारी



**सर्दी** के मौसम में संक्रमण और वायरल समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। इस मौसम में बच्चों और बुजुर्गों के बीमार होने का खतरा सबसे ज्यादा रहता है। सर्दियों के मौसम में सीजनल फ्लू और इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियों का खतरा भी ज्यादा रहता है। कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों में इन बीमारियों का खतरा ज्यादा रहता है। इन समस्याओं में शरीर में दर्द, नाक बहने की समस्या, गले में खराश, बुखार, सिरदर्द समेत कई गंभीर परेशानियां होती हैं। बच्चों और बुजुर्गों का ठीक ध्यान न रखने से उनमें ये परेशानियां गंभीर होने का खतरा रहता है। सर्दियों में शरीर को सीजनल फ्लू और इन्फ्लूएंजा जैसी स्थितियों की चपेट में आने से बचाने के लिए विशेष ध्यान रखना चाहिए।

**इन्फ्लूएंजा और सीजनल फ्लू से बचाव के टिप्सः** इन्फ्लूएंजा और सीजनल फ्लू जैसी गंभीर समस्याओं के लक्षणों को नजरअंदाज करने से परेशानियां और बढ़ जाती हैं। सर्दियों के मौसम में सीजनल फ्लू और इन्फ्लूएंजा का खतरा बढ़ जाता है। ये बीमारियां ज्यादातर बच्चों और बुजुर्गों में देखने को मिलती हैं। आमतौर पर लोग इन्फ्लूएंजा और फ्लू को सामान्य सर्दी-जुकाम समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। बाबू ईश्वर शरण हॉस्पिटल के सीनियर फिजिशियन डॉ समीर कहते हैं, इन्फ्लूएंजा और फ्लू का खतरा कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों में ज्यादा रहता है। इन समस्याओं से बचने के लिए लक्षणों को सही समय पर पहचान कर इलाज और बचाव अपनाने चाहिए।

**इन्फ्लूएंजा और सीजनल फ्लू के लक्षणः** सीजनल फ्लू और इन्फ्लूएंजा खांसी और छींक से निकले ड्रॉपलेट्स के माध्यम से भी फैल सकता है। संक्रमित होने के बाद यह 5 से 7 दिनों तक शरीर में रह सकता है।

**इन्फ्लूएंजा और सीजनल फ्लू से बचावः** सर्दियों में इन्फ्लूएंजा और सीजनल फ्लू का खतरा सबसे ज्यादा कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों में रहता है। इससे बचने के लिए शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी को मजबूत रखें। इसके अलावा इन्फ्लूएंजा या सीजनल फ्लू से संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से बचना चाहिए। यह बीमारी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से फैलती है, इसलिए सोशल डिस्टेंसिंग का भी ध्यान रखना चाहिए। हाथों को समय-समय पर साबुन की सहायता से अच्छी तरह साफ करें। इसके अलावा शरीर को हेल्दी और बीमारी से बचाने के लिए रोजाना विटामिन सी और विटामिन डी की पर्याप्त मात्रा वाले फूड्स का सेवन करें। रोजाना एक्सरसाइज और योग का अभ्यास करने से भी इन बीमारियों के संक्रमण को रोकने में मदद मिलती है। सर्दी-खांसी, जुकाम और बुखार जैसे लक्षणों को नजरअंदाज करने से बचें। इन लक्षणों के दिखने पर सबसे पहले डॉक्टर की सलाह लें और जांच के बाद उचित इलाज जरूर लें। किसी भी स्थिति में बिना डॉक्टर की सलाह के दवाओं का सेवन करने से बचें।

### एक्सप्रेस विशेष

# क्या इंडिया जनता पार्टी बन पाएगी?



डॉ ओ0पी0 मिश्र

**भ्रष्टाचार के मामले में जनता की अदालत के कटघरे में है इतना ही नहीं विपक्ष को इंदिरा गांधी के विरुद्ध एकजुट करने में अहम भूमिका निभाने वाले लोकनायक जय प्रकाश नारायण जब भाषण करते थे तो यह स्पष्ट प्रतीत होता था कि जनता पार्टी कांग्रेस का विकल्प बनने में सक्षम है।**

**वैसे ऐसा नहीं है कि एनडीए या भाजपा के लोग भ्रष्ट नहीं है बिल्कुल भ्रष्ट है भ्रष्टाचार का बोलबाला है बगैर पैसा दिए कोई काम नहीं होता। इसके बावजूद भाजपा या एनडीए का भ्रष्टाचार जगजाहिर नहीं है जबकि विपक्षी नेताओं के भ्रष्टाचार को ईडी, आईटी तथा सीबीआई ने जगजाहिर कर दिया है ऐसे में आम मतदाता एनडीए या मोदी की कार्य प्रणाली के विरुद्ध आक्रोशित कैसे हो पाएगा?**

**मंगलवार** को दिल्ली के अशोका होटल में इंडिया गठबंधन की बैठक किसी विशेष नतीजे पर पहुंचे के बजाय सांसदों के निलंबन के विरोध में 22 दिसंबर को देशभर में प्रदर्शन की घोषणा के साथ खत्म हो गई। इंडिया गठबंधन की यह चौथी बैठक थी लेकिन अभी तक सीट शेयरिंग को लेकर घटक दल किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाए हैं। जबकि 2024 के लोकसभा चुनाव मे करीब सवा सौ दिन ही बचे हैं। वैसे बैठक के बाद कहा तो यह गया है कि गठबंधन 31 दिसंबर तक राज्यों में सीट शेयरिंग को लेकर तस्वीर साफ कर लेगा। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या 10 दिनों में ऐसा हो पाएगा? क्या 2024 का लोकसभा चुनाव एनडीए बनाम इंडिया हो पाएगा? इस सवाल का जवाब संभव तो नहीं लेकिन मुश्किल अवश्य है। मुश्किल इसलिए है कि अपने-अपने राज्यों के छत्रप कांग्रेस जैसे बड़े दल को जिसके पास लोकसभा में 51 सांसद हैं को बहुत ज्यादा छूट नहीं देना चाहते हैं। इन छत्रपो को भाजपा का डंडा खाना मंजूर है लेकिन कांग्रेस को वे बहुत ज्यादा बढ़ते हुए नहीं देखना चाहते। आप कहेंगे ऐसा क्यों? तो उसका जवाब है कि अधिकांश छत्रपो का वोट बैंक कांग्रेस से ही उनके पास आया है। और वह नहीं चाहते हैं कि वह वोट बैंक जिसे उन्होंने काफी सहेज कर रखा है, पुनः कांग्रेस के पास जाए। इस लिहाज से इंडिया गठबंधन क्या एनडीए का विकल्प बन पाएगा? शायद नहीं। क्योंकि इंडिया गठबंधन जनता पार्टी नहीं है और जब वह जनता पार्टी नहीं है तो सत्तारूढ दल को वह चुनौती कैसे दे सकती है। 1977 में जब इंदिरा गांधी की तानाशाही के विरुद्ध जनता पार्टी बनी थी। तो उसके पास जय प्रकाश नारायण जैसा एक ऐसा नेता था जिसे सत्ता से बिल्कुल मोह नहीं था तथा जो किसी भी लिहाज से दागदार नहीं था। जबकि इंडिया गठबंधन के अधिकांश नेता भ्रष्टाचार के मामले में जनता की अदालत के कटघरे में है इतना ही नहीं विपक्ष को इंदिरा गांधी के विरुद्ध एकजुट करने में अहम भूमिका निभाने वाले लोकनायक जय प्रकाश नारायण जब भाषण करते थे तो यह स्पष्ट प्रतीत होता था कि जनता पार्टी कांग्रेस का विकल्प बनने में सक्षम है। जबकि इस समय यह कतई नहीं लगता कि इंडिया गठबंधन एनडीए का विकल्प हो सकता है। क्योंकि सब अपनी-अपनी चाल चल रहे हैं और वजीर का कहीं दूर दूर तक पता नहीं। इसके अलावा 1977 में जनता के अंदर भी कांग्रेस को लेकर आक्रोश था जबकि 2023-2024 में ना तो एनडीए के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश है और ना ही प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता में कोई कमी है। ऐसे में अगर इंडिया गठबंधन के नेताओं को यह लगता है कि वह एनडीए का मुकाबला कर सकेंगे और एक पर एक चुनाव का वातावरण तैयार कर सकेंगे? तो वे गलतफहमी में है। अभी अभी तो देश के मतदाता यह पूरी तरह से जान और समझ भी नहीं पाए हैं कि वास्तव में इंडिया गठबंधन है क्या? किस-किस राजनीतिक दल के लोग इसमें शामिल हैं? क्या इसका एजेंडा है? तथा किस तरह यह गठबंधन भाजपा या एनडीए से बेहतर है? क्या सौ- सवा सौ दिन में इंडिया गठबंधन देश के गांव-गांव तक पहुंच पाएगा ? कहां नहीं जा सकता क्योंकि इंडिया गठबंधन अभी धरातल पर तो है ही नहीं? इसके अलावा इंडिया गठबंधन के क्या किसी भी नेता के पास सनातन की काट है? अयोध्या मेरा मंदिर की काट है? शायद नहीं। रही बात पिछड़ा वर्ग के वोट बैंक की तो उसका भी जवाब मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ का विधानसभा चुनाव दे चुका है। फिर आम मतदाता यह कैसे मान ले की इंडिया गठबंधन एनडीए का विकल्प बन पाएगा? इतना ही नहीं 2024 के लोकसभा चुनाव में भ्रष्टाचार भी एक बड़ा मुद्दा रहेगा। ऐसे में इंडिया गठबंधन अपने को और अपने नेताओं के क्लीन चिट कहां से लायेगा? क्योंकि चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी विशिष्ट शैली के जरिए विपक्षी नेताओं को भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा हुआ तो साबित करेंगे ही। वैसे ऐसा नहीं है कि एनडीए या भाजपा के लोग भ्रष्ट नहीं है बिल्कुल भ्रष्ट है भ्रष्टाचार का बोलबाला है बगैर पैसा दिए कोई काम नहीं होता। इसके बावजूद भाजपा या एनडीए का भ्रष्टाचार जगजाहिर नहीं है जबकि विपक्षी नेताओं के भ्रष्टाचार को ईडी, आईटी तथा सीबीआई ने जगजाहिर कर दिया है ऐसे में आम मतदाता एनडीए या मोदी की कार्य प्रणाली के विरुद्ध आक्रोशित कैसे हो पाएगा? यह सही है कि प्रधानमंत्री मोदी के शासनकाल में रोजगार के अवसर कम हुए हैं, बेरोजगारी बढ़ी है, भ्रष्टाचार बढ़ा है, सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ा है, महंगाई चरम पर है, दिलों के बीच खाईयां और चौड़ी हुई है, अविश्वास की भावना बढ़ी है लेकिन इसी के साथ हिंदुत्व की भावना भी बढ़ी है।

# यूपी जोड़ो यात्रा का कांग्रेस जनों ने किया भव्य स्वागत

**प्रदेश अध्यक्ष ने किया भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का आह्वान**

जन एक्सप्रेस । सहारनपुर



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में निकाली जा रही यू0पी0 जोड़ो पद यात्रा के सहारनपुर पहुंचने पर ऑल इण्डिया कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य जावेद साबरी के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कांग्रेस जनों से एकजुट होकर आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया ताकि भाजपा को सत्ता से बेदखल किया जा सके। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष अजय राय द्वारा सिद्धपीठ मां शाकम्भरी देवी में पूजा अर्चना कर यू0पी0 जोडो यात्रा का शुभारम्भ करने के बाद उनका काफिला जैसे ही सहारनपुर के विजय टाकिज पहुंचा तभी कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष जावेद साबरी के नेतृत्व में कांग्रेस जनों की भारी भीड़ ने गगनभेदी नारो के साथ बडी माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया।

कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कांग्रेस द्वारा सहारनपुर की धरती से यू0पी0 जोड़ो यात्रा का शुभारम्भ किया गया ताकि कांग्रेस भाजपा को सत्ता से उखाडकर नफरत के माहौल को समाप्त कर सके। उन्होनें कहा कि भाजपा के शासन में किसानों को गन्ना मूल्य भुगतान नहीं मिल पा रहा है। गन्ने का दाम नहीं बढ़ रहा है। नौजवानों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। महिलाओं का उत्पीडन हो रहा है। भाजपा के विधायक ही महिलाओं का बलात्कार कर रहे हैं तथा भाजपा उन्हें बचाने का काम कर रही है। उन्होनें कहा कि कांग्रेस इस पद यात्रा के माध्यम से किसान, मजदूर, व्यापारी, युवा व महिलाओं की समस्याओं को उठाने का काम करेगी।

**भारी संख्या में कांग्रेसजन रहे उपस्थित**

इस दौरान कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, पूर्व विधायक प्रदीप माथुर, पूर्व मंत्री डा0 सी0पी0 राय, पूर्व मंत्री सुनील शास्त्री, पूर्व मंत्री जाफर अली नकवी, राष्ट्रीय सचिव प्रदीप निर्वाल व तौकीर आलम, पूर्व विधायक इमरान मसूद, जिलाध्यक्ष चौ0 मुजफ्फर अली, प्रदेश सचिव, अशोक सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खान, भदोही जिलाध्यक्ष राजन दूबे, सरदार चन्द्रजीत सिंह निक्कू, शायान मसूद,, समेत भारी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



## कलमकार भी ले रहे अवैध निर्माण का ठेका

**जन एक्सप्रेस/सहारनपुर।** महानगर में अवैध निर्माण कराने का ढेका सविप्रा के जेई मेट एवं सफेद पोश नेताओं के साथ-साथ अब कलम कारों व कुछ मीडिया कर्मियों ने भी लेना शुरू कर दिया है। सविप्रा के जोन 9 के अन्तर्गत कोर्ट रोड स्थित रौनक साडी स्टोर के बराबर में एक कलम कार के सरक्षण में पर्दा लगाकर व्यवसायिक निर्माण कर लिया गया है। सविप्रा के सूत्रों का कहना है। उक्त निर्माण का ठेका एक न्यूज चैनल के पत्रकार के पास है, इसीलिये विभागीय अधिकारी कार्यवाही, नहीं कर पा रहे है।

## सीटीआई के द्वारा किया जा रहा ई-रिक्शा चालकों का उत्पीड़न




जन एक्सप्रेस । शहज़ाद अंजुम

**सहारनपुर।** रेलवे स्टेशन के सौन्दर्य करण को लेकर किये जा रहे निर्माण कार्य की आड़ में गरीब मजदूर ई-रिक्शा चालकों का रेलवे विभाग के सी टी आई द्वारा जमकर आर्थिक एवं मानसिक, उत्पीडन किया जा रहा है। चर्चा है कि रेलवे स्टेशन पर भीड़ लगाने के नाम पर सी टी आई ई-रिक्शा चालकों को पकड़ कर जी आर पी पुलिस के हवाले कर देते हैं। इसके प्रति ई-रिस्था 250 एवं 51 रुपये का अर्थ दण्ड वसूल कर ई-रिक्शा चालकों को छोडा जाता है। सूत्रों का कहना है जो ई-रिक्शा चालको नूर बस्ती में रहने वाले दलाल के माध्यम से सीटीआई को मासिक सुविधा शुल्क देते हैं, उन ई-रिक्शा चालको, के खिलाफ सी टी आई कोई कार्य वाही नहीं करते हैं। जीआर पी पुलिस का कहना है कि रेलवे कै सी टी आई के निर्देश पर कार्य वाही करना हमारी मजबूरी है। इन सब हालातों के चलते रेलवे स्टेशन परिसर में अगर सभी प्रकार के यात्री वाहनों के आगमन पर प्रतिबन्ध लगा दिया जाये तो ई-रिक्शा चालकों का आर्थिक उत्पीडन भी बन्द हो जायेगा।

# प्रगतिशील अधिवक्ताओं ने डोर टू डोर जाकर चुनाव के लिए किया जन सम्पर्क



जन एक्सप्रेस । सहारनपुर

सहारनपुर प्रगतिशील अधिवक्ता एकता मंच के समस्त प्रत्याशियों ने वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवंम अधिवक्ताओं के साथ मिल कर सिविल कोर्ट परिसर में चेंबर तू चैंबर जाकर अधिवक्ताओं से वोट और सपोर्ट कर विजय बनाने के लिए अनुरोध किया एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव 2023-24 में प्रगतिशील अधिवक्ता एकता मंच से अध्यक्ष पद हेतू श्री राजीव शर्मा एडवोकेट।वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतू श्री उपदेश अग्रवाल एडवोकेट।कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतू श्रीमती प्रीति सैनी एडवोकेट।महासचिव पद हेतू श्री जयवीर सिंह एडवोकेट।सहसचिव पद हेतू श्री राज कुमार वर्मा एडवोकेट,श्री जमाल साबरी एडवोकेट।कोषाध्यक्ष पद हेतू श्री गौरव दीक्षित एडवोकेट।सीनियर गवर्निंग कॉउन्सिल पद हेतू,श्रीमती रोशनी एडवोकेट, श्री दिलीप सेठ एडवोकेट।जूनियर गवर्निंग कॉउन्सिल पद हेतू कु. सोनिया एडवोकेट,मौ. साकिब एडवोकेट।

# चिलवरिया चीनी मिल को लम्बित गन्ना मूल्य के तत्काल भुगतान के निर्देश

**डीएम ने की मौजूदा पेराई सत्र के देय अवशेष गन्ना मूल्य एवं अंशदान के भुगतान की समीक्षा**

जन एक्सप्रेस । बहराइच

जनपद में अवस्थित चीनी मिलों द्वारा पेराई सत्र 2022-23 के देय अवशेष गन्ना मूल्य एवं अंशदान तथां चालू पेराई सत्र 2023-24 में गन्ना मूल्य एवं अंशदान के भुगतान की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा चीनी मिल चिलवरिया के जिम्मेदारान को सख्त निर्देश दिया कि सम्पूर्ण अवशेष गन्ना मूल्य/अंशदान का भुगतान तत्काल सुनिश्चित किया जाय। जिला गन्ना अधिकारी को निर्देशित किया गया कि चीनी मिल चिलवरिया द्वारा गन्ना मूल भुगतान समय से न किये जाने पर सम्बन्धित यूनिट के विरूद्ध कठोर कार्यवाही हेतु शासन को पत्र भिजवाए। जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि गत माह अगस्त से अब तक चीनी मिल चिलवरिया द्वारा रू. 15 करोड़ का भुगतान किया गया है। डीएम ने इसे अपर्याप्त बताते हुए निर्देश दिया कि तत्काल लम्बित गन्ना मूल्य का भुगतान कर दिया जाय। बैठक में मिलवार गन्ना मूल्य व अंशदान भुगतान की समीक्षा में बताया गया कि सत्र 2023-24 में चीनी मिल पारले द्वारा सूचना की तिथि से 14 दिन पूर्व तक के देय गन्ना मूल्य रू. 2976.63 लाख के सापेक्ष रू. 4864.29 लाख एवं चीनी मिल जरवलरोड द्वारा देय गन्ना मूल्य रू 555.19 लाख के सापेक्ष रू. 798.59 लाख का भुगतान किया गया है। चीनी मिल नानपारा की सी.सी.एल. स्वीकृति हो गयी है जिससे वर्तमान सत्र का गन्ना मूल्य भुगतान किया जायेगा। डीएम मोनिका रानी ने बैठक में मौजूद चीनी मिलों के अध्यासियों एवं प्रधान प्रबन्धकों को निर्देश दिया कि गन्ना कृषकों के हित को सर्वोपरि रखते हुए मिल का संचालन करें तथा समय से गन्ना मूल्य व अंशदान का भुगतान करें। गन्ना ढुलाई में प्रयुक्त वाहनों पर रैट्रो रिफ्लेक्टिव टेप एवं पेन्ट लगाये जाने की समीक्षा में बताया गया कि चीनी मिल परसेण्डी द्वारा 135 ट्रक एवं 1895 ट्राली, शिम्भावली शुगर्स लि. यूनिट चिलवरिया द्वारा 15 ट्रक, 20 ट्राला एवं 650 ट्राली, आई.पी.एल. जरवल रोड द्वारा 150 बैलगाड़ी, 10 ट्राला एवं 210 ट्राली तथा श्रावस्ती किसान सहकारी चीनी मिल नानपारा द्वारा 40 बैलगाड़ी, 55 ट्रक एवं 345 ट्राली कुल 3525 पर रैट्रो रिफ्लेक्टिव टेप एवं पेन्ट लगाये जाने की कार्यवाही की गई है। डीएम मोनिका रानी द्वारा निर्देशित किया गया कि माह दिसम्बर एवं जनवरी में कोहरे एवं धुंध की सर्वाधिक संभावना को देखते हुए सड़क दुर्घटना में कमी लाने हेतु सभी चीनी मिलों को योजना बद्ध तरीके से अधिक से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर/रिफ्लेक्टिव पेन्ट लगाये जाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, जिला गन्नाधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) राजीव कुमार, प्रवर्तन ओ.पी. सिंह, खान निरीक्षक मनीष कुमार, सहित चीनी मिलों के प्रतिनिधि तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही का आगमन 21 दिसंबर को

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही का 21 दिसम्बर को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। श्री शाही 21 दिसम्बर को अपरान्ह एक बजे वन्य जीव विहार कतर्नियाघाट के अतिथि गृह पहुंचकर अपनी सुविधानुसार स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे तथा रात्रि विश्राम कतर्नियाघाट में करेंगे। मंत्री श्री शाही 22 दिसम्बर 2023 को पूर्वान्ह 11:30 बजे कृषि विज्ञान केन्द्र, नानपारा पहुंचकर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा वित्त पोषित प्रशासनिक भवन तथा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत स्वीकृत मुर्गीपालन इकाई, बाउण्ड्रीवाल एवं सोलर पैनल का लोकार्पण तथा पालीहाउस, नेट हाउस व तालाब के शिलान्यास कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे इसके पश्चात नानपारा में ही अपरान्ह 12:30 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा से सम्बन्धित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। मंत्री श्री शाही अपरान्ह दो बजे इन्दिरा गॉधी स्टेडियम पहुंचकर जिला स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल होंगे। श्री शाही अपरान्ह चार बजे कैसरगंज में विकसित भारत संकल्प यात्रा से सम्बन्धित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सांय पांच बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगे। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने दी है।

### ट्राली से भिड़ी बाइक, एक की मौत-पति समेत दो घायल

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** लखनऊ बहराइच राजमार्ग पर थाना फखरपुर क्षेत्र अंतर्गत एक बाइक ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ गई। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई जबकि महिला के पति समेत दो घायल हो गए हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उप निरीक्षक बिंदेश्वरी यादव ने बताया कि कैसरगंज थाना क्षेत्र के चक पिहानी गांव निवासी लड्डन की तबियत खराब थी वह अपनी पत्नी राबिया व भतीजे विजय के साथ दवा लेने के लिए मंगलवार की सुबह बाइक से बहराइच जा रहे थे। जब वह फखरपुर खलतापुर मोड के पास स्थित ढाबे के पास पहुंचे तभी उनकी बाइक ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। इस हादसे में तीनों बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को इलाज के लिए फखरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां डाक्टरों ने राबिया को मृत घोषित कर दिया। लड्डन व विजय का उपचार कराया जा रहा है। मृतक के शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### प्राइवेट बस से भिड़ी बोलेरो, आधा दर्जन छात्राएं घायल

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** जनपद के मिहीपुरवा-बिछिया मार्ग पर यात्रियों से भरी तेज रफ्तार में निजी बस चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी, इस पर पीछे से आ रही एक बोलेरो अनियंत्रित होकर बस में भिड़ गई। बोलेरो वाहन में सवार आधा दर्जन छात्राएं घायल हो गई, यह सभी छात्राएं स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने बहराइच जिला उद्योग कार्यालय जा रही थीं। तेज रफ्तार बस ने अचानक लगाई ब्रेक, पीछे से भिड़ी बोलेरो, स्मार्टफोन वितरण में जा रही आधा दर्जन छात्राएं घायल हादसे में घायल हो गयी। जनपद बहराइच के कोतवाली मुर्तिहा क्षेत्र अंतर्गत मिहीपुरवा- बिछिया मार्ग पर बेलछा वन बैरियर के निकट बुधवार सुबह प्राइवेट बस में पीछे से आ रहे बोलेरो वाहन की टक्कर हो गई। हादसे में बोलेरो वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं हादसे में बोलेरो चालक समेत उसमें सवार आधा दर्जन छात्राएं घायल हो गईं। दुर्घटना के बाद बस मौके से फरार हो गई। बोलेरो से यात्रा कर रहे पवन कुमार ने बताया कि वह सुजौली क्षेत्र के जयश्री पुरवा बड़खडिया के रहने वाले हैं। तेज रफ्तार बस ने अचानक ब्रेक लगाई जिससे पीछे से आ रही बोलेरो भिड़ गई। इस हादसे में स्मार्टफोन वितरण के लिए जा रही आधा दर्जन छात्राएं घायल हो गईं। घायल छात्राओं की पहचान पूजा, अंशिका, रीमा, पूनम, चिंता, रंजू व शशी के रूप में हुई जो स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बहराइच जिला उद्योग कार्यालय जा रही थी। घटना की सूचना छात्राओं ने कोतवाली पुलिस को दी है।

## डीएम ने बस को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेशन योजनान्तर्गत पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण हेतु जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने आज महिला किसान रेखा दीक्षित के द्वारा बस को हरी झण्डी दिखाकर कलेक्टेव्ट परिसर से रवाना किया। प्रशिक्षण हेतु जाने वाले किसान 20 दिसम्बर 2023 से 24 दिसम्बर 2023 तक चन्द्रशेखर कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय कानपुर मे प्रशिक्षण प्राप्त करेगें। यहा पर किसानों को कृषि की उन्नत तकनीकों के बारे मे जानकारी दी जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के किसानों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने से कृषि के क्षेत्र मे नवीन तकनीकों का प्रसार होगा।

# फांसी के फंदे से लटका मिला युवक का शव देर रात तक फोन पर की थी किसी से बात

**छह दिन बाद होने वाली थी शादी, परिवार में शोक का माहौल, पुलिस आत्महत्या का कारण जानने में जुटी**

जन एक्सप्रेस । बहराइच

जिले के कैसरगंज क्षेत्र निवासी एक युवक का शव उसके कमरे में फांसी के फंदे से लटका पाया गया। परिजनों ने बताया कि आधी रात तक युवक मोबाइल फोन पर किसी से बात कर रहा था फिर सोने चला गया। सुबह कमरा न खुलने पर जब परिवार के लोग कमरे में गए तो युवक को फंदे से लटका पाया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक युवक की शादी 6 दिन बाद होनी थी। अचानक उसके फांसी लगा लेने से परिवार की खुशियां गम में तब्दील हो गई है। जिले के कैसरगंज थाना क्षेत्र निवासी पिता मुबीन ने बताया कि उसके पुत्र 25 वर्षीय मोनिश की शादी हुजूरपुर थाना अंतर्गत डिहवा गांव निवासी युवती से तय हुई थी। पूरा परिवार शादी की तैयारी में जुटा था। आगामी 25 दिसंबर को बेटे मोनिश का निकाह होना था। पिता मुबीन ने कहा कि प्रतिदिन की तरह सोमवार की रात को मोनिश किसी से मोबाइल पर बात कर रहा था। वह द्वार पर ही अलाव के पास था, लेकिन रात 12 बजे के आसपास उठकर मोबाइल पर बात करते हुए अपने कमरे में चला गया। इसके बाद मोनिश ने कमरा बंद कर लिया। पिता ने कहा कि उसकी रोज की आदत थी इसके चलते किसी ने ध्यान नहीं दिया। कमरे के अंदर वह बात करते हुए फांसी के फंदे पर झूल गया। सुबह जब देर तक दरवाजा नहीं खोला तो परिवार के लोगों ने मोनिश को आवाज दी, लेकिन कोई जवाब न मिलने पर जब परिवार के लोगों ने कमरे में जाकर तो मोनिश का शव फांसी के फंदे से झूल रहा था। यह देख परिवार के लोग चीख के पड़े, आस पड़ोस के लोग भी घर के लोगों को विलखते हुए देखकर दौड़े। घटना की जानकारी पाकर कैसरगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने मोबिन के घर पहुंचकर मोनिश के शव को फांसी के फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# अलग-अलग हुए सड़क हादसों में पिक अप चालक समेत दो की मौत, एक घायल

**फखरपुर और कैसरगंज थाना क्षेत्र में हुए हादसे, पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

जन एक्सप्रेस । बहराइच

अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसे में पिकअप चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार युवक घायल हो गया। बाइक सवार युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जबकि मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। लखनऊ-बहराइच मार्ग पर कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र में कोनारी डाक बंगले के निकट मंगलवार सुबह आठ बजे प्राइवेट बस और पिक अप में टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बस एक पेड़ के सहारे खड्ड में पलट गई। हादसे में बस सवार सभी यात्री सुरक्षित बच गए। जबकि पिकअप चालक कानपुर नगर निवासी नरेंद्र राजपूत (50) पुत्र महेंद्र राजपूत घायल हो गए। उसे सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। लेकिन मेडिकल कॉलेज बहराइच में इलाज शुरू होते ही मौत हो गई। फखरपुर थाना क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने प्राइवेट बस संख्या यूपी 40 एटी 1118 ने बाइक सवार को सुबह नौ बजे टक्कर मार दी। बाइक सवार फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम विजौवा निवासी मोहम्मद पुत्र कमरुद्दीन घायल हो गया। जानकारी मिलने पर प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया। उधर इसी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गजाधरपुर के मजरा मकनी पुरवा निवासी राम मूर्ति पुत्र दुर्गा प्रसाद को अज्ञात वाहन ने देर रात में टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही युवक की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# डीआईओएस तथा ईओ नानपारा का वेतन बाधित करने के निर्देश

**विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में अनुपस्थित पाए जाने पर डीएम ने जताई नाराजगी**

जन एक्सप्रेस । बहराइच



विकास कार्यो की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी मोनिका रानी ने की। बैठक के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक व अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद नानपारा की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों का वेतन बाधित करने के निर्देश दिये। उन्होनें विभिन्न विभागों की मुख्यमंत्री डैश बोर्ड पर रैकिंग की समीक्षा के दौरान ''बी,सी,डी,ई'' श्रेणी के रैकिंग वाले विभागों पर कड़ी अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि सम्बन्धित विभाग विशेष प्रयास कर माह के अन्त तक रैकिंग में अपेक्षित सुधार लाये अन्यथा सम्बन्धित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवायी करते हुए वेतन बाधित करने की कार्रवायी की जायेगी। इसके अलावा प्रगति में सुधार न पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि भी दिये जाने की कार्रवाही की जायेगी। उन्होनें यह भी निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री डैश बोर्ड पर विभागीय प्रगति की फीडिंग जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं अपनी देख-रेख में कराये। बैठक के दौरान पंचायती राज, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा, समाज कल्याण, लोक निर्माण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, पशु पालन इत्यादि विभागों के प्रगति की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर सीडीओ रम्या आर., एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रमानन्द कुशवाहा, डीएफओ बहराइच संजय शर्मा, सीएमओ डॉ. एस.के. सिंह, सीएमएस डॉ एमएमएम पाण्डेय, डीसी मनरेगा केडी गोस्वामी, पीडी डीआरडीए राज कुमार सहित अन्य अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।




## अवशेष ईकेवाईसी का कार्य पूर्ण करने के लिए विशेष प्रयास किये जायें: डीएम

जन एक्सप्रेस । हरदोई

कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा अवशेष ईकेवाईसी का कार्य पूर्ण करने के लिए विशेष प्रयास किये जायें। किसानों को प्रेरित किया जाए। पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत विकास खण्ड वार डिमाण्ड तैयार की जाए। जनपद के सभी एफपीओ की अवशेष अपग्रेडिंग का कार्य पूरा किया जाए। किसानों के साथ विकास खण्ड स्तर पर नियमित बैठकें की जाएं। गोवंश संरक्षण को लेकर भी नियमित संवाद किया जाए। पशुपालन विभाग को निर्देशित किया कि गौशालाओं का कोई भुगतान लम्बित न रखा जाए। जिलाधिकारी ने 24 दिसम्बर को जीआईसी में आयोजित होने वाले दिव्यांग कैम्प के बारे में भी बताया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, उपनिदेशक कृषि डॉ नन्द किशोर व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण में दैवीय आपदा से बचाव के तरीकों के बारे में बताया जाएगा: डीएम

**दैवीय आपदा के मामले में तत्काल घटना स्थल पर जाकर जाँच की जाए: एम0पी0 सिंह**

जन एक्सप्रेस । हरदोई



रसखान प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण हरदोई व उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित ग्राम पंचायत एवं स्कूल/कॉलेज स्तरीय विभिन्न आपदाओं पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रतिभागी अनिवार्य रूप से प्रतिभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान दैवीय आपदा से बचाव के तरीकों के बारे में बताया जाएगा। वर्तमान में कृषक दुर्घटना योजना में कोई भी मामला लंबित नही है। गरीब परिवार के कमाऊ सदस्य की मृत्यु होने पर शासनादेश के अनुरूप सरकार की योजनाओं से उस परिवार को आच्छादित करवाने का प्रयास किया जाए। दैवीय आपदा के मामले में तत्काल घटना स्थल पर जाकर जाँच की जाए। फसल के नुकसान के मामले में नुकसान का आंकलन सही से किया जाए। पात्रता के अनुसार लाभ दिलाने का प्रयास किया जाए। शासनादेशों का भलीभांति अध्ययन किया जाए। प्रत्येक कार्यशाला से कुछ न कुछ नया सीखने को मिलता है। सीखने की कोई उम्र नही होती। अपने ज्ञान को कार्य व व्यवहार में उतारने का प्रयास करें। जिलाधिकारी ने फीता काटकर दैवीय आपदा पर आधारित प्रदर्शित प्रदर्शनी का उदघाटन किया। उन्होंने कुछ प्रतिभागियों को अपने हाथों से प्रशिक्षण किट प्रदान की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दुकान बंद करके घर जा रहे रेडीमेड कारोबारी के अपहरण से सनसनी

**घटनास्थल पर रामजी मिश्रा की मोटरसाइकिल और एक जूता, चश्मा छूट गया**

जन एक्सप्रेस । हरदोई

बीती शाम थाना पाली क्षेत्र के ग्राम बारी से रेडीमेड कारोबारी के अपहरण का मामला प्रकाश में आया है जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पाली और शाहाबाद पुलिस ने घटना की जानकारी पाकर सभी मार्गों पर तलाशी अभियान चलाया परंतु युवक का पता नहीं चल सका। युवक की बाइक चश्मा और जूते सड़क पर पड़े हुए पाए गए। ग्रामीणों की जानकारी के मुताबिक रावेंद्र कुमार, उर्फ राम जी मिश्रा पुत्र कमलकिशोर मिश्रा ग्राम वारी थाना पाली जो शाहाबाद कोतवाली के बासित नगर नेवादा तिराहा पर अपनी कपडे की दुकान पर रोज की तरह बैठता था। दिनाँक 19 दिसम्बर दिन मंगलवार को भी अपनी दुकान बंद करके मोटरसाइकिल से घर जा रहा था। जैसे किलकिली और हजियापुर के बीचों बीच पहुचा वैसे ही पीछे से आ रही चार पहिया गाड़ी ने टक्कर मार दी जिससे रामजी मिश्रा गिर गया और गाड़ी पर बैठे लोग उतर पडे और रामजी को गाड़ी मे घसीट कर डाल लिया और चलते बने। घटनास्थल पर रामजी मिश्रा की मोटरसाइकिल और एक जूता, चश्मा छूट गया जिससे इलाके मे सनसनी फैल गयी। जब इस घटना को पाली पुलिस को अवगत कराया गया तुरंत पाली पुलिस एक्शन मे आयी तुरंत खोजबीन शुरू करते हुये ग्रामीणों से जानकारी ली।

पूर्वोत्तर रेलवे
शुद्धि पत्र
ई-टेण्डरिंग खुली निविदा सूचना सं0 CPM-GS-IZN-2023-32 dated 03.01.2024 जो दिनांक 03.01.2024 को खोली जानी थी। प्रशासनिक कारणों से निरस्त की जाती है। निरस्तीकरण की सूचना रेलवे की वेब साइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
उप मुख्य इंजीनियर/गतिशक्ति
मुजाधि/डब्लू-463 इज्जतनगर
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# डीएम ने जिला स्तरीय समीक्षा व सलाहकार समिति की ली बैठक

जन एक्सप्रेस । उरई




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा समिति व जिला सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, एनआरएलएम, स्वयं सहायता समूह, स्वनिधि योजना, मत्स्य, पशुपालन आदि गहन समीक्षा कर डीएम ने बैंकर्स व संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपस में समन्वय स्थापित करते हुए विकास परक योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी आवेदन लंबित न रहे। बैंक संबंधित विभागों के साथ आपस में वार्ता कर आवेदनों को त्वरित गति से निस्तारण करें। साथ ही प्राप्त आवेदनों को समयबद्धता के साथ व्यक्तिगत रुचि लेते हुए निस्तारण करेंगे। उन्होंने समस्त बैंक को निर्देशित किया कि जनपद के ऋण जमा अनुपात को राष्ट्रीय औसत 60 प्रतिशत तक प्रगति लाएं। उन्होंने पशुपालन एवं मत्स्य पालन की प्रगति खराब होने पर फटकार लगाते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी विशेष रूप से रुचि के साथ लाभार्थियों को लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही बैंकों में लंबित आवेदनों को निस्तारण कर प्रगति बढ़ाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने समस्त बैंक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत लंबित पत्रावलियों पर कड़ी फटकार लगाई। साथ ही निर्देशित किया कि एक माह के अंदर समस्त लंबित पत्र वालियों का निराकरण कर बैंक प्रगति बढ़ाएं। उन्होंने प्रधानमंत्री फॉर्मलाइजेशन ऑफ़ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज को सभी बैंकों को प्रचार प्रसार करने के लिए एवं इस योजना के तहत लाभार्थियों को सम्मानित भी करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित कर आत्मनिर्भर बनाया जाए। इस दौरान संभाव्यतायुक्त ऋण योजना पुस्तिका 2024-25 का विमोचन कराया।

इस अवसर पर सीडीओ भीमजी उपाध्याय, डीडीओ सुभाष चंद्र त्रिपाठी, अग्रणी जिला प्रबंधक संदीप सिन्हा आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का पूर्व सांसद ने किया समापन

जन एक्सप्रेस । महोबा



राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चरखारी में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनंद गोस्वामी ने की। प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे-1500 मीटर छात्र वर्ग में शिवम सिंह, कमलेश और जयहिंद क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे।

रिले रेस छात्र वर्ग बीकॉम बीए एवं एमए क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय रहे। बीकॉम के छात्र कृष्णकांत शिवम, दीपक कुमार, आशीष कुमार प्रथम, एवं बीए के छात्र कमलेश सौरव, वीरपाल, विकास, द्वितीय एवं एमए के छात्र संजय कुमार राजा बाबू मनीष कुमार सुनील प्रजापति तृतीय रहे। रिले रेस छात्रा वर्ग बीए एवं बीएससी क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय रहे बीए के ग्रुप में वैष्णवी प्रतिज्ञा पाल कविता रविता प्रथम एवं बीएससी ग्रुप में रागनी प्रीति दीक्षा रिनी यादव द्वितीय रही। 19 से 20 दिसंबर 2023 तक चलने वाले इस वार्षिक क्रीड़ा समारोह में प्रथम दिवस 19 दिसंबर को लंबी कूद ऊंची कूद उछल कदम कूद, भाला फेक एवं द्वितीय दिवस में 1500 मीटर दौड़ एवं रिले रेस छात्र वर्ग आदि विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित हुई। महाविद्यालय के छात्र -छात्राओं ने काफी संख्या में इस वार्षिक क्रीड़ा समारोह में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अपने अध्यक्षीय उदबोधन में प्राचार्य प्रो. आनंद गोस्वामी ने कहा कि खेल के माध्यम से व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में मदद मिलती है खेल में हारजीत का नहीं है अपितु भाग लेने का महत्व होता है। खेल मनुष्य के शरीर को फिट रखने के सबसे महत्वपूर्ण साधन है। खेल के नियमों का पालन करते हुए खेलना ही उत्कृष्ट खेल है। इस अवसर मुख्य अतिथि गंगाचरण राजपूत ने अपने वक्तव्य मे छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेल पर भी ध्यान देने और नियमित अभ्यास करने पर और मोबाइल से दूरी बनाने पर जोर दिया और कि प्रतियोगात्मक परीक्षा मे शैक्षणिक एवं आर्थिक मदद देने का पूर्ण आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य एवं आगन्तुक अतिथिगणों द्वारा छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा वार्षिक क्रीड़ा समारोह के समापम की घोषणा एवं ध्वज अवरोहण किया गया। इस वर्ष की चैम्पियन सेजल यादव बीए फर्स्ट ईयर एवं कमलेश बीए तृतीय वर्ष रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ दीपक सिंह ने किया।

# समाजवादी पार्टी अपने कार्यकर्ताओं में मतभेद नही करती : पूर्व विधायक कप्तान सिंह

जन एक्सप्रेस । चरखारी/महोबा



2024 मे सम्पन्न होने जा रहे लोकसभा चुनाव को लेकर सपाईयों ने कस्बे के रतना पैलेस मे बैठक कर गहन मंत्रणा की। बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक चरखारी कप्तान सिंह राजपूत ने कहा कि एक मात्र राजनैतिक पार्टियो मे समाजवादी पार्टी ही है जो अपने छोटे से छोटे कार्यकर्ता को सम्मान दे रही है। उन्होने कहा कि आगामी 2024 मे सम्पन्न होने जा रहे लोकसभा चुनाव रणभेंदी बज चुकी है। पूर्व मे सपा सरकार द्वारा जिले मे कराये गये विकास कार्यो को आमजन मानस को स्मरण कराना होगा। उन्होने कहा कि प्रदेश मे जबसे भाजपा सरकार आयी है तभी से विकास का पहिया थम चुका है। विकास के पहिये को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश मे सपा सरकार होना तथा केन्द्र मे समाजवादी पार्टी की भागेदारी होना आवश्यक है।

उन्होने कहा कि केन्द्र सरकार मे हमारी भागेदारी हो इसलिए सभी लोगो को मिलजुलकर कड़ी मेहनत करना होगी। तभी जिले मे रूके पड़े विकास के पहिये को आगे बढाया जा सकता है।

आज की समीक्षा बैठक में पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत, अजेंद्र सिंह राजपूत, जिलाध्यक्ष शोभा लाल यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय राज यादव, पूर्वजिला अध्यक्ष प्राण सिंह यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख शिवपाल सिंह यादव, देवेंद्र राजपूत, चरखारी चेयरमैन प्रतिनिधि पप्पू कुशवाहा, विधानसभा अध्यक्ष बसंत राजपूत, राजपूत, मुकेश गुप्ता, रामराजा तिवारी, कामता सालट आदि नेताओं के साथ क्षेत्र के तमाम कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# डीएम ने तीन एम्बुलेंसों को स्वास्थ्य सेवा के लिए दिखाई हरी झंडी




जन एक्सप्रेस । उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने राज्य सरकार से प्रदत 03 एम्बुलेंसों को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर स्वास्थ सेवा के लिए रवाना किया। डीएम ने कहा कि इन नए एम्बुलेंस के शामिल होने जनपद के स्वास्थ्य सेवायें और बेहतर होंगी। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर जिले से गम्भीर रोगियो को उच्च संस्थानो में ले जाने हेतु तीन नई एडवान्स लाइफ सर्पोट एम्बुलेन्स शासन ने जिले को उपलब्ध कराई गई हैं। एएलएस एम्बुलेन्सो में सभी जीवन रक्षक उपकरण वेन्टीलेटर सहित से सुसज्जित हैं तथा आपात स्थितियो में गम्भीर रोगियो को सघन चिकित्सा ईकाई जैसी सुविधायें देते हुये उच्च संस्थान में गम्भीर रोगियों को ले जाने में सक्षम हैं तथा इनके प्रशिक्षित कार्मिक हमेशा उपलब्ध रहते हैं। जन-मानस को आवश्यकता पड़ने पर नियमानुसार एएलएस एम्बुलेन्सों की सेवाये टोल फ्री नम्बर- 0522 2466510 डायल करने पर प्राप्त हो सकेगी। इस अवसर पर सीडीओ भीमजी उपाध्याय, सीएमओ डॉ. एनडी शर्मा मौजूद रहे।

# एआरटीओ ने रिफ्लेक्टर टेपिंग कर यातायात नियमों की दी जानकारी

जन एक्सप्रेस । कालपी

बुधवार को जोल्हूपुर मोड़ में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत एआरटीओ के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारियां देकर गाड़ियों में रिफ्लेक्टर टेपिंग करने का अभियान चलाया गया।

जिले के सबसे व्यस्ततम चौराहे में शुमार जोल्हूपुर मोड़ में बालू खनन लदे तथा खाली भारी वाहनों का आवागमन बना रहता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज अभिषेक सिंह, ट्रैफिक विभाग के एसआई लक्ष्मीकांत पाल, खनिज विभाग की टीम के कर्मचारियों के द्वारा जोल्हूपुर मोड़ में अभियान चलाया गया। जिसमें रिफ्लेक्ट टेप वाहनों में लगाए गए।

एआरटीओ विनय कुमार पांडेय ने वाहन चालकों को जागरुक करते हुए कहा कि अपने-अपने वाहनों में ओवरलोडिंग करके गाड़ी ना चलाएं। वाहनों को निर्धारित गति में ही चलाएं। वाहनों को चलाते समय फोन का प्रयोग ना करें। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें तथा चार पहिया वाहन को चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। दिलचस्प बात यह रहे कि अभियान की खबर को सुनकर ओवरलोड मौरंग लादकर चलने वाले वाहन चालकों में हड़कम्प मच गया। कई स्थानों में ओवरलोड बालू लदे ट्रक खड़े हो गए।

## आयोजित किया जाएगा जनपद स्तरीय किसान मेला

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने बताया है कि स्व0 चौधरी चरण सिंह (भूतपूर्व प्रधानमंत्री जी0) के जन्म दिवस 23 दिसम्बर 2023 को किसान सम्मान दिवस के रुप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर सब-मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेशन योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय किसान मेला, कृषि प्रदर्शन एवं कृषक वैज्ञानिक संवाद का आयोजन भारत भारती इण्टर कालेज, भरथुआ, देवरिया के प्रांगण में किया जाना है, जिसमें कृषि एवं कृषि से सम्बद्ध विभागों को किसान सम्मान दिवस कार्यक्रम एवं विकास गोष्ठी में सहभागिता सुनिश्चित की जानी है। उपरोक्त के क्रम में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे उक्त तिथि को समय पूर्वाह्न 10 बजे से स्वयं उपस्थित होंगे तथा अपने- अपने विभाग से पुरस्कृत होने वाले कृषकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए अपने विभाग से सम्बन्धित एक प्रदर्शनी / स्टॉल भी लगवाना सुनिश्चित करेंगे।

## खाद्य विक्रेताओं एवं आम जन मानस को किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जनपद देवरिया में फूड सेफ्टी एंड व्हील(स्नस्ङ्ख) के आगमन की द्वितीय एवं तृतीय दिवस में क्रमशः बरहज तहसील एवं सदर तहसील में खाद्य पदार्थो की जांच की गई एवं खाद्य विक्रेताओं एवं आम जन मानस को जागरूक किया गया।19 दिसंबर 2023 बरहज तहसील के भागलपुर चौराहा एवं हनुमान चौराहे पर कुल 36 खाद्य पदार्थों की जांच की गई जिसमें 31 खाद्य पदार्थ मानक के अनुरूप पाए गए एवं 5 खाद्य पदार्थ मानव के अनुरूप नहीं पाए गए एवं कुल 64 व्यक्तियों को जागरूक किया गया। इसी प्रकार 20 दिसंबर को सदर तहसील के पथरदेवा बाजार में 36 खाद्य पदार्थों की जांच की गई जिसमें 29 खाद्य पदार्थ मानक के अनुरुप पाए गए एवं 07 खाद्य पदार्थ मानक के अनुरूप नहीं पाए गए तथा कुल 104 व्यक्तियों को जागरूक किया गया।

# पुलिस कार्यप्रणाली से छात्र-छात्राओं को कराया अवगत

जन एक्सप्रेस । महोबा



भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, युवा कार्यक्रम विभाग के तत्वाधान में आयोजित हो रहे कार्यक्रम स्टूडेंट पुलिस एक्सप्रिएन्शल लर्निंग प्रोग्राम के तहत थाना कोतवाली नगर महोबा व महिला थाना महोबा में प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु वीर भूमि डिग्री कालेज महोबा से चयनित छात्र, छात्राओं को आज बुधवार के रोज पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा अवस्थित विभिन्न शाखाओं वाचक कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, आईजी आरएस कार्यालय, शिकायत जांच प्रकोष्ठ, प्रधान लिपिक कार्यालय, आंकिक शाखा, पेशकार कार्यालय, अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय, डीसीआरबी, स्थानीय अभिसूचना इकाई, आदि समस्त शाखाओं का भ्रमण कराते हुये प्रचलित अभिलेखों तथा पत्रावलियों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गयी एवं समस्त शाखाओं के कर्मचारीगणों द्वारा अपने कार्य को बताते हुये छात्र छात्राओं के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिये गये जिसमें सीआरके बाबू सुनील यादव द्वारा पुलिस पत्रावाली एवं पुलिस कर्मचारियों के चरित्र पत्रिका एवं अन्य पुलिस रेगुलेशन के बारें में छात्रों को अवगत कराया तथा उपस्थित सभी छात्रों को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी।

इस कार्यक्रम के दौरान महिला थानाध्यक्ष सुषमा चैधरी, उ0नि0 सूर्य प्रकाश त्रिवेदी व थाना कोतवाली नगर महोबा के कोर्स निर्देशक क0आ0 अभिषेक कुमार मौजूद रहे।

# लर्निंग रिसोर्स पैकेज के तहत बांटे गए टैबलेट

जन एक्सप्रेस । कालपी




बुधवार को तहसीलदार शेर बहादुर सिंह की उपस्थिति में पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन की अध्यक्षता में लर्निंग रिसोर्स पैकेज के तहत परिषदीय प्राथमिक व कम्पोजिट विद्यालयों के उपयोगार्थ उपलब्ध कराए जा रहे टैबलेट वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर कम्प्यूटरीकृत व्यवस्था के तहत टेबलेटों का प्रयोग करने पर जोर दिया गया। ब्लॉक संसाधन केंद्र महेवा कालपी में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक जादौन ने टैबलेट की उपयोगिता के बारे में बताकर शिक्षा के क्षेत्र में शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारियां दी। तहसीलदार शेर बहादुर सिंह ने बताया गया कि अगर अध्यापकों नियमित और अच्छी उपस्थिति रहेगी, तो शिक्षा का स्तर दिन प्रतिदिन शिखर की ओर अग्रसर होगा। समारोह में खंड शिक्षाधिकारी सुनील कुमार राजपूत द्वारा शिक्षा में हो रहे नवाचार के बारे में बताया एवं टैबलेट के उपयोग हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि टैबलेट के माध्यम से 14 प्रकार के रजिस्टर की ऑनलाइन कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

इस अवसर पर बीआरसी स्टाफ, ब्लॉक समन्वयक मिथुन प्रजापति, कनिष्ठ लिपिक राजेश राठौर, सहायक लेखाकार राजीव कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर अमित वर्मा, ब्रजभूषण तिवारी, खालिद अंसारी, शिवम विश्नोई, कोमेश पाठक, रेखा देवी सहित समस्त एआरपी टीम हरिओम, राजकुमार, रविन्द्र, मनीष राज व समस्त प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## 25 हजार का इनामिया वांछित गिरफ्तार, तमंचा कारतूस बरामद

जन एक्सप्रेस । उरई

कदौरा थानाध्यक्ष ने लंबे समय से फरार चल रहे 25 हजार के इनामियां को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद कर लिए। कदौरा थानाध्यक्ष अजय कुमार सिंह के नेतृत्व पुलिस टीम क्षेत्र में दलबल के साथ वुधवार को गस्त करने में लगी हुई थी।

इसी दौरान पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर फरार चल रहे इनामी अखिलेश कुमार निवासी ग्राम बिसरौली थाना बकेबर जनपद फतेहपुर को कस्बे में स्थित कन्हा गौशाला से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किए। थानाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि पुलिस के हांथ लगा आरोपी गैंग बनाकर ढाबे व अन्य स्थानों पर खड़े ट्रको व डंफ़रो की डीजल की टंकी का लॉक तोड़कर डीजल चोरी करते थे। बल्कि इसके विरुद्ध कई मामले पहले से दर्ज है और काफी लंबे समय से फरार भी चल रहा था। इतना ही नहीं बल्कि इस पर 25 हजार का इनाम भी धोषित था। फिलहाल पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध सम्बन्धित कारवाई कर चालान कर दिया गया है।

## ट्रक में घुसा डंफर, चालक परिचालक घायल

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कदौरा थाना क्षेत्र में जोल्हूपुर हमीरपुर हाइवे पर तेज रफ्तार डंफर गल्ला मंडी के पास ओवरटेक करने के प्रयास मे आगे चल रहे ट्रक में घुस गया। जिसमें डंपर की केबिन क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें फंसकर चालक व परिचालक घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। कदौरा थाना क्षेत्र में जोल्हूपुर हमीरपुर हाइवे स्थित गल्ला मंडी के पास बालू भरने जा रहा तेज रफ्तार डंफर ओवरटेक करने के चक्कर मे आगे चल रहे ट्रक में घुस गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि डंफर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और चालक दिलीप पुत्र कल्लू यादव व खलासी बुद्ध सिंह पुत्र कल्लू यादव निवासीगण ग्राम कमलपुर थाना राजपुर कानपुर देहात केविन में बुरी तरह फंसकर घायल हो गए। मौजूद लोगों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को बाहर निकलवाया और पुलिस वाहन से उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया।

# लाइनमैन की मौत के मामले में जेई, एसडीओ समेत कई पर केस

जन एक्सप्रेस । बनकटा,देवरिया

फाल्ट ठीक करते समय लाइनमैन की मौत हो गई थी। इस घटना को लेकर मंगलवार को लाइनमैन के परिजनों ने ग्रामीणों के साथ विद्युत उपकेंद्र गजहड़वा पर धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस ने लाइनमैन के पिता की तहरीर पर उपकेंद्र पर तैनात जेई, एसडीओ समेत कई के खिलाफ गैर इरादतन हत्या समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया।बनकटा थाना क्षेत्र के अहिरौली बघेल निवासी दीपक सिंह (25) गनेश सिंह गजहड़ा उपकेन्द्र पर लाइनमैन का काम करता था। पुलिस को दिए तहरीर में दीपक सिंह के पिता गनेश सिंह ने कहा है कि 10 दिसंबर को शाम 4 बजे के करीब फाल्ट हो जाने पर जेई, एसडीओ और डिम वेन्चर कम्पनी के उच्चाधिकारियों ने दबाव बना कर दीपक को छितौनी पाण्डेयपुर में फाल्ट ठीक करने के लिए भेजा। अधिकारियों के दबाव में आकर दीपक ट्रान्सफार्मर पर चढ़ कर फाल्ट ठीक करने लगा उसी बीच साजिशन बिजली आपूर्ति चालू कर दी गई। जिससे करंट की चपेट में आकर दीपक सिंह गंभीर रूप से झुलस गया।

इलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गजहड़ा विद्युत उपकेन्द्र के अवर अभियंता, भिंगारी विद्युत उपकेन्द्र के सहायक अभियंता, डिम वेंचर कंपनी के उच्चधिकारी समेत उपकेन्द्र पर तैनात कर्मी राहुल व अज्ञात के खिलाफ 304 व 120 बी का केस दर्ज किया है।


## कार्यालय : नगर निगम अयोध्या

पत्रांक : 869/न0नि0अयो0/ई-निविदा/2023 दिनांक : 20/12/2023

### ई-निविदा सूचना

नगर निगम अयोध्या के निर्माण विभाग द्वारा पं0दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना अन्तर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकते हैं। निविदादाता को प्रत्येक कार्य हेतु निविदा मूल्य तथा जमानत धनराशि अलग-अलग ऑनलाइन Net Banking (NEFT/RTGS)/UPI/Debit/Credit card के माध्यम से Link-https://compulsive.payu.in/ayodhyamc से अन्तरित करना होगा। तत्क्रम में ई निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ई-प्रक्योरमेन्ट की बेबसाइट www://etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त के संबंध में व्यक्तिगत रूप से जानकारी निर्माण विभाग नगर निगम अयोध्या से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| वेबसाइट पर निविदा अपलोड होने की तिथि | 21.12.2023 |
| निविदा की अन्तिम तिथि | 28.12.2023 को शाम 06:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 29.12.2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे |

(राजवीर सिंह)
मुख्य अभियन्ता


## स्वयं सहायता समूह से महिलाओं का संवर रहा जीवन

**जन एक्सप्रेस/भाटपार रानी, देवरिया।** विकास खंड के ग्राम भरौली एवं धरनिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियां लगाई गई एवं उन विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे जिन लोगों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से आमजन को अवगत कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता जयनाथ कुशवाहा गुड्डन ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के माध्यम से किसानों को कम प्रीमियम पर अधिक लाभ देने का कार्य सरकार के द्वारा किया जा रहा।

# संसद हमले के उरई से जुड़े तार, दिल्ली पुलिस ने शहर से उठाया एक संदिग्ध युवक

जन एक्सप्रेस । उरई

संसद में घुसकर स्मोक बम फोड़ने वाले लोगों से सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में रहने के आरोप में दिल्ली पुलिस ने शहर के एक युवक को हिरासत में लिया है। बल्कि उसे दिल्ली ले जाया गया। जहां पर उससे पूछताछ की जा रही है। बीती 13 दिसंबर को संसद में घुसकर स्मोक बम फोड़ने वाले लोगों से सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में रहने के आरोप में दिल्ली पुलिस ने अतुल कुलश्रेष्ठ बच्चा निवासी मोहल्ला नया रामनगर को हिरासत में लिया है। आरोप है कि वह भगत सिंह फैन्स क्लब से जुड़ा हुआ है, और उसने संसद में सेंधमारी करने वाले लोगों से फेसबुक पर चैट की थी। अतुल कुलश्रेष्ठ छात्र जीवन से ही शहीदे आजम भगत सिंह की विचारधारा से जुड़ा हुआ है, और कई बार गोष्ठियों व सभाओं का आयोजन कराता रहा है। लेकिन न तो उनका कोई आपराधिक रिकार्ड है और न ही वह कभी किसी अराजक गतिविधि में संलिप्त रहा है। पुलिस ने संसद में सेंध लगाने वाले लोगों से चैट करते हुए उसे रिकार्ड में पकड़ा हैं। जिस संदेह के कारण दिल्ली पुलिस उन्हें पूछताछ के लिए अपने साथ हिरासत में ले गयी है। एसपी डॉ. ईरज राजा ने बताया कि दिल्ली पुलिस मंगलवार देर शाम को आई थी। जिन्होंने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है और उसका नाम अतुल कुलश्रेष्ठ है। शुरुआती छानबीन में अतुल का कोई आपराधिक इतिहास नहीं मिला है और वो अपने स्तर से जिले में उसकी जांच पड़ताल करा रहे हैं।

# खेलों से बढ़ता है बच्चों का आत्मविश्वास: महापौर गिरीश पति त्रिपाठी




जन एक्सप्रेस। अयोध्या

बेसिक शिक्षा परिषद की जनपदीय रैली का शुभारंभ डॉ भीमराव अंबेडकर राज्य विद्यालयी क्रीड़ा संस्थान स्पोर्ट्स स्टेडियम मकबरा पर अयोध्या के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके किया, मुख्य अतिथि महापौर जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर विधायक का शिक्षक प्रतिनिधियों द्वारा माल्यार्पण करके स्वागत किया गया, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय,वित्त लेखाधिकारी रविन्द्र कुमार सिंह,नोडल प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने महापौर ,जिला पंचायत अध्यक्ष और नगर विधायक को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि महापौर गिरीशपति त्रिपाठी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने मैदान पर गुब्बारे छोड़कर औपचारिक रूप से खेल प्रारंभ कराया,मुख्य अतिथि के सामने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत के साथ 100/50 मीटर की दौड़ का खेल कराया गया। प्रतियोगिता शुभारंभ के अवसर पर महापौर गिरीशपति ने कहा कि खेलों के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास की वृद्धि होती है और आपसी प्रतिस्पर्धाओं से बच्चों में अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है, खेल के माध्यम से बच्चे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं और यही बच्चे भविष्य में देश का नाम रोशन करेंगे।जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि बालक और बालिकाओं को खेलों के माध्यम से आगे बढ़ाने की जरूरत है ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों में खेल भावना के साथ ही सामुदायिक और सहयोगात्मक भावना का भी विकास होता है।नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि बच्चे खेलों में देश का नाम रोशन कर रहे हैं प्रतिभाशाली बच्चों को आगे बढ़ाने की जरूरत है जिससे बच्चे देश का नाम रोशन कर सकें, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने सभी अतिथियों का आभार जताया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी, प्रा.शि. संघ जिलाध्यक्ष संजय सिंह, जिला महामंत्री प्रेम कुमार वर्मा, महामंत्री चक्रवर्ती सिंह, कोषाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी कोषाध्यक्ष वीरेंद्र भारती, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ संयोजक अजीत सिंह, अटेवा जिलाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, एआरपी संघ के संरक्षक डा नीरज शुक्ला पीएसपीएस प्रांतीय संयोजक पंकज यादव, मनोरमा साहू जिलाध्यक्ष, नोडल अधिकारी राजेश कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी अमित श्रीवास्तव, तारकेश्वर पांडे, शैलेंद्र कुमार, रमाकांतराम, अनिल कुमार सिंह, शैलजा मिश्रा, रिचा सिंह, धीरज शुक्ला, पंकज द्विवेदी, सरवरे आलम, हरिकिशन अविनाश पांडेय, सरबजीत सिंह, राकेश सिंह, अजय सिंह, अवधेश सिंह, केपी सिंह, अतुल वर्मा, अख्तर अहमद खां, विनोद यादव, राज नारायण सिंह, धर्मवीर चौहान, अवधेश यादव, अनुज सिंह, राजन श्रीवास्तव, गौतम तिवारी, रामजी द्विवेदी, आशुतोष पटेल, अखण्ड प्रताप सिंह, आदित्य शुक्ला, आयुष सिंह प्रदीप दुबे, मनोज मौर्या आदि शामिल रहे।

### पहले दिन नंदिनी, लक्ष्मी और नेहा ने मारी बाजी

50 मी दौड़ प्रतियोगिता प्राइमरी बालिका वर्ग के पहले राउंड में नंदिनी सोहावल प्रथम, लक्ष्मी तारून द्वितीय और नेहा अमानीगंज में तृतीय तथा दूसरे राउंड में सुहानी बीकापुर प्रथम और प्रियंका मवई ने द्वितीय स्थान बनाया।100 मीटर जूनियर बालक वर्ग में सौरभ मया प्रथम, कुलदीप सोहावल द्वितीय,हर्ष पाठक अमानीगंज तृतीय और दूसरे राउंड में अमन मिल्कीपुर प्रथम, सौरभ पूरा द्वितीय, गौरव हैरिंगटनगंज तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर जूनियर बालिका वर्ग के प्रथम राउंड में रेहाना मवई प्रथम, शाहजहां अमानीगंज द्वितीय, दिव्या अमानीगंज तृतीय और दूसरे राउंड में लता बीकापुर प्रथम और मोहिनी हैरिंगटनगंज ने द्वितीय स्थान बनाया। बालक कबड्डी प्राइमरी प्रतियोगिता में मिल्कीपुर और मवई में मिल्कीपुर,बीकापुर और अमनीगंज में अमानीगंज, पूरा और नगर में पूरा, मया और हैरिंगटनगंज में मया ने अपने अपने लीग मैच मैच जीते। जूनियर बालक वर्ग कबबडी प्रतियोगिता के पहले मैच बीकापुर और पूरा में पूरा, सोहावल और मवई में सोहवल, मसौधा और अमानीगंज में मसौधा, रुदौली और हैरिंगटनगंज में रुदौली ने अपने अपने लीग मैच जीत लिए है। जूनियर बालिका वर्ग खो खो प्रतियोगिता का पहला लीग मैच बीकापुर और मिल्कीपुर के बीच खेला गया जिसमें बीकापुर ने जीत हासिल की। जबकि अमानीगंज और रुदौली के बीच दूसरे लीग मैच में अमानीगंज विजयी रहा। दिन का तीसरा मैच मवई और हैरिंगटनगंज के बीच खेला गया जिसमें हैरिंगटनगंज टीम विजई रहा। अंतिम लीग मैच तारुन और मया के बीच खेला गया जिसमें तारून ने जीत हासिल किया।

## एनईपी स्नातक परीक्षा में दूसरे दिन 37 हजार 835 परीक्षार्थी शामिल रहे



जन एक्सप्रेस। अयोध्या


डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी स्नातक सेमेस्टर परीक्षा के दूसरे दिन तीनों पालियों में 37 हजार 835 परीक्षार्थी उपस्थित और 1045 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। विवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने परिसर स्थित प्रचेता भवन के केन्द्र का औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं उनके द्वारा परीक्षा केन्द्रों के सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल कंट्रोल रूम से की गई। इसके अतिरिक्त पांच सचलदल द्वारा कई केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर सघन तलाशी ली। वहीं दूसरी ओर विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुलपति के आदेश के अनुपालन में एनईपी परास्नातक प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाओं की तिथि घोषित की। उक्त परीक्षाएं 18 जनवरी से शुरू होकर 31 जनवरी तक चलेगी। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि आज की परीक्षा तीन पालियों में हुई। प्रथम पाली की परीक्षा में स्नातक प्रथम सेमेस्टर की उर्दू, सिंधी भाषा एवं कामर्स विषय एवं द्वितीय पाली में तृतीय सेमेस्टर फिजिक्स तथा तृतीय पाली में पंचम सेमेस्टर की उर्दू, सिंधी भाषा, कामर्स एवं फिजिक्स विषय की परीक्षा कराई गई।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस। महराजगंज तराई

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत जयनगरा मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की ने मोबाइल वैन के माध्यम से सरकार की ओर से चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं एवं प्रधानमंत्री के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। तुलसीपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत जयनगरा मे विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी ने कहा कि इस यात्रा का आयोजन 15 नवंबर से शुरू किया गया है जो 26 जनवरी तक चलेगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य की जनपद में संचालित प्रमुख योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खासतौर से वंचित आश्रित लोगों तक समृद्धि तरीके से पहुंचे तथा स्वच्छता सुविधांए आवश्य वित्त पोषण सेवाएं एलपीजी कनेक्शन गरीबों के लिए आवास खाद सुरक्षा उचित पोषण विश्वासनीय स्वास्थ्य सुविधाएं स्वच्छ पेयजल गुणवत्तापूर्ति शिक्षा सुविधाओं का लाभ मिले।
ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की ने कहा कि सरकार की योजनाएं जनजन तक पहुंच रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लोगों को योजनाओं के बारे में संपूर्ण जानकारी दी जा रही है।

## सुलह-समझौते के बावजूद दबंगई से जमीन कब्जाना चाहते हैं दबंग



जन एक्सप्रेस। अयोध्या

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में थाना कोतवाली चौकी नया घाट के अंतर्गत मीरपुर वार्ड वासुदेव घाट निकट चित्रगुप्त मंदिर के बगल निवासी 65 वर्षीय राम संवारे चौहान को विपक्षी अकेला देखकर बगल खाली पड़ी जमीन पर निर्माण करने लगे वृद्धि राम सवारे ने विरोध किया तो विपक्षी पत्नी बच्चों समेत वृद्ध पर हमला बोल दिया। इतना मारा शरीर में गंभीर चोट के साथ कान से खून बहने लगा। मीरपुर वासुदेव घाट निवासी 65 वर्षीय वृद्ध राम सवारे चौहान ने नम आंखों से प्रेस प्रतिनिधि को बताया की रोज की तरह आज भी हमारे बच्चे अपने-अपने काम पर गए थे। घर पर हम हमारी बृध पत्नी अकेले थे। हम अपने गेट पर बैठे थे पत्नी बगल घर के समीप घर का काम कर रही थी। पूर्व से योजना बने बैठे विपक्षी भगवत चौहान व उनकी पत्नी बृजभान लली अपने बच्चों एवं दो युवा पुत्री के साथ घर के बगल पड़े खाली जमीन पर निर्माण करने लगे ।वृद्धा राम सवारे चौहान ने इतना ही पूछा कि हमारी जमीन पर क्यों निर्माण कर रहे हैं। इसे छोड़कर क्यों नहीं करते। इतना कहते ही भगवत व उनकी पत्नी बृजभान लली पुत्र राजन एवं रमाकांत व दो युवा पुत्रियां सभी लोग मिलकर जानलेवा हमला कर दिया। इतना मारा की दाहिने कान से खून बहने लगा शोर गुल सुनकर पत्नी आए तो उसे भी मारा पीटा। गौरतलब बात यह है कि पूर्वयोजना के अनुसार मारा पीटा एवं एडवांस में चौकी पर प्रार्थना पत्र भी पहुंचा दिया। इस योजना के सूत्रधार के इशारे पर क्षेत्र के संभ्रांत लोगों का चौकी इंचार्ज के पास फोन भी आने लगा। जो कई सवाल खड़े करते हैं ।शायद यही कारण है 24 घंटे बीत जाने के बाद 19 दिसंबर समय लगभग दोपहर 3:00 बजे मारा पीटा गया। 20 दिसंबर शाम 5:00 बजे तक समाचार लिखे जाने तक नया घाट क्षेत्र की पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर पाई। प्रदेश सरकार जनता की सुरक्षा न्याय का दावा चाहे जितना कर ले परंतु गरीबों की सुरक्षा व न्याय मिल पाना कोसों दूर है। वैसे तो नया घाट क्षेत्र में सरयू और समस्त घाटों पर आए दिन चोरी की घटना मादक पदार्थों की बिक्री होटल एवं धर्मशालाओं का संचालन नया घाट बाईपास पर प्राइवेट वाहनों से प्राइवेट व्यक्ति द्वारा अवैध वसूली रात के समय में शमशान घाट के आसपास बालू के रेत से अवैध खनन क्षेत्र में कब्जे दारी को लेकर आए दिन मारपीट की घटना आम बात है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### चोरी किए पम्पिग सेट के साथ पाँच अभियुक्त गिरफ़्तार



**जन एक्सप्रेस/अम्बेडकर नगर।** जनपद पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मालीपुर पुलिस टीम रात्रि गस्त में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन करते समय मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि कुछ व्यक्ति थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा सम्बन्धित चोरी का पम्पपिंग सेट लेकर पिकप वाहन में छिपाकर अकबरपुर की तरफ खानपुर उमरन रोड से आ रहे है प्राप्त सूचना पर थाना मालीपुर पुलिस टीम खानपुर उमरन रोड पर पिकप वाहन सं0 यूपी45/एटी 2328 को रुकवाकर चेक किया गया तो उक्त वाहन का कागज तलब किया गया तो नही दिखा सके पिकप वाहन के पीछे डाले में पुआल के नीचे सम्बन्धित चोरी गया पम्पिंग सेट बरामद हुआ उसमें बैठे 05 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी करते हुए अभियुक्तगण उपरोक्त्त को जिला कारागार भेज दिया गया।

### औषधि निरीक्षक ने किया मेडिकल स्टोर का निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस/अम्बेडकर नगर।** जनपद के औषधि निरीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह ने नेहरूनगर टांडा, में स्थित बहुजन मेडिकल स्टोर व यादव मेडिकल स्टोर के औषधि भंडारण का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान औषधियों के रख रखाव को देखा गया। मौके पर औषधियों के क्रय-विक्रय अभिलेखों की भी जांच की गई, जांच के दौरान अभिलेखों में कुछ कमियां पाई गई जिसको 03 दिनों के अंदर ठीक करने का निर्देश दिया गया। उक्त प्रतिष्ठान पर कैमरे लगे नहीं मिले जिसके लिए उनको कैमरा लगाने का निर्देश दिया गया।

### मेले में मिलावटी खाद्य पदार्थ की बिक्री करने पर होगी कार्रवाई



**जन एक्सप्रेस/अम्बेडकर नगर।** पूर्वांचल के प्रसिद्ध गोविंद साहब मेले में बुधवार को खाद्य सुरक्षा विभागटीमके साथ एस.के.त्रिपाठी,सहायक आयुक्त (खाद्य) जायजा लिया। इस दौरान मेले क्षेत्र में लगी खजले की दुकानों को निर्देश दिया गया की खजला मिठाई को ढक कर रखे जिससे मक्खी और धूल से खाद्य पदार्थ को बचाया जा सके। एस.के.त्रिपाठी ने इस दौरान कहा कि हमारी टीम द्वारा मेले में लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। जिससे आम जनमानस को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो सके।

### सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन



**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के रोडवेज बस स्टेशन पर बुधवार को परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। जानकारी के अनुसार 20 दिसंबर को परिवहन विभाग के नेतृत्व में परिवहन निगम (रोडवेज) बस स्टेशन पर नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में परिवहन निगम के चालकों, परिचालकों के अतिरिक्त प्राइवेट वाहन चालकों-परिचालकों, यातायात पुलिस कर्मियों एवं परिवहन निगम के कर्मचारियों का नेत्र एवं स्वास्थय परीक्षण किया गया। परिवहन निगम के कार्यालय परिसर में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु यातायात नियमों से संबंधी हैण्डबिल व पम्पलेट का वितरण किया गया। लोगो से यातायात नियमों के पालन की अपील की गयी। साथ ही लोगो को वाहन चलाते समय हेल्मेट एवं सीटबेल्ट का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। इसके साथ ही ट्रैक्टर चालकों से सही दिशा में वाहन चलाने हेतु तथा अपने वाहनों पर रिट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाने के लिए निर्देशित किया गया। परिवहन निगम कार्यालय परिसर पर उपस्थित सभी लोगों को एआरटीओ अरविन्द कुमार यादव द्वारा सड़क सुरक्षा शपथ दिलाया गया। इस कार्यक्रम में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अरविन्द कुमार यादव के साथ डॉ0 सुबोध सिंह नेत्र सर्जन, डॉ0 टी0पी0 यादव नेत्र परीक्षण अधिकारी, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम वी0के0 वर्मा, यातायात अधिकारी कर्मचारी, परिवहन विभाग, परिवहन निगम के कर्मचारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी, रोडवेज के चालक परिचालक तथा आमजनमानस उपस्थित रहे।

## ऑल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट में खेले गए चार प्री क्वॉर्टर फाइनल मैच

* प्रीक्वार्टर फाइनल में बलरामपुर, जालंधर, राउरकेला व अमरावती की टीम हुई विजयी



जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज हॉकी ग्राउंड पर खेले जा रहे महाराजा सर वीपी सिंह ऑल इंडिया प्राइज मनी हॉकी टूर्नामेंट में बुधवार को चार प्री क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया । प्री क्वार्टर फाइनल मैच में स्टार एलेवन बलरामपुर, सीआरपीएफ जालंधर, सेल राउरकेला तथा अमरावती महाराष्ट्र की टीम ने विजय हासिल कर सेमीफाइनल में जगह बनाया।
जानकारी के अनुसार 20 दिसंबर को महाराजा बीपी सिंह ऑल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट के दूसरे दिन फ्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला गया प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कुल चार मैच खेले गए पहला मैच स्टार एलेवन बलरामपुर बनाम स्पोर्ट्स एंड यूथ वेलफेयर बिलासपुर छत्तीसगढ़ के मध्य खेला गया। मुख्य अतिथि सजन डॉ अब्दुल कय्यूम, नेत्र सर्जन डॉ कुलदीप विश्वकर्मा, प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे व क्रेग बटरफील्ड ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दोनों टीमो एक गोल डालने के लिए जद्दोजहद करती रही। अंततः मैच के अंतिम क्षणों में बलरामपुर की टीम ने एक गोल करके बढ़त बना ली । जवाब में बिलासपुर की टीम कोई गोल नहीं कर सकी। स्टार एलेवन बलरामपुर की टीम ने 1-0 से मैच में विजय प्राप्त कर सेमीफाइनल में स्थान पक्का किया। स्टार एलेवन के खिलाड़ी जर्सी नंबर 22 फहद खान को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरा मैच सीआरपीएफ जालंधर तथा यूपी पुलिस बाराबंकी के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह, प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे, विनय कुमार मिश्रा,ख पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि शाबान अली तथा सफीक अहमद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। कड़े मुकाबले में सीआरपीएफ जालंधर की टीम ने यूपी पुलिस बाराबंकी को तीन एक से पराजित किया। मैन ऑफ द मैच जालंधर टीम के गोलकीपर कुलदीप सिंह को दिया गया। तीसरा मैच नागपुर हॉकी एकेडमी बनाम सेल राउरकेला के मध्य खेला गया। खिलाड़ियों से परिचय अनवार अहमद, डॉ शैलेन्द्र विक्रम सिंह व डॉ राजन सिंह, प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे, आयोजन सचिव डॉ राजीव रंजन, डॉ आलोक शुक्ल, डॉ ऋषि रंजन पाण्डेय, महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी व संचालक लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने प्राप्त किया। तीसरे मैच में नागपुर हॉकी एकेडमी को सेल राउरकेला ने 05-01से पराजित किया। मैन ऑफ द मैच सेल के नोबिन लाकरा को दिया गया। चौथा प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला स्पोर्ट्स अथॉरिटी गुजरात बनाम हॉकी अमरावती महाराष्ट्र के मध्य खेला गया। खिलाड़ियों से परिचय प्राचार्य व टूर्नामेंट सचिव प्रो0 जे पी पाण्डेय, कांग्रेस नेता हारिस बिन खालिद, भाजपा नेता डॉ अजय सिंह पिंकू, रवि मिश्र, डॉक्टर देवेश चंद श्रीवास्तव, डॉक्टर राकेश चंद श्रीवास्तव व डॉ अभिषेक ने प्राप्त किया। चौथे व अंतिम मैच में हॉकी अमरावती महाराष्ट्र ने गुजरात को 9-2 के बड़े अंतर से हराया । मैन ऑफ द मैच अमरावती के आकाश कुमार को दिया गया । मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## सीडीओ ने प्रक्षेत्र विकास कार्यों का किया निरीक्षण



जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जल प्रबन्धन समिति महादेव मिश्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत महादेव मिश्र विकास खण्ड बलरामपुर में उतरौला रजवाहा के कुलाबा संख्या-7 एवं 9 में निर्मित पक्की नाली का निरीक्षण मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य के द्वारा किया गया तथा तत्काल कच्ची गूल बनवाने के निर्देश डॉ0 अशीष कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग बलरामपुर को दिये गये। पूर्व में प्रधानमंत्री के द्वारा जनपद में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना सरयू नहर परियोजना फेज-3 का भव्य उद्घाटन किया जा चुका है, जिसका उद्देश्य जनपद में हर खेत को पानी उपलब्ध कराया जाना है, जिसके क्रम में भूमि संरक्षण अधिकारी सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग बलरामपुर प्रथम के द्वारा कच्ची एवं पक्की नाली का कार्य कराया जा रहा है। प्रक्षेत्र विकास कार्यों की प्रगति हेतु पिछले माह डॉ0 हीरा लाल आई0ए0एस0 अध्यक्ष एवं प्रशासक महोदय ग्रेटर शारदा सहायक समादेश क्षेत्र विकास प्राधिकारी /परियोजना, लखनऊ का भ्रमण कार्यक्रम भी हो चुका है। जिन्होंने कृषकों व जल प्रबन्धन समिति के सदस्यों से कार्यों में सहयोग की अपेक्षा की गई है।
निरीक्षण के दौरान डॉ 0 आशीष कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी, हरिश्चंद्र, आनंद कुमार निदेशक अभियन्ता पवन सिंह, महेंद्र गौतम, आशीष कुमार वर्मा सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी एवं जल प्रबंधन समिति महादेव मिश्र के सदस्यगण उपस्थित रहें।

## सहायक चीनी आयुक्त की टीम ने चीनी मिल गेट पर कांटों का किया निरीक्षण



जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के बलरामपुर चीनी मिल गेट पर बुधवार को प्रमुख सचिव (गन्ना) द्वारा सहायक चीनी आयुक्त के अध्यक्षता में गठित जांच दल द्वारा मिलगेट पर स्थापित कांटों का निरीक्षण किया गया।
जानकारी के अनुसार 20 दिसंबर को को प्रमुख सचिव द्वारा गठित जांच दल के अध्यक्ष सहायक चीनी आयुक्त-गोण्डा रणजीत कुमार निराला, उमानाथ तिवारी एवं प्रेमशंकर सिंह की संयुक्त टीम ने मिलगेट पर स्थापित तौल कांटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तौल कांटो की शुद्धता एवं यार्ड में पानी पीने हेतु नल, शौचालय व अन्य व्यवस्थाओं को सही पाया गया। निरीक्षण मे गाड़ियों पर रिफ्लेक्टर टेप लगा हुआ पाया गया। सहायक चीनी आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि यार्ड में समय-समय पर पानी का छिड़काव करते रहें, ताकि धूल मिट्टी से किसी को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के समय चीनी मिल के महाप्रबंधक (गन्ना) श्याम सिंह, सहायक महाप्रबंधक (गन्ना) अरूण श्रीवास्तव, मुख्य प्रबंधक (गन्ना) संजय सिंह, गेट इंचार्ज प्रकाश जोगी आदि अधिकारी, कर्मचारी तथा कृषकगण मौजूद रहे।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्रेषित प्लान आफ एक्शन 2023-24 के अनुपालन में राम सुलीन सिंह, जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के निर्देशानुसार लालता प्रसाद कन्या इण्टर कालेज, उर्मिलानगर, मुबारकपुर, टाण्डा में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।
इस विधिक साक्षरता शिविर में कमलेश कुमार मौर्य, अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शरद कुमार पाण्डेय, असिस्टेंट, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, एच0सी0 मिश्र, प्रबन्धक, लालता प्रसाद कन्या इण्टर कालेज, नीलम पाण्डेय, प्रधानाचार्या, लालता प्रसाद कन्या इण्टर कालेज के0पी0सिंह पालीवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष, दधिचि देहदान संघ, कालेज की छात्रायें, शिक्षिकायें, अभिभावकगण आदि उपस्थित रहे।
कमलेश कुमार मौर्य, अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर आयोजित विधिक साक्षरता शिविर को सम्बोधित करते हुये बताया कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ओ योजना महिला एवं बाल कल्याण विकास मंत्रालय, स्वास्थय मंत्रालय और परिवार कल्याण मंत्रालय एवं मानव संसाधन विकास की एक संयुक्त पहल के रूप में समन्वित और अभिसारित प्रयासों के अंतर्गत बालिकाओं को संरक्षण और सशक्त करने के लिये इस योजना की शुरूआत प्रधानमंत्री द्वारा 22 जनवरी 2015 को हरियाणा राज्य के पानीपत जिले में की गई जिसे निम्न लिंगानुपात वाले 100 जिलों में प्रारम्भ किया गया है इस योजना के अंतर्गत पक्षपाती लिंग चुनाव की प्रक्रिया का उन्मूलन बालिकाओं का अस्तित्व और सुरक्षा सुनिश्चित करना, बालिकाओं की शिक्षा सुनिश्चित करना, उन्हे शोषण से बचाना व सही / गलत के बारे में अवगत कराना, बालिकाओं को शिक्षा के माध्यम से लड़कियों को समाजिक एवं आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाना है, लोगों को इसके प्रति जागरूक करना एवं बेटियों के अस्तित्व को बचाना एवं उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक समाजिक आंदोलन और समान मूल्य को बढ़ावा देने के लिये जागरूकता अभियान का कार्यान्वन करना निम्न लिंगानुपात वाले जिलों की पहचान कर ध्यान देते हुये गहन और एकीकृत कार्यवाही करना है।

# श्री बालाजी महाराज का तृतीय वार्षिक उत्सव जनपद भर में लग गए बाबा के नाम की फ्लेक्स

- 9 जनवरी को भव्य रथ यात्रा 10 को वार्षिक उत्सव 11 को कन्या पूजन के साथ होगा भंडारे का होगा आयोजन
- लोगों में यात्रा को लेकर भारी उत्साह कोने-कोने में हो रहा है प्रचार प्रसार

जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार





**पीलीभीत।** श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव दरबार की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा श्री नीम करोली महाराज के संदिग्ध में श्री बालाजी महाराज की भव्य रथ यात्रा दरबार कर्ता सभासद महंत सेवक विशाल द्वारा जनपद में धूमधाम के साथ निकाली जाएगी।
इसको लेकर जहां जनपद में जगह-जगह फ्लेक्सी लग गई है लोगों में खासा उत्साह भी देखने को नजर आ रहा हैं। लोगों में लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से बाबा की इस भव्य रथ यात्रा का प्रचार प्रसार करने में लगे हुए हैं और लोगों को इस भव्य यात्रा का बखूबी इंतजार भी हैं।
इसकी जानकारी देते हुए सभासद महंत सेवक विशाल ने बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष श्री बालाजी महाराज सिद्ध ब्रह्मदेव दरबार द्वारा श्री बालाजी महाराज का तीसरा वार्षिक उत्सव दरबार इस बार भी धूमधाम एवं हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिसमें बाबा श्री नीम करोली जी महाराज के नेतृत्व में एवं श्री बालाजी महाराज की भव्य रथ यात्रा 9 जनवरी दिन मंगलवार 2024 को सुबह 11:00 बजे से ईदगाह काशीराम कॉलोनी श्री बालाजी मंदिर से प्रारंभ होगी। उसके पश्चात 10 जनवरी बुधवार को वार्षिक उत्सव दरबार दोपहर 1:00 बजे से बाबा की इच्छा अनुसार होगा। वहीं 11 जनवरी गुरुवार को माता कन्या का पूजन एवं भव्य भंडारा दोपहर 12:00 से प्रारंभ होगा। दरबार कर्ता सेवक विशाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह समस्त कार्यक्रम ईदगाह काशीराम कॉलोनी श्री बालाजी मंदिर के प्रांगण में संपन्न होंगे। श्री बालाजी महाराज की भव्य रथ यात्रा 9 जनवरी मंगलवार को सुबह 11:00 बजे से ईदगाह कॉलोनी श्री बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर लकड़ी मंडी, जाटों वाले चौराहे, जेपी रोड, नींबू वाली गली, चावला चौराहा, गैस चौराहा से होते हुए सुनगढ़ी थाने के पास से नई बस्ती, कला मंदिर,लेखराज चौराहा होते हुए वापस ईदगाह काशीराम कॉलोनी श्री बालाजी मंदिर के प्रांगण में संपन्न होगी साथ ही इसके बुधवार 10 जनवरी को बाबा का वार्षिक उत्सव दरबार दोपहर 1:00 बजे से प्रारंभ होगा जो कि बाबा की इच्छा अनुसार तक चलेगा। वहीं गुरुवार 11 जनवरी को माता कन्या का पूजन कर विशाल भंडारे का आयोजन दोपहर 12:00 से आयोजित होगा। श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव दरबार के द्वारा श्री बालाजी महाराज की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीसरी वार्षिक उत्सव भव्य रथ यात्रा होगी। इस अवसर पर जनपद घर में प्रत्येक चौराहा एवं गली मोहल्ले में बाबा के रथ यात्रा की फ्लेक्सी लग गई है और इसका जोर-जोर से प्रचार जारी है।

# खुलासा: बंद मकानों में हुई चोरी की घटनाओं का पुलिस ने किया पर्दाफाश

- चोरी के माल सहित तीन आरोपित गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**बीसलपुर।** जनपद की तहसील बीसलपुर क्षेत्र के मोहल्ला हबीबुल्लाह खां शुमाली में पिछले एक माह से बंद मकानों में हो रही चोरी की घटनाओं का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए, घटनाओं कोअंजाम देने बाले गिरोह के तीन युवकों को चोरी के समान सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है।
नगर के मोहल्ला हबीबुल्लाह खां शुमाली में पिछले एक माह से बंद मकानो में चोरी की घटनाएं लगातार हो रही थी। चोर मकान में चोरी करने के बाद जाते समय अपना ताला लगा देते थे जिससे लोगों को चोरी की घटना होने का शक ही नहीं हो पता था। मोहल्ले में राहुल अग्निहोत्री 16 दिसंबर को परिवार के साथ शाहाबाद हरदोई गए थे। उनके बंद मकान को चोरों ने अपना निशाना बनाकर घर का कीमती घरेलू सामान चोरी कर लिया था और बाहर अपना ताला लगा दिया था। इसके अलावा इसी मोहल्ले में पिछले माह सेना के जवान गिरवर दयाल, शिवम मिश्रा व सुनील कश्यप के बंद मकानों से भी चोर एक स्कूटी सहित लाखों रुपए कीमत का सामान चोरी कर ले गए थे। चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के सरगना युवक द्वारा बंद मकान का ताला तोड़ने की हरकत मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। सोमवार से ही पुलिस ने युवक की सीसीटीवी फुटेज लेने के बाद सर्वेलेंस के जरिए चोर गिरोह की तलाश शुरू कर दी थी । बुधवार को पुलिस ने चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले मोहल्ला हबीबुल्लाह खां सुमाली निवासी तेज बहादुर, मोहल्ला दुर्गा प्रसाद निवासी जितेंद्र, बिलसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम हरु नगला उर्फ नऊ नगला निवासी टीटू उर्फ पुष्पेंद्र को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी के 8 गैस सिलेंडर, एक रेंजर साइकिल, एक गैस चूल्हा, एक रेगुलेटर, एक मिक्सी, स्टील बोलटा, फोल्डिंग चारपाई, स्कूटी संख्या यूपी 26 ए 9535 15 बोर का तमंचा व 10 जीवित कारतूस प्लास्टिक का बैग बरामद किया है। चोरों को पकड़ने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अशोक पाल उप निरीक्षक मनोज कुमार संजीव कुमार, हेड कांस्टेबल जीशान, कांस्टेबल विक्रांत शामिल थे। पुलिस क्षेत्राधिकार सतीश शुक्ला ने चोर गिरोह को पकड़ने वाली टीम को बधाई दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए तीनों चोरों को जेल भेज दिया गया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### दिव्यांगजनों की जरूरत पूरी करना पुनीत कार्य: रमेश चंद्र

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। महराजगंज। ब्लॉक सभागार में बुधवार दिव्यांगजन सहायता उपकरण शिविर का आयोजन किया गया । बतौर मुख्य अतिथि बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने कहा कि दिव्यांगजनों की जरूरत को पूरा करना पुनीत कार्य है उपकरण से दिव्यांगजनों के जीवन यापन में सहायता मिलेगी । केन्द्र और प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजनो की जरूरत पूरी करने का संकल्प लिया है विधायक द्वारा 110 दिब्यांग जनों को ट्राई साइकिल,20 कृतिम अंग,5 इलेक्ट्रोनी छड़ी वितरित किया गया और हरी झंडी दिखाकर लोगो को रवाना किया। मौके पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला, खण्ड विकास अधिकारी हरिश्चंद्र कौशिक,नीरज जायसवाल,मण्डल अध्यक्ष लवकुश सिंह सहित लोग रहे।



### मांग पूरी न होने पर एक जनवरी से राशन वितरण कार्य होगा ठप्प

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। मडियाहू तहसील क्षेत्र के कोटेदारों ने कोटेदार संघ के अध्यक्ष महेंद्र यादव के नेतृत्व में बुधवार को उप जिलाधिकारी कुणाल गौरव को मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन देकर लाभांश बढ़ाने की मांग की है। मांग पत्र के अनुसार प्रदेश में कोटेदार शासन के मंशानुसार राशन वितरण का कार्य करते हैं। कोरोना कल में भी कोटेदारों ने अपने व परिजनों के जीवन की परवाह न करते हुए प्रधानमंत्री अन्य योजना व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत नि:शुल्क वितरण का भी कार्य किया। बावजूद इसके प्रदेश के कोटेदारों को मात्र 90 रूपये कुंतल के हिसाब से लाभांश दिया जा रहा है जबकि अन्य प्रदेशों में 200 से 250 रूपये कुंतल लाभांश के साथ-साथ मानदेय भी दिया जा रहा है। अत: महंगाई के देखते हुए अन्य प्रदेशों की तरह उत्तर प्रदेश के कोटेदारों का भी लाभांश बढ़ाने की कृपा करें। अगर हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तो 1 जनवरी से राशन विक्रेता वितरण कार्य से विरत रहेंगे। इस दौरान प्रमोद कुमार, राकेश चौहान, राम चंदर, शिवकुमार सिंह, पृथ्वीराज यादव, रत्नेश कुमार दुबे, शत्रुघ्न गुप्ता, महेंद्र कुमार, राजबहादुर, मिठाई लाल, पीयूष कुमार, धर्मेंद्र सिंह समेत अन्य कोटेदार उपस्थित रहे।

### केराकत में हुई विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारियों की बैठक

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। केराकत। विश्व हिन्दू महासंघ के जौनपुर जिले के संयोजक डॉ जेबी सिंह के यश नर्सिंग होम पर महासंघ के वाराणसी और जौनपुर जिले के पदाधिकारियों की बुधवार को बैठक हुई। जिसमें 22 दिसंबर को अयोध्या में भगवान श्री राम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के संदर्भ में आगामी 24 दिसम्बर को वाराणसी में होने वाले भगवान श्री राम की शोभायात्रा को लेकर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य अतिथि महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष जयशंकर केशरी ने शोभायात्रा कार्यक्रम की रूपरेखा को विस्तार पूर्वक समझाया द्य उन्होंने लोगों से भगवान श्री राम की शोभायात्रा में सहभागी होने की अपील की। इस अवसर पर महासंघ के वाराणसी मंडल प्रभारी तपेश्वर चौधरी, वाराणसी जिला प्रभारी मनोज गुप्ता, जौनपुर जिले के महामंत्री अमित शास्त्री, इसी जिले के जिला मीडिया प्रभारी संजय शुक्ल, जिला उपाध्यक्ष अंबरीश उपाध्याय, नित्यानंद दीक्षित बीपी सिंह आदि रहे। बैठक की अध्यक्षता जौनपुर जिले के अध्यक्ष दिनेश कुमार मधुकर संचालन जिला मीडिया प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने किया।

### ग्राम प्रधान का घर फूंकने का आरोपित गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन डिहियां गांव में बीते 14 नवंबर को अबूझ हाल में लगी आग से हजारों के गृहस्थी के सामान जल जाने के मामले में पीड़ित ग्राम प्रधान के द्वारा दी गई नामजद तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही आरोपित अनिल तिवारी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था। जिसकी तलाश पुलिस सरगर्मी से कर रही थी। बुधवार की भोर उसे पिलकिछा तिराहे से गिरफ्तार कर लिया गया। आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे चलान न्यायालय भेज दिया गया। गांव निवासी व ग्राम प्रधान रमाशंकर तिवारी ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसके पड़ोसी अनिल तिवारी उनके पुराने मकान में आग लगा दिए हैं। भीतर रखा 35 क्विंटल भूषा, खाद्यान्न और कीमती लकड़ी जल गई। अगलगी में एक लाख से अधिक की क्षति का दावा किया था। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि आरोपित की तलाश की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस उसे हिरासत में ले लिया।

### सिलेंडर फटने की आवाज से मची भगदड़



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। जनपद के कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला शेर मोहम्मद में बंद मकान में रखा सिलेंडर अचानक फट गया। सिलेंडर की फटने की आवाज से मोहल्ले में भगदड़ मच गई। लोग अपने घरों से निकलकर सड़क पर आ गए। बाहर निकल नजारा देखा तो सिलेंडर के धमाके से उक्त मकान की दीवार क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।गृहस्वामी भी आ गए। भीतर जाकर चेक किया तो सिलेंडर के टुकड़े बिखरे पड़े थे। घर का सामान भी नष्ट हो चुका था। हादसे को लेकर भीड़ जुटी रही। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शेर मोहम्मद के रहने वाले मोहम्मद नईम खां ने बताया कि मोहल्ले में ही उनका दूसरे मकान पर काम चल रहा है। जिसकी वजह से वहां गए हुए थे। इस मकान में उनका बेटा मोहम्मद आजम, उनकी बहन रिटायर्ड शिक्षिका रेहाना और अन्य दो भाई रहते हैं।

# ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर के उड़े परखच्चे

- चीनी मिल के लिए दो ट्रालियों में गन्ना भरकर आ रहा था चालक

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**बीसलपुर।** बुधवार को जनपद के बीसलपुर शाहजहांपुर मार्ग पर किसान सहकारी चीनी मिल के लिए दो ट्रालियों में गन्ना भरकर ले जा रहे ग्रामीण के ट्रैक्टर में विपरीत दिशा से अनियंत्रित गति से आ रहे हैं ट्रक की टक्कर से परखच्चे उड़ गए और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। बिजली का पोल उखड जाने से रातभर विद्युत आपूर्ति ठप रही। ट्रैक्टर में टक्कर मारने वाला ट्रक चालक भागने में सफल रहा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करमापुर माफी निवासी दामोदर मंगलवार को रात्रि 10~00 बजे के आसपास दो ट्रालियों में गन्ना भरकर किसान सहकारी चीनी मिल के लिए गन्ना तौलबानेआ रहा था। बीसलपुर शाहजहांपुर मार्ग पर ग्राम नीवाडाड़ी के पास जैसे ही ट्रैक्टर पहुंचा विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने एकाएक ग्रामीण के ट्रैक्टर में जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर बीच से कट गया आगे का हिस्सा दूर जा गिरा तथा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रैक्टर में टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक अपने ट्रक के साथ भागने में सफल रहा। ग्रामीणों द्वारा सूचना देने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही घायल के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। फरार हुए ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने को कोतवाली में तहरीर दे दी गई है। ट्रक की टक्कर शेयर मार्केट किनारे लगा बिजली का पोल उखड जाने से विद्युत आपूर्ति पूरी रात ठप रही। पुलिस ने खबर लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि नहीं कही थी। प्रभारी निरीक्षक अशोक पाल ने बताया कि मौके से फरार हुए ट्रैक चालक का पता लगाया जा रहा है।

# रेलवे फाटक पर अंडर पास/ओवर ब्रिज बनवाने के लिए सांसद को लिखा पत्र

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

लम्बे समय से मैलानी और पीलीभीत के मध्य बंद पड़े ट्रेन संचालन से परेशान जनता ने ट्रेन चलाने की मांग को लेकर अनेकों धरना प्रदर्शन किये अंतत: हाल ही में लगभग 5 वर्ष बाद मैलानी से शाहगढ़ के बीच ट्रेन का संचालन शुरू हुआ द्ध ट्रेन संचालन के बाद भी जनता की परेशानियां कम नहीं हुईं बल्कि बढ़ गईं द्ध पूरनपुर के रहने वाले पूर्व छात्र नेता व सांसद वरुण गाँधी के शुभचिंतकों (कार्यकर्ताओं) में गिने जाने वाले नदीम खान अज़हरी ने जनता द्वारा किये जा रहे रेलवे फाटक पर अंडर पास या ओवर ब्रिज की मांग को लेकर सांसद वरुण गांधी को एक पत्र लिखा द्ध जिसमें दोनों दिशाओं के अनेकों प्रतिनिधियों व सम्मानित जनता के हस्ताक्षर व मोहर लगाकर सांसद महोदय को पत्र भेजा गया। नदीम अजहरी ने पत्र मे बताया कि पूरनपुर में रेलवे लाइन के दोनों तरफ (उत्तर-दक्षिण) काफी घनी (लाखों कि तादाद में) आवादी व अनेकों ग्रामपंचायतें हैंद्ध रेलवे के उत्तर दिशा में सब्जी,फल व अनाज मंडी है तथा दक्षिण साइड में थाना, चौकी, स्वास्थ्य केन्द्र, तहसील, ब्लॉक, बाज़ार, नगरपालिका तथा विद्यालय व महाविद्यालय सब कुछ हैं जिससे रेलवे के उत्तर साइड में रहने वाले लोगों को खासकर विद्यार्थियों को प्रतिदिन रेलवे फाटक क्रॉस कर दूसरी दिशा (दक्षिण) में आना पड़ता है एक तरफ से दूसरी तरफ जाने के लिए सिर्फ दो ही मुख्य मार्ग माधोटांडा रेलवे फाटक व शेरपुर रोड रेलवे फाटक हैं जहां सुबह से शाम तक ट्रेनों का आवागमन रहता हैद्ध विद्यार्थियों के विद्यालय जाने के समय उन्हें फाटक पर लगभग 1 से 2 घंटे फाटक खुलने तथा ट्रैफिक से निकलने में लग जाते हैं यही हाल वापसी में भी होता है जिसके कारण बच्चे विद्यालय देरी से पहुँचते हैं बच्चों को अध्यापक की डांट के साथ साथ उनकी शिक्षा पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है तथा वापसी में घर पर भी पहुँचते पहुँचते शाम हों जाती है आम जनमानस को भी जरूरतों के अनुसार रेलवे लाइन के एक तरफ से दूसरी तरफ आना पड़ता है जिसका एक मात्र समाधान ओवर ब्रिज या अंडर पास हैद्ध नदीम अज़हरी ने पत्र के माध्यम से सांसद वरुण गांधी को बताया कि जनता को आपसे उम्मीद ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि आप उनकी समस्या का समाधान करेंगें द्ध पत्र में मुख्य रूप से नदीम खान अज़हरी, प्रधान ग्राम पंचायत पूरनपुर देहात, विजय पाल विक्की, मंजीत सिंह, बलजिंदर सिंह तौफीक अहमद क़ादरी (सभासद), ममता, संजय, आदि अनेकों लोगों के हस्ताक्षर मौजूद रहे।

# दुकानदार ने गलत गेहूं का बीज देकर किसान की तोड़ी कमर

जन एक्सप्रेस । हरीश वर्मा

**बीसलपुर।** किसान ने चार हजार रुपये बीघा के हिसाब से 14 बीघा खेत ठेका पर डाला जिसमें दुकान से एक कुन्तल 20 किलो बीज बोया। जिसमें बेमौसम 6 इंछ की लम्बाई पर ही बाली निकलनी शुरु हो गयी। किसान ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर दुकानदार के खिलाफ कार्यवाही किये जाने व खर्चा दिलवाये जाने की मां की। मोहल्ला ग्यासपुर निवासी ओमकार वर्मा ने चार हजार रुपये बीघा के हिसाब से 14 बीघा खेत ठेका पर डाला जिसमें दुकान से एक कुन्तल 20 किलो गेहूं का बीज बोया। जिसमें बेमौसम 6 इंछ की लम्बाई पर ही बाली निकलनी शुरु हो गयी। बनवारीलाल लोहिया के सामने दुकान से हाईब्रेड बीज लिया ताकि पैदावार अच्छी हो सके लेकिन दुकानदार ने उसे बेकार बीज दे दिया। जिससे अभी से ही बाली निकलनी चालू हो गयीं। किसान अपनी किश्मत को ठोकता नजर आ रहा है कि अब कैसे खेत मालिक के पैसे दिये जायेंगे और कैसे बच्चों को पालन पोषण हो सकेगा। पीढ़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर दुकान मालिक के खिलाफ कार्यवाही किये जाने व उसका खर्चा दिलाये जाने की मांग की।

# ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल टनकपुर ब्रांच में वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्षा आस्था अग्रवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम का आरंभ गणेश वंदना से हुआ। उनके स्वागत में बच्चों ने स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का मन जीत लिया।कक्षा पी.एन.सी . के नन्हे- मुन्ने बच्चों ने पापा मेरे पापा गीत पर नृत्य करके को आनंद विभोर कर दिया। डांस पे चांस नृत्य पर तो सभी झूम उठे। कक्षा के .जी. के नन्हे -मुन्ने बच्चों ने डांस के दीवाने नृत्य पर सभी को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। साउथ इंडियन डांस ने पूरे दक्षिण भारत का ही समां बांध दिया। पहाड़ी डांस पर बच्चों ने अपनी कलाकारी का अद्भुत नमूना पेश किया जिसे देखकर सभी दर्शकों ने ताली बजा कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। राजस्थानी डांस में बच्चों ने रंग बिरंगी वेशभूषा में राजस्थान की परंपरा संस्कृति के दर्शन करा दिए। देवी डांस में बच्चों ने नौ देवियों के साक्षात दर्शन करा दिए भांगड़ा डांस में बच्चों ने पंजाब की संस्कृति परंपरा और वेशभूषा का सुंदर दृश्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। जहां कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ वहीं कार्यक्रम का समापन रामायण से किया गया। कुछ ही मिनट में बच्चों ने संपूर्ण रामायण प्रस्तुत कर सतयुग के दर्शन करा दिए। जिसमें कैकई वरदान,राम का वनवास, सीता का हरण,सूर्पनखा की नाक काटना प्रभुराम का राज तिलक शामिल थे। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा छाबड़ा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बच्चों की प्रगति को बताया। डॉक्टर अर्चना द्विवेदी ए.डी.एम. सहारनपुर, डाक्टर आलोक कुमार सी. एम. ओ. पीलीभीत, वीरेंद्र सिंह ए.आर.टी.ओ. डॉक्टर प्रांजल, डॉ नेहा ,आदित्य पांडे, डॉ रश्मि चौधरी, डॉक्टर गोखले, डॉ के. एन. तिवारी, डॉक्टर एस. के. मित्रा, एडवोकेट राहुल, एडवोकेट गौरव, एडवोकेट नेहा, देवेश बंसल, ईश बंसल, डॉ अनुरिता, जाय मैनी, डॉ मनोज गुप्ता, पदमा चंद्रा प्रिंसी, चारु, शिल्पा ,संजीव अग्रवाल, रूपाली अग्रवाल, सरवन अग्रवाल, शालिनी गुप्ता, अश्विनी अरोड़ा, गोविंदा कपूर ,अमित शेखर, संजीव कुमार अल्लू ,दीपाली पुरी, संदीप पुरी, नवीन आहूजा, अजीत बिंद्रा, रितु बिंद्रा ,तारी सिंह, करण ढिल्लन ने विद्यालय के वार्षिकोत्सव में पधार कर कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया और नन्हें - मुन्ने बच्चों को जोश, उमंग और उत्साह से भर दिया। विद्यालय प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए उनकी लगन, मेहनत और कलाकारी की प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया।



# किसानों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण करें अधिकारी: जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा किसानों की समस्याओ को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाए। उन्होंने किसानों से अपील किया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में हर गांव में कैम्प लग रहे है सरकार की योजनाओं का संतृप्तिकरण किया जा रहा है, जिनका पीएम किसान सम्मान निधि का किस्त नही आ रहा है, वे कैम्प में जाकर अपना डाटा सही करवा कर लाभान्वित हो, तथा उज्जवला योजना, पेंशन योजना अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने पशुपालन विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं, पशुओं के टीकाकरण के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी और सभी किसानों से टीका लगवाने के लिए अपील भी की। जिला उद्यान अधिकारी डा. सीमा सिंह राना ने एकीकृत बागवानी, मशरूम यूनिट, शहद और मधुमक्खी पालन से सम्बंधित जानकारी दी। उन्होंने ड्रिप और स्प्रिंकलर और नैनो यूरिया के लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। किसानों को फूलों की खेती, मशरूम की खेती, शहद की खेती करने का सुझाव दिया। डिप्टी आरएमओ नृपंजय पाठक ने बताया कि जनपद में 01 नवंबर से धान की खरीद की जा रही है। कुल 153 धान क्रय केंद्र बनाए गए। धान के किसानों को 48 घण्टे में भुगतान किया जा रहा है, उन्होंने बताया कि जिन किसानों का भुगतान नही हो पा रहा है, ऐसे किसान अपने बैंक खाते को आधार से लिंक करा लें। उन्होंने बताया कि 29 फरवरी 2024 तक खरीद की जाएगी। रजिस्ट्रेशन हेतु खतौनी, आधार कार्ड और रजिस्ट्रेशन की प्रति की आवश्यकता होगी। जनपद के किसानों भाई धान क्रय के सम्बंध में 7065660760 नंबर पर अपनी समस्या बता सकते है। एआर कोऑपरेटिव ने बताया कि यूरिया के लिए 17000 एमटी का लक्ष्य निर्धारित है जिसमे 50 प्रतिशत उपलब्ध है। 02 से 03 दिन में समिति को भेज दे जाएगी। जनपद में पर्याप्त उपलब्ध है। नैनो यूरिया भी समिति पर उपलब्ध है। खुद तो जागरूक हो और अन्य को भी प्रयोग करने के लिए जागरूक करें। इस अवसर पर उपनिदेशक कृषि हिमांशु पांडेय, जिला गन्ना अधिकारी, एक्सईएन सिचाई, डिप्टी पीडी आत्मा डा. रमेश चन्द्र यादव, जिला गन्ना अधिकारी महेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शिक्षक की विदाई में बिलख-बिलख कर रोए बच्चे

* सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा भावुक वीडियो
* बिछिया ब्लाक के तारगांव कंपोजिट विद्यालय का नजारा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



काम तो सभी करते हैं लेकिन कुछ ही ऐसे लोग होते हैं जो दिल लगा कर काम करते हैं। ऐसे लोगों का अंदाज उन्हे सबसे अलग करता है। ऐसा ही एक नजारा बिछिया ब्लाक के एक कामोजिट विद्यालय में तैनात शिक्षक की विदाई के दौरान देखने को मिला। जहां अपने चहेते अध्यापक को विदा होता देख बच्चे रोने लगे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर जम कर वायरल हो रहा है। आज के दौर में गुरु शिष्य के प्रेम के ऐसे नजारे यदा कदा ही देखने को मिलते हैं। बिछिया ब्लॉक के तारगांव के कंपोजिट विद्यालय में सहायक शिक्षक के पद पर तीन वर्ष से कार्यरत शुभम चौधरी का पूर्ति निरीक्षक के पद पर चयन हो गया है। उनके शिक्षक पद से कार्यमुक्ति लेने पर उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई के दौरान बच्चे अपने प्रिय शिक्षक को अलग होता देख भावुक हो गए और रोने लगे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। यहां बच्चो के बीच शिक्षण कार्य के कारण बहुत ही लोकप्रिय थे। बीईओ इंद्रा देवी ने बताया कि सहायक शिक्षक को आपूर्ति निरीक्षक के पद पर ज्वॉइन करना है। विद्यालय स्टॉफ द्वारा उन्हें विदाई दी गई, जिस पर बच्चे भावुक हो गए। इस दौरान सभी ने शिक्षक का आभार भी व्यक्त किया।

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के चमियानी निवासी शुभम चौधरी ने वर्ष 2019 में ग्राम विकास अधिकारी की परीक्षा पास की थी लेकिन नौकरी नहीं की। 2020 उनका चयन सहायक अध्यापक के पद पर हुआ। पीसीएस अधिकारी बनने की चाह रखने वाले शुभम ने शिक्षण कार्य के साथ अपनी तैयारी जारी रखी। 9 दिसंबर 2022 को घोषित लोवर पीसीएस परीक्षा परिणाम में शुभम पास हुए और उनका चयन पूर्ति निरीक्षक के पद पर हुआ। शुभम को अमेठी जनपद में तैनाती मिली है। उनका कहना है उनकी तैयारी अभी जारी है। शुभम के पिता चक्रेश खाड़ी देश में काम करते हैं। उनकी मां राजवती सामान्य गृहणी हैं।

## टीवी का प्लग लगाते समय करंट की चपेट में आया किशोर, मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। थाना व कस्बा औरास में टीवी का प्लग बिजली के बोर्ड में लगाते समय किशोर करंट की चपेट में आकर बेहोश हो गया। परिजनों ने सीएचसी लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बिना पुलिस सूचना के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। औरास कस्बे के मोहल्ला शांतीनगर निवासी छोटू( 16) पिता सुखवीर का खेती में हाथ बटाने के साथ मजदूरी करता था।
मंगलवार शाम वह मजदूरी कर घर लौटने के बाद खाना खाने जा रहा था। तभी टेलीविजन चलाने के उसका प्लग बिजली के बोर्ड में लगाने लगा। तार कटा होने से उसमें आ रहे करंट की चपेट में आने से वह उसी में चिपक गया। परिजनों ने डंडा मारकर उसे छुड़ाया और सीएचसी लाकर भर्ती कराया। इलाज के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत से परिजन बेहाल हो गए। पिता के साथ मां रामादवी हैं। वह पांच भाईयों में चौथे नंबर का था। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। एसओ रेखा सिंह ने बताया कि ऐसी कोई सूचना उनके पास नहीं आई है।

## बिल्हौर तहसील के उटठा रजबहा में सफाई के नाम पर खानापूरी, खड़ी झाड़ियां-पानी नदारत



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में राजवहो और बम्बी में पानी ना के बराबर है वहीं पर तमाम राजवहे ऐसे हैं जहां पर सफाई के नाम पर खाना पूरी कर दी गई है उटठा रजबहा में ग्रामीण उसके अंदर घूम कर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल रहे हैं। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में नहरो द्वारा किसानों को कम खर्चे में पानी देना और उनके खेत तक पानी बिना अवरोध के पहुंचे जिसको लेकर हर वर्ष समय से सफाई पर करोड़ों रुपया खर्च किया जाता है लेकिन वह खाना पूरी नजर आ रही है किसानों के साथ में धोखा हो रहा है और जो सफाई नहरो में हुई है उसके नाम पर केवल महज खाना पूरी कर ठेकेदार ने पैसे का भुगतान प्राप्त कर लिया होगा लेकिन अभी तक पानी नहीं आया है। गेहूं की सिंचाई कैसे होगी इस संबंध में किसानों ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया लेकिन अधिकारियों ने सिर्फ आश्वासन देखकर टाल दिया है उटठा राजवहा से काफी दूर तक पानी जाता है और इसकी काफी चौड़ाई भी है पटरी पर जमा मिट्टी पिछले वर्ष मिट्टी खनन सब उठा ले गए जिसके चलते अगर ज्यादा पानी आता है तो पटरिया फट जाती हैं। जिसके लिए सफाई बहुत जरूरी है। आसपास के प्रधानों ने बताया कि दिनों दिन सफाई का फार्मूला बदलता रहता है रात के समय में ठेकेदार जेसीबी द्वारा करवा कर भाग जाते हैं इससे पता ही नहीं चल पाता है कि कौन ठेकेदार है और कौन काम करवा रहा है।

## माखी थाना क्षेत्र में युवक ने फंदे से लटककर दे दी जान



जन एक्सप्रेस । उन्नाव। शराब को लेकर हुए पत्नी से विवाद के बाद युवक ने नीम के पेड़ पर साड़ी के फंदे से लटककर जीवनलीला समाप्त कर ली। उसका शव फंदे से लटका देख पत्नी के होश उड़ गए। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया। माखी थानाक्षेत्र के डीहा गांव निवासी बउवा उर्फ दिलीप कुमार( 45) दिन में भट्ठे पर मजदूरी करता था और रात को खेत में फसल ताकने के लिए पत्नी रामश्री के साथ झोपड़ी बनाकर रहता था। मंगलवार रात शराब पीने को लेकर उसका पत्नी से विवाद हुआ। पत्नी सो गई तभी बउवा ने खेत में खड़े नीम के पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटककर जान दे दी। बुधवार सुबह पति का शव देख वह बेहाल हो गई। घर में रहने वाले बच्चों को सूचना दी। मृतक का बेटा लवकुश और अन्य परिजन पहुंचे। पुलिस ने भी जांच की और शव का पोस्टमार्टम कराया। किसान के दो बच्चों में लवकुश, विनोद और एक बेटी लक्ष्मी है। एसओ वीरबहादुर सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। शराब पीने को लेकर विवाद हुआ था।

## टेंपो अनियंत्रित होकर पलटा, अधेड़ की मौत

* पुरवा कोतवाली के घूरखेत के पास हुई घटना
* छुट्टी खत्म होने पर वापस ड्यूटी जा रहा था मृतक

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के घूरखेत एक टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में उस पर सवार अधेड़ की मौत हो गई जबकि अन्य सवारियां घायल हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के गांव केसरीखेड़ा ब्रम्हनान निवासी बुद्धीलाल लोधी( 53) आगरा जिले में रेलवे के सिग्नल विभाग में हेल्फर के पद पर तैनात था। 20 दिन पहले बेटे जीतेंद्र की शादी थी उसी में छुट्टी लेकर घर आया था।
बुधवार से छुट्टी खत्म हो रही थी। गुरुवार से उसे ड्यूटी ज्वाइन करना था। कानपुर से ट्रेन होने से बुधवार सुबह वह टेंपो से उन्नाव आ रहा था। पुरवा-उन्नाव मार्ग पर पुरवा कोतवाली के घूरखेत के निकट ग्यारह मील के पास टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में समय उसमें पांच सवारी बैठी थी। जिसमें बुद्धीलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। अन्य सवारियों को मामली चोट होने से वह घर चले गए। घटना के बाद चालक मौके से भाग निकला। पुलिस उसे बिछिया सीएचसी ले गई। वहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद कोहराम मच गया। पति की मौत से पत्नी कमलावती रो रोकर बेहाल है।
मृतक के पांच बच्चों में तीन बेटे और दो बेटियां हैं। बेटी सुशीला के मुताबिक पिता भाई की शादी में छुट्टी लेकर आए थे। कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि टेंपो पलटने से अधेड़ की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## कब जागेंगे जिम्मेदार और खत्म कराएंगे रोजाना लगने वाला ट्रैफिक जाम

जन एक्सप्रेस । बिछिया



उन्नाव। बनी कस्बे में बन रहे एलिवेटेड एक्सप्रेसवे के चलते कानपुर लखनऊ हाईवे पर जगह जगह पर रूट डायवर्ट किया गया है, दही चौकी पुरवा मोड़ पर रूट डायवर्ट है, जिसके चलते मंगलवार देर रात से जाम लग गया सुबह तड़के यातायात सामान्य हो सका लेकिन रूट डायवर्ट के बाद भी लगातार पीछे से भारी वाहन आ रहे हैं,
मंगलवार देर रात दही चौकी में लम्बा जाम लगा हुआ था, कानपुर से लगातार भारी वाहन आने से वाहनों की संख्या में बढ़ोतरी के चलते दही चौकी पुरवा मोड़ पर एक साथ जल्दी निकलने के चक्कर में हाईवे पर जाम लग जाता है जबकि ट्रैफिक पुलिस का कहना है की जब पीछे रूट डायवर्ट है तो इतने ज्यादा संख्या में वाहन आ क्यों रहे है, चर्चा है कि भारी वाहन फुटपाथ पर वाहन खड़ा करके रात में ट्रैफिक पुलिस से साठ गाठ करके लखनऊ सीधा निकल जाते हैं, जिससे ट्रैफिक पुलिस कर्मी मोटी कमाई कर रहे हैं जबकि जाम से लगातार लोग जूझ रहे हैं, ट्रैफिक पुलिस केवल खानापूर्ति में रूट डायवर्ट संचालन कर रही है जबकि जाम रोज रात में लग रहा है, लोगो में चर्चा है कि जाम अब रोज का हो गया है। और आए दिन ट्रैफिक पुलिस के उगाही के वीडीओ वायरल हो रहे है जिसके चलते रोज जाम लग रहा है।

## किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन कर दी जानकारी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। बुधवार को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम( आरकेएसके) के तहत चुन्नीगंज स्थित राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज( जीजीआईसी) में 'किशोर स्वास्थ्य मंच' का आयोजन कर उनको स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए मेहँदी, रंगोली व पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

## अरौल थाना क्षेत्र के बरांडा गांव की किशोरी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पिता-पुत्र पर रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के थाना अरौल के बरंडा गांव में मंगलवार को किशोरी शबनम पुत्री स्वर्गीय मुस्ताक के आत्महत्या किए जाने के मामले में बुधवार को जमकर बवाल हुआ गांव में तनाव की स्थिति भी पैदा हो गई जिसके बाद तमाम पुलिस प्रशासन की जिम्मेदार अधिकारी गांव पहुंच गए अरौल थाने के अतिरिक्त कई थानों का फोर्स भी मौके पर पहुंच गया जहां पर किशोरी के परिजनों द्वारा गांव के ही एक युवक व उसके पिता पर किशोरी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाने लगे दिनभर चले वाद-विवाद के बाद देर शाम किशोरी के परिजनों की तहरीर के आधार पर गांव के ही विशाल व उसके पिता लाखन पर आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की गई। इससे पहले परिजनों के द्वारा यह भी आरोप लगाया गया कि मामले की जानकारी पुलिस चौकी को कई बार दी गई थी युवक किशोरी को लगातार कई दिनों से परेशान कर रहा था लेकिन इसके बावजूद पुलिस की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं की गई जिसके बाद मंगलवार की देर शाम किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली बाद में बुधवार को परिजनों के बवाल के बाद कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंच गया जिसके बाद घटनाक्रम में तेजी से बदलाव आया और गांव के ही युवक व उसके पिता के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई मामले में थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पाल ने बताया कि किशोरी का पोस्टमार्टम कराया गया है तहरीर के आधार रिपोर्ट दर्ज की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई अमल मिलाई जाएगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### सरैयां ग्राम सभा में केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाया

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाने के लिए ग्राम सभाओं में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उसी को लेकर बुधवार को सरैयां ग्राम सभा में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां सदर विधायक पंकज गुप्ता ने केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। जहां सरकार की पीएम आवास योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना का बखान किया। कार्यक्रम में घरौनी व वरासत देकर किसानों को सम्मानित भी किया गया। इसके साथ ही स्कूली बच्चों ने देश भक्ति गीत गाये और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिस पर बच्चों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधान राजेन्द्र लोधी, नन्हकऊ साहू, लेखपाल सत्यम शर्मा, दीपक पाल आदि लोग मौजूद रहे।

### सीओ सिटी गंगाघाट कोतवाली में अर्द्धवार्षिक निरीक्षण करने पहुंचे

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। बुधवार दोपहर सीओ सिटी आशुतोष कुमार गंगाघाट कोतवाली में अर्द्धवार्षिक निरीक्षण करने पहुंचे। जहां निरीक्षण के दौरान कार्यालय पहुंच कर अभिलेखों के रखरखाव की व्यवस्था देखी। सीसीटीएनएस, महिला हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण कर मौजूद मातहतों से दर्ज शिकायतों पर की गई कार्रवाई के वारे में जानकारी की। इसके साथ ही थाना परिसर में साफ-सफाई आदि की व्यवस्था भी देखी। एएसपी ने निरीक्षण के दौरान मातहतों को लंबित मामलों को जल्द निस्तारित किये जाने का आदेश दिया।

### दहेज हत्या में वांछित गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने बताया कि बुधवार को क्षेत्र में संदिग्ध एवं वांछित व्यक्ति तलाश अभियान चलाया गया। इस दौरान बिन्दा नगर चौकी प्रभारी जन्मेदय सिंह हमराहियों के साथ पोनी रोड पर गश्त कर रहे थे, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि दहेज हत्या के वांछित रहमतनगर निवासी चांद उर्फ पप्पू पुत्र स्व. अब्दुल रहमान पोनी रोड तिराहे के पास खड़ा है। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। जिसके बाद दर्ज मुकदमें के आधार पर कार्यवाही करते हुये कोर्ट भेजा है।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर कानपुर कमिश्नरेट पुलिस इस वक्त एक्शन मोड में है। बीते दिन मंगलवार की शाम बिठूर पुलिस यश कोठारी चौराहे पर चेकिंग अभियान चला रही थी। तभी पुलिस को सूचना मिली कि चिराग गांव के पास संदिग्ध अवस्था में दो लोग खड़े हुए हैं। जिसके बाद बिठूर थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों अभियुक्तों को धर दबोचा। बिठूर थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए नीरज सचान पुत्र प्रतापभान निवासी विवियापुर, अर्जुन पासवान पुत्र छेदालाल निवासी विवियापुर थाना मूसानगर के रहने वाले हैं इनके पास से चोरी के मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । चौबेपुर। ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत मरखरा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर मालो जिला पंचायत सदस्य/जिला उपाध्यक्ष गोपाल दीक्षित, उपस्थित रहे, खंड विकास अधिकारी एस एन कश्यप जी बी ओ पी आर डी स्मृता सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमिताभ त्रिपाठी, ग्रामीण प्रधान जीतेन्द्र व कृषि विभाग के अधिकारी आदि लोग उपस्थित रहे हैं जिसमे केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाक़ात कर भाजपा सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आवास, शौचालय आदि के प्रमाण पत्र दिए गये।

## सुबह और रात में ठंड पड़ने की संभावना

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। तापमान में 2 से 3 डिग्री का उतार चढ़ाव रहने के साथ तेज हवाओं के साथ सर्दी बनी रहने की संभावना है। आसमान में आगामी पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के साथ सुबह और रात्रि के समय ठंड पड़ने की संभावना है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय ने बुधवार को बताया कि दिन का अधिकतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस रहा।

## दो बाइकें आपस में टकराई पांच युवक गंभीर रूप से घायल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार की शाम 7:10 बजे एक बार फिर तेज रफ्तार का कर देखने को मिला जब तेज रफ्तार दो बाइकें के आपस में टकरा गई। घटना में पांच युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची बिठूर पुलिस ने घायलों को निजी अस्पतालों में उपचार के लिए भर्ती कराया है। घायलों युवकों में से दो युवकों की हालत चिंताजनक बनी हुई है।
बिठूर स्टेट बैंक के सामने बिठूर में दो बाइक आपस में भिड़ गई जिस पर पांच व्यक्ति सवार थे। छोटू पासवान उम्र 28 वर्ष पुत्र हरिश्चंद्र निवासी ब्रह्म नगर, देवानंद उम्र 25 वर्ष पुत्र राम बहादुर निवासी मानक बांग्ला परियर उन्नाव, सागर उर्फ कृष्ण मोहन द्विवेदी उम्र 30 वर्ष पुत्र लव कुश निवासी मानक बांग्ला उन्नाव हाल पता ब्रह्म नगर, संदीप उम्र 32 वर्ष पुत्र रामविलास निवासी मानक बांग्ला परियर उन्नाव, और पांचवा राम उम्र 18 वर्ष पुत्र रमेश निवासी मानक बांग्ला परियर उन्नाव का बताया जा रहा है। यह सभी युवक दो बाईकों पर सवार रेसिंग कर रहे थे कि तभी दोनों बाइकें अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गई।

## ककवन थाना पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

थाना ककवन अंतर्गत नए थानाध्यक्ष आते ही उन्होंने अपराधियों और वारंटियों पर लगाम कसना शुरू कर दिया है वांछित सलाखों के पीछे नहीं है तो उसको हर हालत में गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजना है ककवन पुलिस ने न्यायालय में विचाराधीन चल रहे एक मामले में फरार चल रहे थाना क्षेत्र के औरो ताहरपुर गांव निवासी वारंटी सर्वेश कुमार पुत्र पूरन लाल को सब इंस्पेक्टर कृष्णकांत यादव और अबरार ने प्लानिंग करके सटीक सूचना पर छापा मारकर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया मिली सूचना पर बुधवार को उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्यवाही के बाद जेल भेज दिया।

## संदिग्ध हालातों में विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हसनपुर सगौड़ा में एक विवाहिता का शव संदिग्ध हालातों में फांसी के फंदे पर लटका पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हसनपुर सगौड़ा निवासी अशोक कुमार उर्फ बबलू पुत्र मोतीलाल एक निजी स्कूल के बच्चों को ई रिक्शा से लाने ले जाने का काम करता है। बुधवार को भी अशोक कुमार बच्चों को स्कूल छोड़ने गया था। उसकी पत्नी सुनीता( 30) घर में अकेली थी। सुबह करीब 10 बजे जब पति वापस घर लौटा तो देखा कि घर के अंदर छप्पर में साड़ी के फंदे के सहारे सुनीता का शव लटक रहा है। यह देखकर अशोक के पैरों तले जमीन खिसक गई। उसने घटना की सूचना तुरंत पत्नी के मायके और कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के एक तीन वर्ष की मासूम पुत्री है।

## दो ट्रक की आपस में टक्कर से चालक की मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। घाटमपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेदा गांव के पुल के पास दो ट्रकों की आपस में जबरदस्त टक्कर में चालक की दर्दनाक मौके पर मौत हो गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की सहायता से ट्रक की स्टेरिंग में फंसे चालक का शव बाहर निकलते हुए परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार फतेहपुर जनपद के इदरतपुर ताजू निवासी सचिन उम्र 28 वर्ष पुत्र उदयवीर ट्रक चालक था बुधवार वह मूसानगर से घाटमपुर की ओर ट्रक माल लड़ कर जा रहा था घाटमपुर थाना क्षेत्र के बेदा गांव स्थित है पुल के पास आगे चल रहे ट्रक से पीछे चल रहा ट्रक जा भिड़ा घटना में ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया और सचिन की स्टेरिंग में फंसकर मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अधिवेशन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का बरेली में होगा आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के कलेक्टरगंज स्थित कार्यालय में में प्रेस वार्ता की गई जिसमें जिला अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने बताया की उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का अधिवेशन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 में 24 दिसंबर 2023 को बरेली जनपद में आयोजित होगा, 2 दिन तक कई सत्रों में व्यापार मंडल का प्रशिक्षण शिविर चलेगा जिसमें संगठनात्मक चर्चा, संगठन की मजबूती पर चिंतन व्यापार को बदले परिदृश्य में ले जाने की योजना बनेगी, इसके साथ ही तय होगा कि आगामी लोकसभा चुनाव में व्यापारियों का काम क्या होगा वह किस दिशाओं और किसी लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेंगे कार्यक्रम के लिए संगठन की प्रदेश टीम ने कई दिन पूर्व से ही तैयारी शुरू कर दी थी यहां यह भी बताते चलें उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड की स्थापना पूर्व सांसद श्रद्धेय पंडित श्याम बिहारी मिश्रा एवं श्रद्धेय लाला विशंभर लाल अग्रवाल जी ने मां गंगा के पावन तट के किनारे वाराणसी में आज से 50 वर्ष पूर्व की थी वर्ष 2023 में अपने 50 वर्ष पूर्ण होने पर संगठन इसको स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम के तहत मना रहा है जिसमें दीपोत्सव, व्यापार मंडल व्यापारियों के प्रतिष्ठान, टोल फ्री मिस कॉल अभियान में पूरे उत्तर प्रदेश में व्यापारी स्वाभिमान यात्रा भी निकाली जा चुकी है इसका समापन अधिवेशन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में होगा जिसकी जिम्मेदारी बरेली इकाई को दी गई है। प्रेस वार्ता में अध्यक्ष राजेश गुप्ता मणिकांत जैन रामेश्वर गुप्ता, राकेश सिंह, कृपाशंकर त्रिवेदी, प्रदीप गुप्ता, विराट गुप्ता, दिनेश गुप्ता, ईश्वर वर्मा ने भाग लिया।

## ट्रक ने स्कूटी में मारी टक्कर, छात्रा की मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। सीसामऊ थाना क्षेत्र में ट्रक की टक्कर लगने से बुधवार को स्कूटी सवार छात्रा की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की और ट्रक एवं चालक को कब्जे में ले लिया है। पुलिस उपायुक्त मध्य जोन प्रमोद कुमार ने बताया कि बुधवार को बिरहाना रोड स्थित सीएस कोचिंग से स्कूटी सवार छात्रा नंदनी महेश्वरी 14वर्ष पुत्री डॉ.राजाकुमार महेश्वरी वापस घर के लिए लौटी थी। रास्ते में जरीब चौकी के समीप ट्रक ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्रा के शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है और ट्रक एवं चालक को कब्जे में ले लिया गया है। परिवार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके विधिक कार्रवाई की जाएगी। परिवार ने आरोप लगाया कि नो एंट्री होने के बावजूद कैसे सड़क पर ट्रक तेजी से जा रहा था। छात्रा ने सुरक्षा के लिए हेलमेट भी पहना था, इसके बावजूद उसकी जान चली गई।

## वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया कौशल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। गुरू नारायण खत्री स्कूल्स द्वारा संचालित विधालयों के संयुक्त तत्वाधान में वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन जेएनके कॉलेज प्रांगण में किया गया, जिसका उदघाट्न मुख्य अतिथि जिला विधालय निरीक्षक द्वारा किया गया। इस दौरान स्कूल के छात्रों ने सामूहिक गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने विधालय की वर्तमान व्यवस्था के लिए प्रबंधतंत्र को बधाई दी तथा विधालय के छात्रों के भविष्य निर्माण एवं संस्कारित करने की कार्यशाला के रूप में अभिव्यक्ति दिया, इस दौरान उन्होने कहा की पढ़ाई के साथ साथ शारीरिक शिक्षा भी आवश्यक है, सभी खेलकूद प्रतियोगिताओं में दौड़, गोला फेंक प्रतियोगिता, लम्बी कूद, ऊँची कूद, बैडमिंटन, शतरंज एवं राइफल शूटिंग का आयोजन मुख्य अतिथि द्वारा करवाया गया। उन्होने खेल की महत्वता को बताते हुए कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु खेल जरूरी है, इससे छात्रों के चरित्र एवं शरीर का समुचित विकास होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मूल चंद्र सेठ ने की तथा अतिथियों का स्वागत प्रधानाचार्य एमडी द्विवेदी द्वारा कराया गया।

## क्रिसमस से पहले मसीह समाज ने निकाली भव्य रैली



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

क्रिसमस के उपलक्ष्य में मोतीझील प्रांगण से पास्टर एसोसिएशन के तत्वाधान में मसीह समाज की भव्य रैली का आयोजन किया गया जो मोतीझील से चलकर शहर क्षेत्रों से होते हुए ग्वालटोली चर्च तक गई, इस दौरान ईशू मसीह के भजनों पर मसीह समाज के लोग थिरकते दिखे और सभी को क्रिसमस एवं नववर्ष की शुभमानाएं भी देते रहे।
रैली में लोग अपने अपने दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के साथ प्रभु यीशु मसीह के जन्म की झांकियों को सजाकर बच्चो को सैंटा क्लॉस एवं फरिश्ते के रूप में सजाकर हाथों में तिरगें झंडे और क्रास तथा गुब्बारे लिए हुए थे। कई स्थानों पर रैली का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर पादरी एसो0 के महासचिव पादरी जितेद्र सिंह ने बताया कि इस क्रिसमस रैली को निकालने का यही मकसद है कि पूरा मसीह समाज मिलकर अपने पूरे शहर के लोगों को क्रिसमस और नववर्ष की बधाई दे रहा है और यह प्रार्थना है कि अपने वाला नया साल पूरे शहर, प्रदेश और देश के लिए खुशियों से भरा हो और भारतवासी और भी ज्यादा आपसी प्रेम, भाईचारे एवं शान्ति, समृद्धि तथा खुशहाली के साथ रहें। इस अवसर पर पादरी जितेंद्र सिंह, संजय ऑलविन, अनिल गिलवर्ट, एबी सिंह, प्रदीपराव, पारसनाथ, किशनलाल, पादरी साजू एलियास, पादरी ब्रजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# तीन नए क्रिमिनल लॉ बिल लोकसभा में पास

## राजद्रोह कानून खत्म, नाबालिग से रेप और मॉब लिंचिंग पर फांसी की सजा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

तीन नए क्रिमिनल लॉ बिल लोकसभा में पास हो गए हैं। अब इसे राज्यसभा में रखा जाएगा। वहां से पास होने के बाद इसे मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। इसे पेश करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा- अंग्रेजों के समय का राजद्रोह कानून खत्म किया गया है। नाबालिग से रेप और मॉब लिंचिंग जैसे क्राइम में फांसी की सजा दी जाएगी।



### सशस्त्र विद्रोह करने और देश की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर जेल

बिल पर लोकसभा में अमित शाह ने कहा कि अंग्रेजों का बनाया राजद्रोह कानून, जिसके चलते तिलक, गांधी, पटेल समेत देश के कई सेनानी कई बार 6-6 साल जेल में रहे। वह कानून अब तक चलता रहा। मैंने राजद्रोह की जगह उसे देशद्रोह कर दिया है। क्योंकि अब देश आजाद हो चुका है, लोकतांत्रिक देश में सरकार की आलोचना कोई भी कर सकता है। अगर कोई देश की सुरक्षा, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का काम करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। अगर कोई सशस्त्र विरोध करता है, बम धमाके करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी, उसे आजाद रहने का हक नहीं, उसे जेल जाना ही पड़ेगा। कुछ लोग इसे अपनी समझ के कपड़े पहनाने की कोशिश करेंगे, लेकिन मैंने जो कहा उसे अच्छी तरह समझ लीजिए। देश का विरोध करने वाले को जेल जाना होगा।

### महिलाओं और बच्चों को प्रभावित करने वाले कानूनों को प्राथमिकता

शाह ने लोकसभा में कहा कि नए कानून व्यक्ति की स्वतंत्रता, मानव के अधिकार और सबके साथ समान व्यवहार के तीन सिद्धांतों के आधार पर बनाए जा रहे हैं। आजादी के बाद पहली बार अपराध न्याय प्रणाली से जुड़े तीनों कानूनों का मानवीकरण होगा। नए कानूनों में महिलाओं और बच्चों को प्रभावित करने वाले कानूनों को प्राथमिकता दी गई है। उसके बाद मानव अधिकारों से जुड़े कानूनों और देश की सुरक्षा से संबंधित कानूनों को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि 'मॉब लिंचिंग' घृणित अपराध है और नए कानून में इस अपराध में फांसी की सजा का प्रावधान है।

### आरोपी को याचिका दायर करने के लिए सात दिन मिलेंगे

अमित शाह ने कहा कि अब आरोपी को याचिका दायर करने के लिए सात दिन मिलेंगे। न्यायाधीश को उन सात दिनों में सुनवाई करनी होगी। मामले का ट्रायल शुरू करने के लिए अधिकतम 120 दिन का समय मिलेगा। पहले प्ली बार्गेनिंग के लिए कोई समय सीमा नहीं थी। अब अगर कोई अपराध के 30 दिनों के भीतर अपना अपराध स्वीकार कर लेता है तो सजा कम होगी। ट्रायल के दौरान दस्तावेज पेश करने का कोई प्रावधान नहीं था। हमने इसे अनिवार्य कर दिया है। 30 दिनों के भीतर सभी दस्तावेज प्रस्तुत किए जाएंगे। इसमें कोई देरी नहीं की जाएगी।

### 'मोदी सरकार पहली बार आतंकवाद की व्याख्या करने जा रही'

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पहली बार आतंकवाद की व्याख्या करने जा रही है। यह मानव अधिकारों का सबसे बड़ा उल्लंघन है। इसके लिए जो भी जिम्मेदार है, उसे हम बख्शेंगे नहीं। इसके साथ ही राजद्रोह को देशद्रोह में बदला जा रहा है।

### 'ये पीएम मोदी की सरकार है, जो कहती है वो करती है'

गृह मंत्री ने कहा कि हमने कहा था कि अयोध्या में हम जल्द से जल्द राम मंदिर बनाएंगे और 22 जनवरी 2024 को वहां रामलला विराजमान हो जाएंगे। ये पीएम मोदी की सरकार है, जो कहती है वो करती है। हमने कहा था कि हम संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33त्न आरक्षण देंगे। कांग्रेस कई बार सत्ता में आई और तारीखें देती रहीं, लेकिन हमने इसे पूरा किया और बहुमत के साथ महिलाओं को सशक्त बनाया।

### बच्ची से रेप के दोषी को फांसी की सजा

पहले रेप की धारा 375, 376 थी, अब जहां से अपराधों की बात शुरू होती है, उसमें धारा 63, 69 में रेप को रखा गया है। गैंगरेप को भी आगे रखा गया है। बच्चों के खिलाफ अपराध को भी आगे लाया गया है। मर्डर 302 था, अब 101 हुआ है। 18 साल से कम उम्र की बच्ची से रेप में आजीवन कारावास और मौत की सजा का प्रावधान है। गैंगरेप के दोषी को 20 साल तक की सजा या जिंदा रहने तक जेल।

### गैर इरादतन हत्या को कैटेगिरी में बांटा

प्रस्तावित कानून में गैर इरादतन हत्या को दो हिस्सों में बांटा गया है। अगर गाड़ी चलाते वक्त हादसा होता है, फिर आरोपी अगर घायल को पुलिस स्टेशन या अस्पताल ले जाता है तो उसे कम सजा दी जाएगी। हिट एंड रन केस में 10 साल की सजा मिलेगी। मॉब लिंचिंग में फांसी की सजा होगी। स्नैचिंग के लिए कानून नहीं था, अब कानून बन गया है। किसी के सिर पर लाठी मारने वाले को सजा तो मिलेगी, इससे ब्रेन डेड की स्थिति में आरोपी को 10 साल की सजा मिलेगी।

### 3 विधेयकों से क्या बदलाव होगा?

- कई धाराएं और प्रावधान बदल जाएंगे। आईपीसी में 511 धाराएं हैं, अब 356 बचेंगी। 175 धाराएं बदलेंगी। 8 नई जोड़ी जाएंगी, 22 धाराएं खत्म होंगी।
- इसी तरह सीआरपीसी में 533 धाराएं बचेंगी। 160 धाराएं बदलेंगी, 9 नई जुड़ेंगी, 9 खत्म होंगी। पूछताछ से ट्रायल तक वीडियो कॉन्फ्रेंस से करने का प्रावधान होगा, जो पहले नहीं था।
- सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब ट्रायल कोर्ट को हर फैसला अधिकतम 3 साल में देना होगा। देश में 5 करोड़ केस पेंडिंग हैं। इनमें से 4.44 करोड़ केस ट्रायल कोर्ट में हैं।
- इसी तरह जिला अदालतों में जजों के 25,042 पदों में से 5,850 पद खाली हैं।

### आधी सजा काटने पर मिल सकती है रिहाई

गंभीर मामलों में आधी सजा काटने के बाद रिहाई मिल सकती है। जजमेंट सालों तक नहीं लटकाया जा सकता। मुकदमा समाप्त होने के बाद जज को 43 दिन में फैसला देना होगा। निर्णय देने के 7 दिन के भीतर सजा सुनानी होगी। पहले सालों तक दया याचिकाएं दाखिल की जाती थीं। दया की याचिका दोषी ही कर सकता है पहले एनजीओ या कोई संस्थान ऐसी याचिकाएं दाखिल करता था। सुप्रीम कोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद 30 दिन के भीतर ही दया याचिका दाखिल की जा सकेगी। जो देश की एकता, अखंडता, सुरक्षा को खतरे में डालकर भय फैलाने का काम करता है, उसे आतंकवादी माना जाएगा।

### पुलिस की जवाबदेही तय होगी

शाह ने कहा- नए कानून में अब पुलिस की भी जवाबदेही तय होगी। अब कोई गिरफ्तार होगा तो पुलिस उसके परिवार को जानकारी देगी। पहले यह जरूरी नहीं था। किसी भी केस में 90 दिनों में क्या हुआ, इसकी जानकारी पुलिस पीड़ित को देगी।

### आरोपी की गैरमौजूदगी में भी ट्रायल होगा

देश में कई केस लटके हुए हैं, बॉम्बे ब्लास्ट जैसे केसों के आरोपी पाकिस्तान जैसे देशों में छिपे हैं। अब उनके यहां आने की जरूरत नहीं है। अगर वे 90 दिनों के भीतर कोर्ट के सामने पेश नहीं होते हैं तो उसकी गैरमौजूदगी में ट्रायल होगा।

### लोकसभा से दो और सांसद निलंबित

संसद के शीतकालीन सत्र के 13वें दिन (बुधवार) को दो और लोकसभा सांसदों को सस्पेंड कर दिया गया। केरल कांग्रेस (एम) के थॉमस चादीकदम और माकपा के एएम आरिफ को तख्तियां दिखाने और सदन के वेल में प्रवेश करने के लिए संसद के शीतकालीन सत्र से सस्पेंड किया गया। अब तक 143 सासंदों के खिलाफ एक्शन लिया जा चुका है। इनमें 109 लोकसभा और 34 राज्यसभा के हैं। इन सांसदों के संसद में दाखिल होने पर रोक लग गई है। मंगलवार (19 दिसंबर) देर रात लोकसभा सचिवालय ने सर्कुलर जारी करके इन सांसदों के पार्लियामेंट चैम्बर, लॉबी और गैलरी में आने पर बैन लगा दिया है। सांसदों के निलंबन के विरोध में बुधवार को विपक्ष का प्रदर्शन जारी रहा। पहले विपक्षी सांसदों ने गांधी प्रतिमा के सामने सरकार के खिलाफ नारे लगाए और फिर संसद के मकर द्वार के बाहर प्रदर्शन किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जब तक सांसदों का निलंबन वापस नहीं होता, विपक्ष का प्रदर्शन जारी रहेगा। वहीं, राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की नकल उतारे जाने के मामले में सत्ता पक्ष यानी हृष्ठ के सांसदों ने अलग तरह से प्रदर्शन किया। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि उपराष्ट्रपति धनखड़ के समर्थन में हृष्ठ सांसद राज्यसभा में प्रश्न-उत्तर काल में एक घंटे की कार्यवाही के दौरान खड़े रहे। इसके बाद राज्यसभा की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

### लोकसभा के सर्कुलर के मुताबिक क्या-क्या नहीं कर सकेंगे निलंबित सांसद

- सांसदों को चैंबर, लॉबी और गैलरी में एंट्री नहीं मिलेगी। वे उन संसदीय समितियों की बैठकों से भी निलंबित रहेंगे, जिसके वे सदस्य हैं। इसके अलावा वे समितियों के चुनावों में वोटिंग भी नहीं कर सकते। उनके नाम पर लिस्ट ऑफ बिजनेस में कोई आइटम नहीं रखा गया है। सस्पेंशन पीरियड में सांसदों का दिया कोई भी नोटिस स्वीकार्य नहीं है।
- अगर सांसद पूरे सत्र के लिए निलंबित होते हैं तो सस्पेंशन पीरियड के लिए डेली अलाउंसेस के हकदार नहीं, क्योंकि संसद सदस्य के वेतन भत्ते और पेंशन अधिनियम 1954 की धारा 2 (डी) के तहत ड्यूटी की जगह पर निलंबित सांसद का रहना, ड्यूटी पर होना नहीं माना जा सकता है।

### दो-तिहाई सांसदों के निलंबन पर किसने क्या कहा...

**मल्लिकार्जुन खड़गे (कांग्रेस अध्यक्ष)**- पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह देशभर में दौरे कर रहे हैं, लेकिन सदन में नहीं आ रहे। ये सदन की गरिमा का अपमान है। बहुत सारे सांसदों को लोकसभा और राज्यसभा अध्यक्ष ने निलंबित किया है, देश के इतिहास में पहली बार इतने सांसदों को निलंबित किया गया है। लोगों को डराकर लोकतंत्र खत्म करना चाहते हैं।

**अखिलेश यादव (सपा अध्यक्ष)**- लोग जानना चाहते हैं जब सांसदों को निलंबित ही करना था तो नए संसद भवन की क्या जरूरत थी? बेहतर होता कि भाजपा पुरानी संसद में ही दो-तीन लोगों के लिए एक नया कमरा बनवा देती।

**सुप्रिया सुले (एनसीपी सांसद)**- जो देश में हो रहा है, वह बहुत गलत है। हम सिर्फ सुरक्षा में चूक पर चर्चा चाहते हैं। सिर्फ हमारे सांसदों के लिए नहीं, भाजपा के सांसद, मीडिया, सबके लिए। लेकिन सरकार चर्चा से भाग रही है।

**राघव चड्ढा (आप सांसद)**- सबसे चौंकाने वाली और दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि भाजपा के जिस सांसद ने सदन में घुसपैठ के लिए दो लोगों की मदद की, जिन्होंने लोकसभा की सुरक्षा का उल्लंघन किया, उन्हें निलंबित या जांच के लिए नहीं बुलाया गया है। जो सदस्य सुरक्षा चूक और भाजपा सांसद की भूमिका पर सरकार से प्रतिक्रिया मांग रहे हैं, उन्हें निलंबित किया जा है।

# आज ईडी के समक्ष पेश नहीं होंगे केजरीवाल

## विपश्यना पर गए, 10 दिन बाद लौटेंगे, आप नेता बोले, सब पहले से तय था



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी के प्रमुख व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गुरुवार को ईडी के समक्ष पेश नहीं होंगे। वह बुधवार को 10 दिवसीय विपश्यना के लिए चले गए हैं। हालांकि, यह जानकारी नहीं दी गई है कि वह विपश्यना के लिए किस शहर में गए हैं। उन्हें विपश्यना पर मंगलवार को जाना था, लेकिन इंडिया गठबंधन की बैठक के कारण एक दिन के लिए टल गया था। ईडी ने शराब घोटाले में पूछताछ के लिए सोमवार को उन्हें समन जारी करके गुरुवार को बुलाया है। अब तक केजरीवाल के वकीलों ने ईडी के नोटिस के संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की है। संभवतः वह गुरुवार को ईडी के समक्ष पेश होकर अपना पक्ष रखेंगे। सूत्रों के अनुसार वकीलों की राय लेने के बाद ही केजरीवाल ने ईडी के समक्ष पेश होने के बजाय विपश्यना पर जाने का निर्णय लिया है। वकीलों ने इस बार फिर ईडी के समन में कोई खामी निकाली है और उनकी ओर से गुरुवार को इसका खुलासा करने की संभावना है। आम आदमी पार्टी ने ईडी के कदम पर सवाल उठाते हुए कहा था कि पार्टी के वकील समन का अध्ययन कर रहे हैं और कानूनी रूप से उचित कदम उठाए जाएंगे। इसके अलावा आप नेताओं ने कहा था कि केजरीवाल का विपश्यना पर जाने का कार्यक्रम पहले से ही निर्धारित था और यह जानकारी सार्वजनिक थी। अरविंद केजरीवाल को ईडी ने अक्तूबर में भी इस मामले में समन जारी करके दो नवंबर को तलब किया था, लेकिन वह उस दौरान भी ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए थे। तब उन्होंने विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनाव के प्रचार में व्यस्त होने का हवाला देते हुए ईडी के समक्ष पेश होने का समय मांगा था, वहीं दो नवंबर को उनके वकीलों ने ईडी के समन को गैर कानूनी करार दे दिया था।

### जांच से भाग रहे हैं केजरीवाल: सचदेवा


प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि जिस तरह से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ईडी के समन से बचकर दिल्ली से बाहर चले गए हैं, उससे लगता है कि वह जांच से भाग रहे हैं। मुख्यमंत्री का ईडी के दूसरे समन से बचना शराब घोटाले में शामिल होने की उनकी स्वीकारोक्ति को दर्शाता है। ऐसा लगता है कि वे जानते हैं कि ईडी की जांच से यह स्थापित हो गया है कि वह शराब घोटाले के पीछे मुख्य दिमाग और घोटाले के लाभार्थी हैं।

# केंद्र ने खत्म किया एनपीएस और ओपीएस का अंतर

## वित्त मंत्रालय ने 'एन' श्रेणी के लिए जारी किया आदेश

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार में पुरानी पेंशन बहाली और एनपीएस को खत्म करने के लिए आंदोलन हो रहा है। सरकारी कर्मचारी, जनवरी में भूख हड़ताल और उसके बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल की तैयारी कर रहे हैं। दूसरी तरफ भारत सरकार के वित्त मंत्रालय ने ओपीएस व एनपीएस के बीच का एक अंतर खत्म कर दिया है। नेशनल पेंशन सिस्टम एनपीएस में इनवेलिड यानी विकलांगता पेंशन और फैमिली पेंशन के मामले में जो पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) नंबर जारी होता है, उसे एन सीरिज के तहत जारी किया जाता है। अगर ओपीएस से जुड़ा कोई केस है, तो उसमें इस तरह का कोई अक्षर, जिससे उसकी श्रेणी का पता चले, जारी नहीं होता है। एनपीएस में पीपीओ नंबर जारी होता है, तो उस वक्त एन लिखा जाता है।




अब यह विभेद खत्म कर दिया गया है। यानी विकलांगता पेंशन या फैमिली पेंशन की फाइल पर पीपीओ नंबर जारी करते वक्त कोई विभेद नहीं होगा। अब एन श्रेणी हटा दी गई है। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग के तहत केंद्रीय पेंशन लेख कार्यालय, द्वारा 18 दिसंबर को जारी एक कार्यालय ज्ञापन में यह बात कही गई है। केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1972, अब केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम 2021 के तहत पेंशन/फैमिली पेंशन की प्रक्रिया पूरी होती है। ओपीएस के तहत अगर कोई पीपीओ जारी होता है, तो उसमें श्रेणी अंकित नहीं रहती है। एनपीएस और ओपीएस में फैमिली पेंशन व विकलांगता पेंशन पहले भी जारी होती थी। एनपीएस में जब कोई पीपीओ इश्यू होता है, तो उसमें एन यानी एनपीएस श्रेणी लिखा रहता है। यह ओपीएस और एनपीएस के बीच एक विभेद था। बाकी सभी बातें एक समान थी, लेकिन एन ने पीपीओ नंबर को एनपीएस और ओपीएस में विभाजित कर दिया था। इस विभेद से संबंधित लाभार्थी को यह अहसास होता है कि वह पुरानी पेंशन में है या एनपीएस में है। अब वित्त मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन ने उस भेद को मिटा दिया है। अगर अब कोई भी इनवेलिड/फैमिली पेंशन का पीपीओ नंबर जारी होगा, तो उसमें एन नहीं लिखा होगा। भले ही कोई केस बोर्ड आउट होने का है या फैमिली पेंशन का है, अब पीपीओ जारी होने के दौरान ओपीएस वाला नियम लागू होगा। पीपीओ जारी होने में कहीं पर भी एनपीएस नहीं लिखा जाएगा।

# चार साल से कम उम्र के बच्चों के लिए एफडीसी के इस्तेमाल पर प्रतिबंध



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के दवा नियामक ने चार साल से कम उम्र के बच्चों के लिए एंटी-कोल्ड ड्रग कॉम्बिनेशन (सर्दी से बचाव वाली सम्मिश्रण दवाओं) के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही आदेश दिया है कि दवाओं की लेबलिंग इसी के अनुसार की जाए। निर्धारित दवा संयोजन में क्लोरफेनिरामाइन मैलेट और फिनाइलफ्राइन शामिल हैं। इसका इस्तेमाल अक्सर सामान्य सर्दी के लक्षणों के इलाज के लिए सिरप या गोलियों में किया जाता है। यह प्रतिबंध का फैसला दुनियाभर में 141 बच्चों की मौत के मद्देनजर लिया गया है। एंटी-कोल्ड ड्रग कॉम्बिनेशन जिसे फिक्स्ड-ड्रग कॉम्बिनेशन (एफडीसी) भी कहा जाता है, इस पर नियामक का आदेश 18 दिसंबर को जारी किया गया और बुधवार को इसे सार्वजनिक किया गया। भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने कहा कि दवा निर्माताओं को अपने उत्पादों पर चेतावनी के साथ लेबल लगाने की जरूरत है कि एफडीसी का इस्तेमाल चार साल से कम उम्र के बच्चों में नहीं किया जाना चाहिए। नियामक ने कहा कि बच्चों में एंटी-कोल्ड ड्रग कॉम्बिनेशन को लेकर शिकायतें मिल रही है। इसलिए हमने यह फैसला किया है।

# फर्जी सिम लिया तो खैर नहीं, 3 साल की जेल



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा में बुधवार को दूरसंचार विधेयक, 2023 ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। यह विधेयक 138 साल पुराने भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम की जगह लेगा। इस विधेयक में सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से किसी भी देश या व्यक्ति के टेलीकॉम सेवा से जुड़े उपकरणों को निलंबित या प्रतिबंधित करने का अधिकार होने का प्रावधान किया गया है। साथ ही आपात स्थिति में मोबाइल सेवाओं और नेटवर्क पर प्रतिबंध लगाने के लिए भी प्रावधान किया गया है। नये विधेयक में उपग्रह स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए गैर नीलामी मार्ग प्रदान करने का भी प्रावधान है।

### ध्वनि मत से किया गया पारित

इस विधेयक लोकसभा में मंगलवार को पेश किया गया था। संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसे सदन में चर्चा और बहस के लिए रखा था। व्यापक चर्चा के बाद बुधवार को निम्न सदन में इसे पारित कर दिया गया। निलंबन के बाद अधिकांश विपक्षी सदस्य सदन में उपस्थित नहीं हुए थे। इस बिल को लेकर लोकसभा में अश्विनी वैष्णव ने बहस का जवाब दिया। संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ये विधेयक जनता के हित में, सार्वजनिक आपातकाल के मामले में संदेशों के प्रसारण को रोकने और अवरोधन करने का प्रावधान करता है।

### विज्ञापन के लिए पूर्व अनुमति जरूरी

विधेयक के अनुसार कंपनियों को प्रचार-विज्ञापनों के प्रसार के लिए उपभोक्ताओं की पूर्व अनुमति लेनी होगी। अधिक मूल्य की वसूली पर ट्राई सही कीमत तय करेगा। साथ ही, जांच के साथ कार्रवाई भी कर सकेगा।

### ओटीटी दूरसंचार सेवाओं की परिभाषा से होगा बाहर

नए विधेयक में उद्योग जगत की चिंताओं का ख्याल रखते हुए ओवर द टॉप (ओटीटी) या इंटरनेट आधारित कॉलिंग और मैसेजिंग को दूरसंचार की परिभाषा में नहीं रखा गया है। इससे व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे संचार सेवा मुहैया कराने वाली कंपनियों को बड़ी राहत मिलेगी।

### स्पेक्ट्रम आवंटन का प्रस्ताव

इस विधेयक से दूरसंचार कंपनियों के लिए कई अहम नियम सरल तो होंगे ही, इसके जरिये उपग्रह सेवाओं के लिए भी नए नियम भी लाए जाएंगे। इसमें उपग्रह स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए गैर-नीलामी का मार्ग उपलब्ध कराने के प्रावधान हैं। परिभाषित किया गया है कि किस परिस्थिति में प्रशासनिक तरीके से स्पेक्ट्रम आवंटित किए जाएंगे।

### प्रतिबंधित होने पर ही प्रेस संदेशों पर लगेगी रोक

विधेयक के अनुसार, केंद्र या राज्य सरकारों से मान्यता प्राप्त संवाददाताओं के भारत में प्रकाशन के लिए जारी किए गए प्रेस संदेशों को तब तक रोका नहीं जाएगा, जब तक कि उनके प्रसारण को सार्वजनिक आपातकाल, सार्वजनिक व्यवस्था के लिए लागू नियमों के तहत प्रतिबंधित नहीं किया गया हो।

यह नया विधेयक भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम 1885, भारतीय वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम 1933 और टेलीग्राफ तार (गैरकानूनी कब्जा) अधिनियम 1950 की जगह लेगा। इस विधेयक में फर्जी सिम लेने पर 3 साल जेल और 50 लाख तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। यही नहीं, विधेयक में उपभोक्ताओं को सिम कार्ड जारी करने से पहले अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक पहचान करने को कहा गया है।

# दिल्ली में कड़ाके की सर्दी देगी दस्तक, न्यूनतम तापमान 6.2

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पहाड़ों पर बर्फबारी के कारण राजधानी की सुबह शिमला, मसूरी और जम्मू से भी ठंडी रही। बुधवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री कम रहा, जबकि जम्मू का न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री, मसूरी का 6.8 और शिमला का 9.2 डिग्री सेल्सियस रहा। मैदानी इलाकों में तेजी से ठंडक दस्तक दे रही है। पहाड़ों से मैदानी इलाकों में आने वाली सर्द हवाएं ठंड और बढ़ा रही हैं। अब दिन के तापमान में भी गिरावट देखने को मिल रही है। अधिकतम तापमान 22.2 डिग्री दर्ज किया गया। गुरुवार को आसमान में बादल छाए रहने का अनुमान है। ऐसे में धूप हल्की रहेगी, इससे न्यूनतम तापमान में और गिरावट आएगी। सुबह कोहरे की मोटी चादर देखने को मिलेगी। प्रादेशिक मौसम विभाग के मुताबिक पहाड़ों पर हो रही लगातार बर्फबारी से राजधानी में ठिठुरन बढ़ रही है। आने वाले दिनों में कड़ाके की सर्दी दस्तक देगी। गुरुवार को औसतन न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहने का संभावना है।

### लोधी रोड़ का इलाका सबसे ठंडा

लोधी रोड में न्यूनतम तापमान 5.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जाफरपुर में 6.6, मुंगेशपुर में 6.8 व आया नगर में 7.6 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, पूसा में 21.7, नरेला में 23.7, रिज में 22.3 व पीतमपुरा में 23.4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेड: कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)